CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 37° C
न्यूनतम : 24° C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 23 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 5 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली संकट से निजात दिलाने के उचित कदम उठाए सरकार: मायावती पेज 2



सीएसके के कप्तान गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना खेल टाइम्स



काला सोना या देश का हरा भविष्य? सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान पेज 12

## चंद्रयान-3 का दुनिया में बजा डंका, मिला अमेरिकी प्रतिष्ठित सम्मान

**वाशिंगटन, वार्ता**

**भारत के** ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान को एक और बड़ी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवार्ड' से सम्मानित किया है।

यह सम्मान 21 मई को वाशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 ने इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वैज्ञानिक और रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र की सतह पर इससे पहले कोई मिशन नहीं पहुंच पाया था। मिशन ने भविष्य के मानव चंद्र अभियानों के लिए अहम वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध कराए। साथ ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की मिट्टी में कई महत्वपूर्ण रासायनिक तत्वों की मौजूदगी की पुष्टि की।




■ **अमेरिका ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के अंतरिक्ष विज्ञान के सर्वोच्च प्रतिष्ठित गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड से सम्मानित किया**

वैज्ञानिकों का मानना है कि ये संसाधन भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने एआईएए एएससीइएनडी 2026 सम्मेलन में स्वीकार किया। अपने संबोधन में विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पेस विजन 2047 का जिक्र किया। उन्होंने भारत की गहरे अंतरिक्ष में खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर के रोडमैप को रेखांकित किया।

### आईटीबीपी महिला दल ने एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर कीर्तिमान बनाया

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी के महिला दल ने पहली बार एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। यह दल 19 अप्रैल को आईटीबीपी के दिल्ली स्थित मुख्यालय से रवाना हुआ था। इसमें 11 महिला पर्वतारोहियों सहित कुल 14 महिला सदस्य सम्मिलित थे। भारत एवं नेपाल में चरणबद्ध प्रशिक्षण के बाद सभी 11 महिला पर्वतारोहियों ने नेपाल की ओर से 'साउथ कोल रूट' से सफलतापूर्वक एवरेस्ट शिखर की चोटी पर चढ़ाई की। दल ने 21 मई की रात 12:52 मिनट पर चोटी पर भारतीय ध्वज फहराया।

## एवरेस्ट से उतरते समय दो भारतीयों की मौत

**नई दिल्ली।** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले 2 भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने दी।

उन्होंने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही एवरेस्ट से उतरते समय बुरी तरह थक गए थे। इससे उनकी सांसें फूल गई थीं। भंडारी ने बताया कि आरे ने बुधवार को, जबकि अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम करीब 5:30 बजे एवरेस्ट को फतह किया था। अरुण तिवारी की मौत हिलेरी स्टेप के पास हुई। वहीं, संदीप अरे को शेरपा रेस्क्यू टीम कैंप-2 तक ले आई थी। कैंप पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतरोही 8 हजार 848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल हैं। अगले दिन, गुरुवार को भारत के अरुण तिवारी और लक्ष्मीकांत मंडल चोटी पर पहुंचे थे।

■ **ज्यादा थकान से सांसें फूल गई थीं**

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के केंद्रीय कार्यालयों में ईद-उल-अज़्हा की छुट्टी अब 28 मई को

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्यालयों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टी 28 मई को होगी। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, पहले छुट्टी की घोषणा 27 मई के लिए की गई थी, लेकिन अब उसे एक दिन आगे बढ़ा कर 28 मई को कर दिया गया है। गौरतलब है कि ईद-उल-अजहा मुसलमानों का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे इस्लामी महीने जिलहिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है।

### राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी जून और जुलाई माह में पूरा हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक से चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान से तीन - तीन, झारखंड से दो तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम से एक-एक सीट के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव आयोग की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 8 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 9 जून को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 11 जून रखी गई है।

### महाराष्ट्र- तमिलनाडु से 2 रास सीटों के लिए उपचुनाव 18 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। ये दोनों रिक्तियां क्रमश: श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवार और श्री सी वी षणमुगम के त्यागपत्र से उत्पन्न हुई हैं। महाराष्ट्र से निर्वाचित श्रीमती सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा की सदस्यता से 6 मई को और श्री षणमुगम ने 7 मई को इस्तीफा दिया था इनका कार्यकाल क्रमश: 4 जुलाई 2028 और 29 जून 2028 को समाप्त होना था। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार इन दोनों राज्यों से रिक्त सीटों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना 1 जून को जारी की जाएगी।

# माता-पिता IAS, तो बच्चों को आरक्षण क्यों: सुप्रीम कोर्ट

## सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर कोर्ट ने जताई चिंता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि अगर माता-पिता दोनों आईएएस अफसर हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए। शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। ऐसे में अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने ये कमेंट तब किया। जब वे कर्नाटक हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता को क्रीमी लेयर के आधार पर आरक्षण के दायरे से बाहर रखा गया था। क्योंकि उसके माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। यह मामला कर्नाटक में 'कुरुबा' समुदाय से जुड़े एक उम्मीदवार का है। कर्नाटक के पिछड़े वर्गों की सूची में इस समुदाय को श्रेणी 2(ए) के तहत रखा गया है। उम्मीदवार यानी याचिकाकर्ता का कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक इंजीनियर के पद पर सिलेक्शन हुआ था। उसकी आरक्षित कोटे के तहत नियुक्ति की गई थी। हालांकि, जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने उम्मीदवार को जाति प्रमाण पत्र देने से इन्कार कर दिया और कहा कि वह क्रीमी लेयर के दायरे में आता है। उम्मीदवार के परिवार की सालाना आमदनी लगभग 19.48 लाख आंकी गई थी। अधिकारियों ने पाया कि उसके माता-पिता दोनों ही सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी कुल आमदनी, 'क्रीमी लेयर' के लिए तय की गई सीमा से ज्यादा है। नियमों के अनुसार ओबीसी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' की मौजूदा आय सीमा सालाना 8 लाख रुपये हैं।



### सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिन परिवारों ने सामाजिक और आर्थिक रूप से तरक्की कर ली है, उन्हें भी आरक्षण के फायदे मिलते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा और बेहतर आर्थिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक रुतबे में भी सुधार आता है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक, लेकिन सबको नहीं। इसमें कुछ संतुलन चाहिए।

**कहा: अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे**

# दुनिया की 22 सबसे हॉट सिटी सभी भारत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **यूपी के 13 शहर इनमें शामिल, 35 शहरों में रात में भी गर्म हवाएं चलीं, कई राज्य में स्कूलों के टाइम बदले गए, बांदा फिर टॉप पर**

**नई दिल्ली।** देश को अगले 3 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। यह सभी शहर भारत के हैं। इनमें 13 शहर उत्तर प्रदेश के हैं।

ओडिशा का बोलांगीर और बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म रहा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बिहार के पटना और गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। मधेपुरा और सहरसा में गुरुवार को बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। पंजाब सरकार ने सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। 23 मई को राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी।



छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है। 24 मई को बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमसभरा मौसम बना रह सकता -शेष पृष्ठ दो पर

## नीट पेपर लीक: पुणे की फिजिक्स टीचर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को 11वां आरोपी गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मनीषा संजय हवलदार के रूप में हुई है।

वे पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला कॉलेज में टीचर हैं। मनीषा नीट परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं। एनटीए ने उन्हें एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। मनीषा की फिजिक्स के क्वेश्चन पेपर तक पहुंच थी। अप्रैल 2026 में उन्होंने फिजिक्स से संबंधित कुछ सवाल अन्य आरोपी मनीषा मंधारे के साथ शेयर किए थे। मनीषा को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। अब तक, इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहल्यानगर से कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था।

■ **एनटीए ने एक्सपर्ट के तौर पर किया था शामिल**

## शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दें: अभिजीत

**नई दिल्ली -ब्यूरो।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सोशल मीडिया पेज बनाने के 7 दिन बाद पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। वहीं सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं।

दीपके ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आज हम एक पिटीशन शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा इस पिटीशन पर साइन कीजिए, ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सके। उधर कॉकरोच जनता पार्टी पेज के इंस्टाग्राम पर अचानक लोकप्रिय होने से उसके फाउंडर अभिजीत दीपके के माता-पिता बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं। उन्हें डर है कि उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ सकता है। उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। अभिजीत के पेरेंट्स भगवान और अनीता दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रहते हैं। दोनों ने गुरुवार को एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि हम अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते -शेष पृष्ठ दो पर




■ **कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर के माता-पिता बोले- दो रातों से नहीं सोए, डर है बेटा गिरफ्तार न हो जाए**

# उमर खालिद-शरजील को SC से राहत नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने संकेत दिया कि आदेश शुक्रवार के दौरान या फिर 25 मई को सुनाया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने साफ कहा कि दोनों आरोपियों को जमानत से इन्कार इसलिए नहीं किया गया, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 21 को कम महत्व दिया गया, बल्कि उनके कथित रोल और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया था। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि वह हालिया फैसलों में की गई टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कानूनी पहलुओं को व्यापक स्तर पर देखने की जरूरत है। कोर्ट की इस टिप्पणी को यूएपीए मामलों में बेल को लेकर भविष्य की सुनवाई के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अदालत ने एक अहम कानूनी सवाल को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। यह सवाल इस बात से जुड़ा है कि क्या लंबे समय तक जेल में रहना और ट्रायल में देरी, यूएपीए जैसे सख्त कानूनों के तहत जमानत पर लगी कानूनी पाबंदियों को पीछे छोड़ सकती है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत और अधिकारिक फैसला जरूरी है। अदालत ने मामले को भारत के सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजते हुए उचित बड़ी बेंच गठित करने का निर्देश दिया।

■ **UAPA में जमानत पर बड़ी बेंच करेगी सुनवाई**

### दिल्ली HC से उमर खालिद को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत एक जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए एक लाख रुपये का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के लेखकों को हटाने का आदेश वापस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी बुक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले दिया फैसला बदल दिया है।

11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन तीन शिक्षाविदों ने विवादित हिस्सा लिखा। उन्हें हटा दिया जाए और दोबारा काम न दिया जाए। अब शुक्रवार को तीनों शिक्षाविदों की याचिका पर कोर्ट ने आदेश बदलते हुए कहा कि केंद्र, राज्य, यूनिवर्सिटी और सरकारी फंड पाने वाले संस्थान इस मामले में खुद फैसला लें। मामले में जिन 3 शिक्षाविदों का नाम आया था। उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन लोगों ने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और छात्रों के सामने न्यायपालिका की नकारात्मक छवि दिखाई। अब कोर्ट ने यह टिप्पणी वापस ले ली है। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडिशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्च के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है। यहां सुप्रीम कोर्ट में 81 हजार, हाईकोर्ट्स में 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। 24 फरवरी को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया।



■ **एनसीईआरटी मामले में सुप्रीम कोर्ट बोला- कंटेंट पर सवाल, व्यक्ति पर नहीं, लिखने वालों पर सरकार फैसला करे**

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### नया बिजलीघर बनाना सरकार के वश में नहीं: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में व्याप्त बिजली संकट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि बिजली के नए संयंत्र लगाना सरकार के वश की बात नहीं है। यादव ने एक्स पर लिखा कि बिजली के नए प्लांट लगाना तो आपके बस में था नहीं, न ही आपकी तंग सोच में। मुंह से ये कह ही देते '3 गुना 660 सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट' तो गर्मी में झुलसते प्रदेशवासियों को सुनकर ही थोड़ी राहत मिल जाती। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुराज में उप्र में बिजली की सिर्फ 'मांग' बढ़ रही है या 'दाम' बढ़ रहे हैं, सप्लाई-आपूर्ति नहीं। भाजपा राज, यूपी खस्ताहाल। उन्होंने अपने संदेश के साथ स्मार्ट नगर, लखनऊ, राजधानी, उत्तर प्रदेश शब्द भी जोड़े। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है और कई जिलों से बिजली कटौती की शिकायतें मिल रही हैं।

### गंगा में स्नान करते समय बीयर पीने का वीडियो वायरल

**वाराणसी।** धार्मिक नगरी काशी में गंगा में नाव पर बिरयानी पार्टी के बाद स्नान करते समय एक युवक द्वारा बीयर पीने का मामला सुर्खियों में है। शुक्रवार को 'द बनारस बार एसोसिएशन' के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ के काशी क्षेत्र के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने दशाश्वमेध पुलिस को लिखित शिकायत कर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की मांग की है। त्रिपाठी ने बताया कि सुबह सोशल मीडिया अकाउंट देख रहे थे, तभी एक वीडियो उनके सामने आया जिसमें एक युवक गंगा में स्नान करते हुए बीयर पी रहा है।

# 19 लोगों को गन लाइसेंस किस आधार पर दिए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में बढ़ते गन कल्चर और हथियार लाइसेंस के दुरुपयोग पर बेहद सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है और इससे कानून का राज कमजोर होता है। योगी सरकार सभी जिलाधिकारियों, पुलिस कमिश्नरों और एसएसपी से इस मामले में जवाब मांगा गया है। कोर्ट ने पूछा कि आखिर ऐसे लोगों को लाइसेंस किस आधार पर दिए गए?

इलाहाबाद हाई कोर्ट में जय शंकर उर्फ बैरिस्टर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रदेश में हथियार लाइसेंस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने कहा कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में आर्म्स एक्ट और उससे जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। अदालत ने माना कि हथियार लाइसेंस जारी करने, नवीनीकरण और ट्रांसफर की प्रक्रिया में भारी



■ इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार से मांगा जवाब

लापरवाही बरती जा रही है। इस दौरान हाई कोर्ट के सामने राज्य सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। प्रदेश में अब तक 10 लाख 8 हजार 953 हथियार लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं, साथ ही 23 हजार 407 आवेदन अभी भी लंबित हैं। एक हजार 738 अपीलें कमिश्नरों के पास लंबित हैं। 6 हजार 62 ऐसे लोगों को लाइसेंस दिए गए हैं, जिन पर दो या उससे ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए पूछा कि आखिर ऐसे लोगों को हथियार लाइसेंस किस आधार पर दिए गए? हाईकोर्ट ने कहा कि हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन समाज में डर और असुरक्षा का माहौल पैदा करता है। अदालत ने साफ कहा कि आत्मरक्षा के नाम पर 'गन कल्चर' को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता। कोर्ट के मुताबिक हथियारों का खुलेआम प्रदर्शन सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ता है और कानून व्यवस्था पर गलत असर डालता है। जिन लोगों की डिटेल मांगी गई हैं, वो हैं रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया), धनंजय सिंह, सुशील सिंह, बृजभूषण शरण सिंह, विनीत सिंह, अजय मरहद, सुजीत सिंह बेलवा, उपेंद्र सिंह गुड्डू, पप्पू भौकाली, इंद्रदेव सिंह, सुनील यादव, फरार अजीम, बादशाह सिंह, संग्राम सिंह, सुल्लू सिंह, चुल. बुल सिंह, सनी सिंह, छुन्नू सिंह और डा. उदय भान सिंह।

### अगली सुनवाई 26 मई को होगी, सरकार देगी जवाब

अब सबकी नजर 26 मई को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी है, जहां सरकार और पुलिस प्रशासन को विस्तृत जवाब देना होगा।

# पूर्वी यूपी में गर्मी लेगी और विकराल रूप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और तीव्र ताप लहर का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के पूर्वी इलाके में अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोत्तरी होने के आसार है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी उष्ण लहर से लेकर भीषण उष्ण लहर चलने की संभावना है। अगले 48 घंटों के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी होने के आसार हैं। विभाग द्वारा जारी उष्ण लहर बुलेटिन के अनुसार बीते 24 घंटों में प्रयागराज, सुल्तानपुर और गाजीपुर का अधि. कतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया, जबकि लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर नगर, वाराणसी, बहराइच, बांदा, मुजफ्फरनगर और मेरठ समेत कई



■ अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री तक की बढ़ोतरी होने के आसार

जिलों में तापमान सामान्य से ऊपर रहा। बीते दिन वाराणसी (बीएचयू), प्रयागराज, बांदा, सुल्तानपुर, गाजीपुर, उरई, हमीरपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ में लू और भीषण लू की स्थिति दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, संत रविदास नगर और जौनपुर जिलों में भीषण लू चलने की आशंका है। वहीं सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, आगरा, झांसी और ललितपुर समेत कई जिलों में अत्यधिक गर्म हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने आगरा, बहराइच और गोरखपुर में हीट इंडेक्स 50 से 60 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना जताई है, जबकि मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर और रायबरेली समेत कई जिलों में यह 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे तक धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है। विभाग ने मजदूरों, बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा है।

# बिजली संकट से निजात दिलाने में कदम उठाए सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती पर चिंता जताते हुए कहा कि सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए।

सुश्री मायावती ने एक्स पर जारी संदेश में कहा कि बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदाई बन गया है। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों व उसको लेकर विशेषकर गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारियों व अन्य करोड़ों मेहनत. कश लोगों का जीवन



■ बसपा प्रमुख मायावती ने की मांग

अति-कष्टदाई बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है। सरकार से अपील है कि वह बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे। साथ ही नए बिजलीघर आदि के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

## पहले उत्तर प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफिया राज से होती थी: सीएम योगी

# विकसित राज्य के रूप में पहचान बना रहा यूपी

देवरिया, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान 'एक जिला एक उत्पाद', सुशासन, कानून के राज और तेजी से विक. सित हो रहे राज्य के रूप में बन रही है, जबकि पहले प्रदेश की पहचान गुंडाराज और माफियाराज से होती थी।

योगी शुक्रवार को देवरिया शहर से सटे पोखरभिडा गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 655 करोड़ 45 लाख रूपए लागत की 19 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि देवरिया की जनता ने भाजपा को जिले की सातों विधानसभा सीटों पर विजय दिलाई



■ देवरिया के पोखरभिड़ा गांव में आयोजित जनसभा में बोले सीएम योगी राज्य में अब कानून व्यव्यथा बेहतर

थी और सरकार ने भी जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित विकास योजनाओं को स्वीकृति देकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले समाजवादी पार्टी शासनकाल में प्रदेश की पहचान 'एक जिला, एक गुंडा और माफिया' के रूप में होती थी, लेकिन आज उत्तर प्रदेश 'एक जिला, एक प्रोडक्ट', सुशासन और कानून व्यवस्था के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के एक वोट की ताकत से अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बना, जबकि मथुरा, काशी, विध्यवासिनी धाम और वृंदावन जैसे धार्मिक स्थल अपनी सांस्कृतिक विरासत और पहचान के साथ विकसित हो रहे हैं। योगी ने कहा कि आज प्रदेश में महिलाएं, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों के लिए अगले चौराहे पर यमराज इंतजार करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद उत्तर प्रदेश की छवि में व्यापक बदलाव आया है। अपराध, भ्रष्टाचार और अराज. कता से बाहर निकलकर प्रदेश ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है।

### सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सबकी समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशील ढंग से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75415.35
निफ्टी 23719.30

सोना 159490 प्रति 10 ग्राम
चांदी 285000 प्रति किलो

# निजी क्षेत्र के बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के शेयरों को निवेशकों का समर्थन

मुंबई, वार्ता

निजी क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय सेवा कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन तथा इंजीनियरिंग और अवसंरचना क्षेत्र से जुड़ी कुछ चुनिंदा कंपनियों के शेयरों में लिवाली निकलने से स्थानीय शेयर बाजारों के प्रमुख शेयर सूचकांक शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में रुपये की विनिमय दर में सुधार के संकेतों से भी बाजार को समर्थन मिला।

बंबई बाजार का सेंसेक्स 231.99 अंक या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 75,415.35 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 64.60 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,719.30 पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह 75,260. 39 पर खुलने के बाद ऊपर में 75,810.97 और नीचे में 75,230.75 अंक तक गया था। कल बाजार 75,183.36 पर बंद हुआ था। इसी तरह निफ्टी 50 सुबह 23,671.20 पर खुल कर ऊपर में 23,835. 65 और नीचे में 23,671 तक गया था। बीएसई में आज साप्ताहिक कारोबार के आखिरी दिन 15 शेयर



लाभ में और 15 हानि में रहे। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में ट्रेन्ट 3.01 प्रतिशत, एक्सिस 2.52 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.77 प्रतिशत, एशियन पेंट 1.56 प्रतिशत और हिंदुस्तान लीवर 1.06 प्रतिशत लाभ में रहा। एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, अल्ट्रासीमेंट, बजाज फिनसर्व, इंडिगो ओर रिलायंस भी लाभ में रहे। सनफार्मा, आईटीसी, पावरग्रिड, भेल, भारती एयरटेल और इन्फोसिस जैसे कई प्रमुख शेयरों में 2.43 प्रतिशत से 0.61 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सेंसेक्स में शामिल सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अन्य कंपनियों के शेयर भी गिरावट में बंद हुए। पूरे दिन कारोबार के दौरान बाजार में उतार.चढ़ाव बना रहा।

### सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई है। एमसीएक्स पर सोना करीब 700 रुपये सस्ता हुआ है, जबकि चांदी की कीमत में 1,600 रुपये की गिरावट आई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमत बढ़ी है और साथ ही डॉलर इंडेक्स भी मजबूत हुआ है। इससे फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इसका असर सोने और चांदी की कीमत पर देखने को मिल रहा है। गुड रिटर्नस के मुताबिक 24 कैरेट वाला सोना 440 रुपये की गिरावट के साथ 1,59,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर ट्रेड कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 1,46,200 रुपये पर आ गया। 18 कैरेट वाले सोने की कीमत 330 रुपये गिरकर 1,19,620 रुपये रह गई। चांदी 2,85,000 रुपये प्रति किलो के भाव पर ट्रेड कर रही है। बीते सत्र में बाजार बंद होने तक राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 5,000 रुपये उछली।

# भारत-साइप्रस में हुए छह समझौते

## रक्षा, साइबर सुरक्षा आदि शामिल, आठ घोषणाएं भी की

नई दिल्ली, वार्ता

भारत और साइप्रस ने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने के साथ-साथ रक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और समुद्री सहयोग समेत छह क्षेत्रों में समझौतों पर हस्ताक्षर किये और संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में आठ घोषणाएं भी की।

भारत की तीन दिन की यात्रा पर आये साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडूलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विवपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच जिन छह समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए उनमें आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना, वर्ष 2026-2031 के लिए रक्षा सहयोग रोडमैप, साइप्रस के अनुसंधान, नवाचार और डिजिटल नीति उप मंत्रालय तथा भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच नवाचार और प्रौद्योगिकी सहयोग संबंधी समझौता शामिल है। भारत और साइप्रस ने साइबर सुरक्षा संवाद और कांसुलर संवाद शुरू करने पर भी सहमति जताई, जबकि साइप्रस के लारनाका संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच खोज एवं बचाव सहयोग को लेकर तकनीकी व्यवस्था पर भी हस्ताक्षर किये गये। यात्रा के दौरान कूटनीतिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान, तथा वर्ष 2026-2030 के लिए सांस्कृतिक सहयोग से जुड़े समझौते भी किए गए। एक महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक कदम के तहत साइप्रस ने व्यापार, संपर्क और समुद्री परिवहन स्तंभ के अंतर्गत भारत की हिन्द प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने की घोषणा की। भारत ने साइप्रस को ष्भारत स्वास्थ्य पहल सहयोग, हित एवं मैत्री (भीष्म) क्यूब उपहार स्वरूप देने की घोषणा की। दोनों देशों ने 18 मई को पहली बार ष्भारत-साइप्रस अंतरिक्ष दिवसष मनाकर अंतरिक्ष क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को भी रेखांकित किया।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दुनिया की...** है। केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज समेत 10 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य का बांदा गुरुवार को लगातार 5वें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। इसके अलावा प्रयागराज में 46.6 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 45.6 डिग्री सेल्सियस, हमीरपुर और सुल्तानपुर में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। हरियाणा में गर्म रात का 38 साल का रिकॉर्ड टूटा। गुरुवार का भिवानी में रात का तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो साल 1988 में 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। इसके अलावा राज्य का सिरसा सबसे गर्म शहर रहा, यहां अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड: 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट, मसूरी समेत हिल स्टेशनों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार, नैनीताल में स्कूलों का समय बदला उत्तराखंड के 6 जिलों में आज हीटवेव और 5 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मसूरी, नैनीताल और लैंसडाउन जैसे हिल स्टेशनों में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ज्यादा पहुंच रहा। शुक्रवार को नैनीताल में स्कूलों का समय बदला गया है। पंजाब सरकार ने गर्मी की वजह से सरक. ारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। स्कूलों के आदेश सभी क्लासेज के लिए होंगे। यह आदेश सोमवार यानी 25 मई से लागू होंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए ये फैसला लिया है।

**शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र...** थे। अभिजीत के इस कदम के बारे में सुनकर हमारी रातों की नींद उड़ गई है। भगवान दीपके ने कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है। चाहे उसके कितने भी फॉलोअर्स क्यों न हों। उसने खुद भी भारत लौटने पर गिफ्तार होने का डर जाहिर किया है। वह मशहूर हो गया है, और ऐसे लोगों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है। पिछली दो रातों से मैं इसी चिंता में सो नहीं पाया हूं कि उसके साथ क्या हो सकता है। अभिजीत की मां ने कहा कि हमें कॉकरोच पार्टी के बारे में अपने एक पड़ोसी से पता चला था। मैं चाहती हूं बेटा राजनीति से दूर रहे। वह 'आप' के साथ काम कर चुका था। उस समय भी मैंने उससे कहा था कि हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उसे कोई नौकरी कर लेनी चाहिए।

### विकसित हुई किफायती और उच्च-प्रदर्शन वाली थर्मल बैटरी सामग्री

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने ऐसी किफायती तथा उच्च-प्रदर्शन वाली तापीय ऊर्जा भंडारण सामग्री विकसित की है जो कें. द्रित सौर ऊर्जा (सीएसपी) संयंत्रों और औद्योगिक अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति प्रणालियों में उपयोग होने वाली थर्मल बैटरियों की क्षमता को काफी बढ़ा सकती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आज बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (एआरसीआई) के शोधकर्ताओं ने थर्मल ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों के लिए स्पिनेल नैनो कम्पोजिट फेज चेंज मटेरियल (पीसीएम) विकसित करने की एक लागत प्रभावी और बड़े पैमाने पर अपनाई जा सकने वाली प्रक्रिया तैयार की है। उन्होंने कहा कि शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि फेज चेंज मटेरियल में केवल एक प्रतिशत स्पिनेल ऑक्साइड नैनोकण मिलाने से उसकी विशिष्ट ताप क्षमता में करीब 45 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई। विशिष्ट ताप क्षमता किसी पदार्थ की ऊष्मीय ऊर्जा संग्रहित करने की क्षमता को दर्शाती है। नैनोकणों के बेहतर फैलाव से सामग्री की सतह ऊर्जा बढ़ती है।

# नीट पेपर लीक की जिम्मेदारी लें मोदी व प्रधान

## परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया है और 2024 के पेपर लीक की सच्चाई छिपाने का प्रयास किया है, जिससे लाखों छात्रों का नुकसान हुआ है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षा धांधलियों और पेपर लीक मामलों की सच्चाई दबाने का काम कर रही है तथा नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक मामले को नकारने की कोशिश की जाती रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही मोदी सरकार और उसका तंत्र पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई



दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ था। रमेश ने कहा कि यदि यह दावा सही है, तो यह बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली बेईमानी है, क्योंकि परीक्षा से पहले कथित तौर पर एक 'गेस पेपर' विद्यार्थियों के बीच प्रसारित हो रहा था, जिसमें वास्तविक परीक्षा में आए दर्जनों प्रश्न शामिल थे। उन्होंने सवाल किया कि यदि इसे पेपर लीक नहीं माना जा रहा है, तो फिर इसे क्या कहा जाएगा और सरकार अब इसे नकारने की कोशिश क्यों कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इससे पहले भी नीट-यूजी 2024 में सामने आई व्यापक अनियमितताओं को दबाने की कोशिश कर चुकी है।

### धांधलियों को छिपाने में जुटा है एनटीए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए जिस राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन किया था, वह परीक्षा धांधलियों तथा अनियमितताओं की सच्चाई छिपाने का काम में जुटी है और अब नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही सरकार और उसका तंत्र परीक्षा माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया कि नीट-यूजी 2026 का पेपर लीक नहीं हुआ।

# करंट लगने से किशोर की हुई मौत

## परिजनों में मचा जबरदस्त कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढ़ाना। गांव जौला में शुक्रवार के दिन एक दर्दनाक हादसे में 14 साल के किशोर की बिजली का करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के जौला गांव के मौहल्ला कम्मा गढी निवासी ताहिर पुत्र इदरीश का लगभग 14 वर्षीय बेटा कैफ शनिवार के दिन गांव जौला में नूरानी मस्जिद के पास स्थित सत्ते की डेयरी पर गया था। जब वह भैंसों को निहार कर रहा था तो खोर के पास नंगे विद्युत तार से उसका हाथ छू गया। जिससे उसकी करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गयी। इस दौरान मौके पर कोई भी ग्रामीण नहीं था।

कुछ देर बाद जब कैफ घर नहीं पहुंचा तो परिजन डेयरी पर पहुंचे तो भैंसों की खोर में कैफ को मृत अवस्था में देखते ही उनकी चीख निकल गयी। परिजन आनन फानन में मृतक कैफ को लेकर अस्पताल की ओर दौड़े लेकिन डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

किशोर की अचानक हुई मौत से परिजनों में चीख पुकार मच गयी और पूरे मोहल्ले में मातम पसरा गया।

मौके पर मौजूद मिले ग्रामीणों ने बतलाया कि कैफ बहुत ही हंसमुख और मिलनसार स्वभाव का था। उसकी मौत की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना पर बुढ़ाना पुलिस मोके पर पहुंची। तब पुलिस ने कैफ के शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इंकार किया है। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### उपचार के चलते घायल ग्रामीण की हुई मौत

**भौराकलां।** थाना भौराकलां क्षेत्र के ग्राम भौराकलां में बीती 05 मई की देर शाम हुए सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भौराकलां की निवासी सुनीता पत्नी सतपाल सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीती 05 मई की शाम करीब साढ़े 07 बजे उनके पति सतपाल पुत्र सुरता सिंह साइकिल से जितेन्द्र पुत्र राजेन्द्र के भटे से घर वापस आ रहे थे। रास्ते में गांव भौराकलां में सोसाइटी खाद बीज की दुकान के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। हादसे में सतपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां कई दिन तक इलाज चला लेकिन बीती 10 मई को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पीड़िता सुनीता ने थाना भौरांकलां के थाना अध्यक्ष से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उधर भौराकलां पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कूकड़ा चौकी पर हुआ दो पक्षों में विवाद

## पैसे के लेन-देन को लेकर शुरू हुआ मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी क्षेत्र की चौकी कूकडा पर घमासान हो गई। घटना के पीछे एक युवक को पुलिस चौकी पर लाया गया था। जहां परिजनों ने पुलिस पर एकतरफा कार्यवाही, अभद्रता, जैसे आरोप लगाते हुए काफी देर तक हंगामा किया। यह मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ, जहां एक पक्ष ने पुलिस पर कई सवाल खडे कर दिये।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के कूकडा चौक पर ऋतिक नामक युवक चाऊमीन का ठेला लगाता है। इसी से वह अपने परिवार का पालन पोषण करता है। बताया जाता है कि क्षेत्र का ही सूरज जैन के उस पर 6 हजार रूपये और पवन नाम युवक के करीब 7 हजार रूपये बकाया थे। पवन त्यागी व उसके साथी पैसे के लेन-देन को लेकर ऋतिक के ठेले पर पहुंचे जहां दोनों पक्षों में पैसो के लेन-देन को लेकर कहासुनी हो गई। काफी देर गहमागहमी चलती रही। विवाद काफी तक बढता रहा जहां ऋतिक का ठेला हटाने का प्रयास किया और मारपीट का भी आरोप लगाया गया। दी गई सूचना के बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को कूकड़ा चौकी ले गई। कूकडा चौकी पर भी यह मामला शांत नही हुआ इस दौरान पुलिसकर्मी ऋतिक को गाडी में बेठाकर ले जाने लगे तो मां ने उसे छुडाने का प्रयास किया। इस दौरान ऋतिक को छुडाने को लेकर उसकी मां व युवकों के बीच काफी गहमागहमी शुरू हो गई। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। महिला का कहना है कि उसका बेटा नाबालिग है। उसने पुलिस पर मारपीट का भी आरोप लगाया। जब मामला बढ गया तो दूसरा पक्ष यहां से चलता बना।

पुलिस को इस मामले में शांति भंग की कार्यवाही करनी पडी। महिला ने एक पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये तो कूकडा चौकी पुलिस ने महिला के आरोपों को खारिज कर दिया। कुल मिलाकर पैसो को लेकर चौकी पर पहुंचा विवाद काफी देर तक चर्चाओं में रहा।

### एसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर ने खालापार, नई मंडी, मंसरूपुर खतौली में पडने वाले कांवड मार्ग का निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

आगामी कांवड यात्रा 2026 को सकुशल सुरक्षित व व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए एसपी सिटी अमृत जैन खालापार, मंसूरपूरपुर, खतौली, मंडी में पडने वाले कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड मार्ग पर याताया व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों, डायवर्जनों पाईट, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, पार्किग स्थल, सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न करना पड। उन्होंने इस सम्बन्ध में स्थानीय लोगों व व्यापारियों से भी विचार विमर्श किया।



मुजफ्फरनगर: भीषण गर्मी के चलते सूनी पड़ी शहर की मुख्य सड़कें।

# ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहायक सभांगीय परिवहन विभाग ने जनपद में ओवरलोड व नियम विरूद्ध चलाये जा रहे वाहनो के विरूद्ध संघन अभियान चलाया। इस दौरान विभागीय टीम ने जनपद के कई मार्गो पर वाहनों को रोककर जांच पडताल की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही भी की गई। इस दौरान प्रवर्तन विभाग के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सुशील कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ वाहनों की चैकिंग के लिए निकले थे। टीम ने ओवरलोड तीन वाहन और नियमों को उल्लंघन करने में एक ट्रैक्टर को अपने कब्जे में कर लिया। विभागीय अधिकारियो का कहना है कि अभियान के दौरान पकडे गये वाहनों पर 2,12,000/- रूपये से अधिक का जुर्माना किया गया है।

बता दे कि जनपद में तेज गति, तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहनों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। कई सडक हादसे ऐसे भी हो चुके है जिनमें कई-कई लोगों की जान भी चली गई। कही स्कूली बस से दुर्घटनाएं हो रही है तो कही तेज रफ्तार कार छोटे वाहनों को कुचल रही है। इतना ही नही छोटे वाहनों की अधिक गति लगातार लोगों की जान ले रही है। कई हादसे तो ऐसे हुए जिनमें कार व बाइक पीछे से बडे वाहन में घुस गई।




मुजफ्फरनगर: लोकसभा में विपक्ष के विरोध पर निन्दा करते उ.प्र.व्यापार संगठन के पदाधिकारी।

# चिकन सैंटर की वायरल वीडियो पर रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मीनाक्षी चौक स्थित आलिया मिन चिकन सैंटर के विज्ञापन में शिव चौक दिखाने पर हिन्दू संगठनों ने आक्रोश जताया है। अलग-अलग संगठनों ने एक वीडियो वायरल कर उस पर कार्यवाही की मांग की है। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने अपनी ओर से बयान जारी किया है।

मीनाक्षी चौक पर आलिया मिन चिकन सैंटर के नाम से एक दुकान है। इस सैंटर का प्रमोछनल विज्ञापन बनाया गया। जिसमें सोशल मीडिया पर इसकी वीडियो वायरल हुई। कुछ लोगों ने वायरल वीडियो को देखा तो इस पर कड़ा रूख दिखाया। लोगों ने गुस्से का इजहार किया। हिन्दू संगठनों ने वायरल वीडियों व दिखाये गये शिवचौक का दृश्य की कडी प्रतिक्रिया की। अलग-अलग संगठनों ने अपने-अपने बयान जारी करते हुए कार्यवाही की मांग की। हिन्दू संगठनों का कहना था कि हृदय स्थली और सनातनी आस्था का मुख्य केन्द्र शिवचौक, मंदिर का दृश्य दिखाये जाने पर उस पर तीखी आपत्ति जताई। बता दे कि मीनाक्षी चौक पर आलिया मीट सैंटर ने अपने प्रचार प्रसार के लिए एक वीडियो बनाकर उसको वायरल कराई थी। इस पर हिन्दू संघर्ष समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह पंवार (साधू)ने आपत्ति जताई। हिन्दू युवा वाहिनी के प्रहलाद पाहूजा ने भी अपने बयान में वीडियो पर कडी नाराजगी जताई। उधर बिट्टू सिखेडा ने भी वायरल वीडियो के प्रति कडी नारजगी जताई। यह मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो इसमें अधिकारिक तौर पर एक बयान आया जिसमें कहा गया कि एक फूड ब्लॉकर द्वारा होटल की वीडियो बनाते समय भगवान शिव मंदिर के ऊपर लगे तिरंग का दृश्य दिखाया गया है। यूटूयबर अनस द्वारा अलयामीन होटल का फूड रिव्यू करते समय भगवान शिव मंदिर पर लगे तिरंग की सुंदरता एवं आकर्षण से प्रभावित होकर उसने उक्त दृश्य को भी अपनी वीडियो में शामिल कर लिया। अनस ने उक्त वीडियो में स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य किस धर्म अथवा समुदाय की भावनाओं को आहत करना नही था

# अल्लामा इकबाल की छात्राओं ने लहराया परचम







**मुजफ्फरनगर।** अल्लामा इकबाल यूनानी मेडिकल कालेज मुजफ्फरनगर सत्र 2019 के अंतिम वर्ष के परिणाम में छात्रओं ने लहराया सफलता का परचम ।

दिनांक 21.5.2026 को डक्क्ध भीमराव आंबेडकर बिवविद्यालय आगरा द्वारा BUMS सत्र 2019 के अन्तिम वर्ष का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें महाविद्यालय में प्रथम स्थान पर जीनत पुत्री फरहत जलील ऐडवोकेट, द्वितीय स्थान पर शिफा मिर्जा पुत्री मिर्जा नदीम तथा तृतीय स्थान पर साबिका राणा पुत्री श्री मनव्वर हुसैन ने प्राप्त किया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि उद्र सत्र के परिणाम में छात्रओं का शत प्रतिशत परिणम रहा जिस पर प्रबन्ध निदेशक तस्लीम उल हक ने समस्त स्टाफ सफल छात्रओं एवं उनके परिवार को मुबारकबाद दी तथा प्राचार्य डा. मुश्ताक हुसैन, वरिष्ठ प्रोफेसर डा. ऐमऐच अंसारी ने भी सफल छात्रओं को शुभकामनाए दी की कामना की एवं अपेक्षा के यह मेडिकल क्षेत्र मे अपना एवं कालेंज का नाम रोशन करेगें।

# मौ.खालिद ने नगर निगम को लेकर हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल की

**मुजफ्फरनगर।** शासन से कोई संतोषजनक जवाब न मिलने से नाखुश नगर पालिका मुजफ्फरनगर के 18 सभासदों की ओर से सभासद मौ. खालिद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल करते हुए प्रार्थना की है कि मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाये जाते वक्त इसमें शामिल होने से वंचित रहे 11 गांवों को भी शामिल किया जाये।

मौ.खालिद के अनुसार सन् 2008 में विधायक अब्दुल वारिस राव खां ने विधानसभा में नगर पालिका मुजफ्फरनगर के सीमा विस्तार का प्रस्ताव रखा था उसमें 22 गांवों को शामिल करने पर विचार हुआ था, लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने राजनीतिवश सीमा विस्तार करते हुए बझेडी, नसीरपुर, रामपुर, पचैंडाकला, मुस्तफाबाद, विलासपुर, शेरनगर, मिमलाना, शेरपुर, बामनहेडी तथा पिनना गांव को इसमें शामिल नही किया जो इन गांवों के लोगों के साथ अन्याय है। यदि इन गांवों को इसमें शामिल किया जाता तो नगर की सीमा में कोई विंसगति नही रह जाती और विकास के लिए पर्याप्त जमीन नगर निगम को मिलती। उनकी इस याचिका पर जल्द ही हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। उनके साथ सभासद सुनीता, नौशाद, शिवम, प्रियांक, शौकत अंसारी, नौशाद, विजय, अब्दुल सत्तार, शहजाद, सतीश, अन्नु कुरैशी, नरगिस सिद्दीकी, शाहिन, आदिल, नवाब जहां, अनीता, मरजुबाना के भी हस्ताक्षर है। गौरतलब है कि पिछले महीने आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द ही मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने की घोषणा की थी।




मुजफ्फरनगर: चित्रकला प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाती छात्राएं।

# एमजी स्कूल में नेत्र शिविर लगाया

**मुजफ्फरनगर।** एमद्ग जीद्ग स्कूल में विशाल नेत्र शिविर, विशेषज्ञ डाक्टर रहेंगे मौजूद

मुजफ्फरनगर में आंखों से जुड़ी बीमारियों को लेकर बढ़ती चिंता के बीच एक बड़ा नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जाने की घोषणा की गई है। यह कैंप 24 मई 2026 को एम.जी पब्लिक स्कूल, सरकुलर रोड पर लगाया जाएगा। आयोजन सर्वजन धर्मार्थ सेवा संस्थान के सहयोग से किया जा रहा है और इसे स्व. विमलावती देवी की स्मृति से जोड़ा गया है।आयोजकों के अनुसार इस हेल्थ कैंप में सामान्य नेत्र जांच के साथ-साथ मोतियाबिंद और दूसरे नेत्र रोगों की जांच की जाएगी। जरूरत के आधार पर मरीजों को आगे के इलाज और ऑपरेशन के लिए चयनित भी किया जा सकता है। कैंप में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. स्वाति अग्रवाल मौजूद रहेंगी, जो मरीजों की जांच और मेडिकल सलाह देंगी।मुजफ्फरनगर में 24 मई 2026 को एक नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां आंखों की जांच, मोतियाबिंद स्क्रीनिंग और जरूरतमंद मरीजों के ऑपरेशन चयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सामाजिक सहयोग और हेल्थ अवेयरनेस से जुड़े इस कैंप में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डा स्वाति अग्रवाल मरीजों की जांच करेंगी। आयोजकों का दावा है कि यह शिविर हर महीने के चौथे रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा।

# बिजली कटौती को लेकर रोष, लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भीषण गर्मी के चलते जनपद में विद्युत सप्लाई आग मिचौली कर रही है। कई स्थानों पर तो ट्रांसफार्मरों में आग भी लग चुकी है। जहां विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्य को अंजाम दे रहे है। विद्युत अधिकारियों की गर्मी को लेकर छुट्टी भी रद्द कर दी गई है लेकिन इसे बावजूद भी विद्युत कटौती को लेकर लोगों में लगातार आक्रोश बढ रहा है।

जनपद के कई क्षेत्रों के लोग विद्युत विभाग पर लापरवाही व तानाशाही का आरोप लगा रहे है। इन सभी आरोपों को लेकर विद्युत विभाग छापामार कार्यवाही कर रहा है। विद्युत विभाग ने गांव कस्बा व शहर में छापे मारे। विद्युत विभाग का कहना है कि चोरी की बिजली की घटना को लेकर अभियान चल रहा है ताकि विद्युत कटौती की समस्या को सुधारा जा सके। लेकिन इसके बावजूद भी विद्युत सप्लाई बराबर आंख मिचौली कर रही है।

मंडी क्षेत्र में विद्युत कटौती को लेकर लोग सडक पर आग गये और विष्णु विहार, सुरेन्द्र नगर क्षेत्र में परेशान लोगों ने विद्युत कटौती को लेकर गुरुवार देर रात जाम लगा प्रदर्शन भी किया। क्षेत्र के लोगों का कहना था कि भीषण गर्मी से लोगों का जीना दूभर हो रहा है और ऊपर से लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे लोगों का जीना दूभर हो रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पिछले कई दिनों से रात हो या दिन कई-कई घंटो की कटौती की जा रही है। जिसको लेकर बच्चों व बुजुर्गो का बुरा हाल है।

जिस समय लोग जाम लगाकर प्रदर्शन कर रहे थे उस समय रात्रि के 10 बजे थे। सूचना मिलने के बाद मंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और भीड को समझाने का प्रयास किया लेकिन लोग अपने गुस्से का इजहार करते रहे और सडक से नही हटे। इस दौरान पुलिस व भीड के बीच काफी बहस हुई। आक्रोशित लोगों ने काफी देर तक जाम नही खोला। अधिकारियों ने काफी देर बाद लोगों को समझाया ।

### मुठभेड़ में लूट का आरोपी साथी सहित गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक दुकान से मोबाईल व नकदी लूट के मामले में आरोपी को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाईल नकदी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि संजीव कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी कच्छौली से 15 मई को दो लोगों ने दुकान पर कोल्ड ड्रिंक मांगी थी और इस दोरान मोबाईल व नकदी लूट ली थी। आरोपियों के पास पिस्टल बताया गया था। पुलिस ने इसी मामले में फरमान पुत्र अय्यूब निवासी कांधला को घायल अवस्था में और सोनू पुत्र सत्यपाल, शुऐब पुत्र साबिर निवासी शामली को गिरफ्तार किया।

# पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़

## एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के दिए टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने शुक्रवार को रिर्जव पुलिस लाईन में परेड की सलामी ली और पुलिसकर्मियों को फिट रहने का पाठ पढाया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए सुझाव दिये।

एसपी सिटी अमृत जैन शुक्रवार को रिर्जव पुलिस लाईन पहुंचे और परेड की सलामी लेने के बाद यहां उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को टर्न आउट अनुशासन वर्दी की एकरूपता शारीरिक दक्षता का निरीक्षण किया। परेड का संच. ालन सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ के मिश्रा ने किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रूप से फिट रहने के लिए पुलिस लाईन के मैदान में दौड लगायी। एसपी सिटी ने पुलिसकर्मियों को शस्त्रो के सुरक्षित संचालन, रख-रखाव एवं उनके अभ्यास के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक पुलिसिंग में शारीरिक क्षमता, सर्तकर्ता एवं त्वरित प्रक्रिया के



महत्व को बताया। परेड के दौरान अलग-अलग टोलियों को ड्रिल अभ्यास भी कराया और बताया कि आपात स्थिति में किस तरह रहे और स्थिति से कैसे निपटा जाये।



मुजफ्फरनगर: विभिन्न मांगों को प्रदर्शन करती आंगनवाड़ी कार्यकत्री।

# चलती टैक्सी बनी आग का गोला, चालक समेत चार झुलसे

**शाह टाइम्स संवादाता**

**बुढ़ाना।** दिल्ली देहरादून हाईवे पर शुक्रवार की शाम एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। देहरादून से दिल्ली जा रही चलती टैक्सी में अचानक से आग लग गई। तब कार में सवार चालक समेत चारों लोगों ने कूदकर किसी तरह जान बचाई लेकिन चारों झुलस गए। ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना शुक्रवार शाम 5रू45 बजे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर के पास की है। बताया जा रहा है कि एक टैक्सी देहरादून की ओर से दिल्ली वाया देहरादून कॉरिडोर हाईवे से दिल्ली जा रही थी। टैक्सी में चालक समेत 4 लोग सवार थे। तभी अचानक कार में आग लग गई। आग लगते ही कार में सवार चारों लोग किसी तरह बाहर निकले। चीख पुकार सुनकर आसपास के वाहन दूर ही रुक गए। चालक साइड की खिड़की न खुलने के कारण चालक सबसे ज्यादा झुलस गया बाकी 3 सवार भी झुलस गये। हादसा देख खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़े और आग बुझाने का प्रयास किया और साथ ही फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही बुढ़ाना पुलिस भी पहुंच गई और सब घायलों को अस्पताल भिजवाया। लोगों के अनुसार टैक्सी चालक की हालत गंभीर है। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है बाकी 3 घायलों का इलाज चल रहा है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया कार मे शॉर्ट सर्किट की आशंका ही जताई जा रही है।

## जानसठ में बिजली के करंट से पशु की मौत

**जानसठ।** गांव पीमोडा निवासी आशु पुत्र राम सिंह का पशु राजवाहे के पास पहुंच गया था। इसी दौरान ट्रांसफार्मर से उतरा करंट पानी में फैल गया, जिसकी चपेट में आने से पशु ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और उन्होंने विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली के करंट से हादसों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। कई बार लोग तथा उनके पशु खुले तारों, जर्जर विद्युत उपकरणों और ट्रांसफार्मरों से फैल रहे करंट की चपेट में आ चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण आए दिन किसी न किसी की जान खतरे में पड़ रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब विद्युत विभाग के एसडीओ को उनके सीयूजी नंबर पर कॉल की जाती है तो अधिकांश समय फोन रिसीव नहीं किया जाता, जिससे लोगों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं हो पाता। इसको लेकर क्षेत्र की जनता में लगातार एसडीओ के खिलाफ भी रोष बढ़ता जा रहा है।

## चचेरे भाई पर धारदार हथियारों से हमला कर किया घायल

**भोपा।** थाना क्षेत्र के गांव सीकरी में दुकान पर सामान लेने गए युवक पर उसके तहेरे भाईयो ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी शाहरुख ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की देर शाम उसका भाई कसीम गांव की एक किराना दुकान पर घर का सामान लेने गया था।

आरोप है कि वहां पहले से मौजूद सूफियान,मुसेब व उनके पिता रईस अहमद ने पुरानी रंजिश को लेकर कसीम पर डंडों व तेज हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में कसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। भोपा पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुफियान, मुसेब, रईस अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कच्ची छत गिरने से विधवा महिला का आशियाना उजड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** कस्बे के मोहल्ला नमक मंडी में एक विधवा महिला के मकान की कच्ची छत अचानक भरभराकर गिर गई, जिससे घर में रखा घरेलू सामान दबकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि महिला उस समय कमरे के अंदर न होकर आंगन में सो रही थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

मीरापुर के मोहल्ला नमक मंडी निवासी विधवा महिला राजेश देवी पत्नी आदेश कुमार अपने मकान में अकेली रहती हैं। बताया गया कि गुरूवार की रात्रि वह घर के आंगन में चारपाई पर सो रही थीं। इसी दौरान देर रात अचानक मकान की पुरानी कच्ची छत भरभराकर नीचे गिर गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। पीड़ित महिला राजेश देवी ने बताया कि मकान की छत काफी पुरानी हो चुकी थी तथा लकड़ी की कड़ियां चारों ओर से गल गई थीं, जिसके कारण यह हादसा हुआ। छत गिरने से घर में रखा घरेलू सामान मलबे में दबकर खराब हो गया। महिला का आरोप है कि उसने कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन करने का प्रयास किया, लेकिन नगर पंचायत की ओर से केवल आश्वासन ही मिलता रहा और उसका आवेदन पूरा नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह पहले से ही परेशान थीं और अब मकान की छत गिर जाने से रहने का सहारा भी छिन गया है। पीड़ित महिला ने वार्ड सभासद और नगर पंचायत प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधि वोट मांगने तो आते हैं, लेकिन गरीबों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता। महिला ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और आवास उपलब्ध कराने की मांग की है।

## मीरापुर में दो पक्षों में मारपीट, कई युवक घायल

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरफपुरा में मारपीट की घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मोहल्ला सरफपुरा निवासी प्रिंस पुत्र स्वर्गीय श्रीराम ने थाना मीरापुर में दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व वह अपने भाइयों हर्षित और नैतिक के साथ घर पर मौजूद था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले के अंशुल और कपिल पुत्र बचन सिंह उनके घर पहुंचे और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों और घूंसों से हमला कर दिया, जिसमें तीनों भाई घायल हो गए। घायल युवकों के सिर में चोटें आने की बात कही गई है। वहीं आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मारपीट में शामिल दोनों भाइयों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सेंट ज़ेवियर्स डिग्री कॉलेज में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**भोपा।** मुज़फ्फरनगर-भोपा मार्ग पर स्थित सेंट ज़ेवियर्स डिग्री कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद केक कटिंग सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने मिलकर खुशी साझा की और समारोह का आनंद उठाया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें रैंप वॉक, मनोरंजक खेल तथा अन्य प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रस्तुतियों के आधार पर विद्यार्थियों को विशेष सम्मान भी प्रदान किए गए। इसमें रश्मि को मिस फेयरवेल, शगुन को मोस्ट एलीगेंट सीनियर तथा आकाश को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। कॉलेज प्राचार्या क्षमा चौधरी ने हुए कहा कि विदाई केवल एक पड़ाव है और जीवन में आगे बढ़ने के अनेक अवसर विद्यार्थियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन की यादों को साझा किया।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश से पूर्व छात्रों के लिए विशेष फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, मुजफ्फरनगर में ग्रीष्मकालीन अवकाश (समर वेकेशन) की शुरुआत से ठीक पहले छात्रों के मनोरंजन और मानसिक तरोता. जगी के लिए एक अनूठे फिल्म स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के दबाव से दूर कर एक खुशनुमा माहौल प्रदान करना था।




स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम को पूरी तरह से एक वास्तविक सिनेमा हॉल का रूप दिया गया था, जो बच्चों के लिए बेहद कौतूहल और उत्साह का विषय रहा। इस कार्यक्रम की सबसे खास बात यह थी कि छात्रों को सिनेमा हॉल की पूरी प्रक्रिया से रूबरू कराया गया। सबसे पहले छात्रों ने कतार में लगकर शटिकट खिड़कीश से अपनी-अपनी फिल्मों के टिकट प्राप्त किए।

टिकट लेने के बाद, छात्र बेहद अनुशासित तरीके से स्नैक्स काउंटर पर गए, जहाँ उन्होंने अपनी पसंद के पॉपकॉर्न लिए। इसके बाद छात्र पूरे उत्साह के साथ फिल्म देखने के लिए अंदर गए। विद्यालय के अधिकांश छोटे बच्चों के लिए यह अपनी तरह का पहला और अनोखा अनुभव था। स्कूल के भीतर ही थिएटर जैसा माहौल पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। फिल्म के दौरान बच्चों की हंसी और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गूंज उठा। फिल्म देखने के बाद सभी छात्र बेहद आनंदित और उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा जी ने विचार साझा करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले इस तरह के मनोरंजक कार्यक्रम से बच्चे न केवल तरोताजा महसूस कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने एक नया व्यावहा. रिक अनुभव भी सीखा है।

# विद्युत अधिकारियों की आज क्लास लेंगे मंत्री कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कल दोपहर 3:00 बजे विकास भवन, मुज़फ्फरनगर में विद्युत विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक बुलाई है। बैठक में डायरेक्ट कमर्शियल एन.के. मिश्रा, मुख्य अभियंता विनोद गुप्ता, अधीक्षण अभियंता सहित जनपद के सभी अधिशासी अभियंता उपस्थित रहेंगे।

भीषण गर्मी के बीच नगर में बिगड़ती विद्युत व्यवस्था को लेकर नगर विधायक एवं व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कड़ा संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को तलब किया है। नगरवासियों से लगातार मिल रही शिकायतों-बार-बार बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और आपूर्ति में अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए मंत्री कपिल देव ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक से भी वार्ता कर स्थिति में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। बैठक का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान शहरवासियों को निर्बाध एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा मौजूदा समस्याओं का स्थायी समाधान निकालना है। इसमें फॉल्ट रिस्पॉन्स टाइम में सुधार, जर्जर लाइनों के प्रतिस्थापन, ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि और अघोषित कटौती पर नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन समीक्षा की जाएगी।

## बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर घायल

**सिखेड़ा** क्षेत्र के पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के गांव निराना के पास दो बाइको की आमने सामने की भिड़त मे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गुरुवार की देर शाम नैमपाल पुत्र राजपाल निवासी गांव भिक्की अपनी बाइक से मुजफ्फरनगर जा रहा था। जैसे ही वह पानीपत खटीमा राष्ट्र राजमार्ग के गांव निराना के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद नैमपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर तुरन्त मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को सीएचसी जानसठ पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि घटना की कोई भी तहरीर नहीं आई है।

**सूचना**

हमारा पुत्र सौरभ गलत संगत में पड़ गया है उसका उठना बैठना गलत किस्म के लोगों में है और आवारागर्दी करता है वह हमारे कहने सुनने से बाहर है उसकी गलत आदतों के चलते हम अपने पुत्र सौरभ से अपने संबंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है उसके किसी भी प्रकार के लेनदेन या गलत कृत्य से हमारा कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**उम्मेद पुत्र सुगल व**
**श्रीमति राशिका पत्नी उम्मेद**
**निवासी-ग्राम अतरपुरा**
**थाना खतौली**
**जिला मुजफ्फनगर।**

# ग्रामीण बोले, प्रधान पर लगे आरोप निराधार

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव कवाल के ग्राम प्रधान पर लगाए गए आरा. ेपों को लेकर ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रधान के समर्थन में ब्यान देते हुए आरोपों को पूरी तरह निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधान द्वारा गांव में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे कुछ लोग व्यक्तिगत द्वेष के चलते गलत आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सड़क, नाली, पेयजल और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं पर तेजी से कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधान हमेशा गांव की समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध रहते हैं और जनता के हित में कार्य कर रहे हैं। कवाल प्रधान पति इस्लाम ने मीडिया कर्मियों से वार्ता करते हुए बताया कि उनके गांव के ही राजनीतिक द्वेष रखने वाले कुछ लोग अनर्गल बयान बाजी और सोशल मीडिया पर ग्राम पंचायत सचिवालय आदि पर सील लगाए जाने की फर्जी फोटो एडिट कर कर झूठी अफवाह फैला रहे है।

## वार्ड नंबर 13 और 14 में हुए दो विद्युत फाल्ट

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को वार्ड नंबर 14 में स्थित अजीज फातिमा हाई स्कूल के पास और वार्ड नंबर 13 की कमल मार्केट में अलग अलग समय में अचानक से दो विद्युत फाल्ट हो गये। भीषण गर्मी में अचानक बिजली गुल होने से लोग बेहाल हो गए। घरों में लगे कूलर पंखे बंद हो गए और दुकानदारों का काम भी ठप हो गया। विद्युत फाल्ट की सूचना वार्ड नंबर 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने तुरंत नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी को दी। मामले की गंभीरता और भीषण गर्मी को देखते हुए अध्यक्षा उमा त्यागी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने बिना देरी किए बिजली विभाग के लिए नगर पंचायत की लिफ्ट को मौके पर भिजवाई। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने लिफ्ट की मदद से फाल्ट को दुरुस्त किया और कुछ ही देर में दोनों वार्डों की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी। बिजली आते ही लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों ने समय पर कार्रवाई के लिए सभासद इमरान कुरैशी व अध्यक्षा उमा त्यागी का आभार जताया।

# बुढ़ाना में मनेगी राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती

**बुढ़ाना।** पुण्य श्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती पर 30 मई को बुढ़ाना में एक भव्य कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को अपने कई समर्थकों संग बुढ़ाना क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 30 मई को प्रात साढ़े 10 बजे बुढाना कस्बे के भारत टॉकीज के निकट स्थित श्री शिव मंदिर पाल धर्मशाला में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा पूजन से होगा। उसके बाद समाज के सब लोग विचार संगोष्ठी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रात 11 बजे शंकर पैलेस में विचार संगोष्ठी आयोजित होगी। संगोष्ठी में होल्कर के जीवन, उनके सुशासन, न्यायप्रियता व लोक कल्याणकारी कार्यों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम का समापन दोपहर 1 बजे जलपान के साथ होगा। आयोजकों ने समाज के सब लोगों से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का अनुरोध किया। प्रतिमा पूजन प्रात: 10रू30 बजे, श्री शिव



मंदिर पाल धर्मशाला भारत टॉकीज के निकट, विचार संगोष्ठी प्रात 11 बजे शंकर पैलेस बुढ़ाना, जलपान शंकर पैलेस बुढ़ाना, समापन दोपहर 1 बजे होगा। कार्यक्रम को कामयाब बनाने के साथ मिशन 2027 विधानसभा बुढ़ाना के तहत सपा नेता डॉक्टर सत्येंद्र कुमार ने जनसंपर्क अभियान भी चलाया। उन्होंने समर्थकों संग जौला, बवाना, खरड़, सफीपुर आदि गांवों का दौरा किया।

# नगर से लेकर देहात तक स्कूलों में हुआ समर कैम्प में बच्चों ने लिया नृत्य व गायनों का आनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** देव पब्लिक इंटर कालेज मंसूरपुर में छात्र छात्राओं के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया । इस दौरान बच्चों ने पूल पार्टी, मांगो पार्टी नृत्य और गायन का आनंद लिया। प्रबंधक विकास बालियान ने सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**मोरना।** गांव बेहड़ा सादात में मोरना -जानसठ मार्ग पर स्थित आरजी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार को गया।आयोजित समर कैम्प में बच्चों ने विभिन्न गति. विधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया

दो दिवसीय समर कैम्प में बच्चों ने पूल पार्टी एक्टिविटी मेहंदी प्रतियोगिता क्राफ्ट जैसी एक्टिविटी में भाग लिया और खूब मस्ती की। प्रधानाचार्य बबीता कौशिक ने कहा विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक स्पूर्ति देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।। प्रबंधक रमेश चंद्र ने भी बच्चों का संवर्धन उनको इस तरह के कार्यक्रम में प्रतिभा करने के लिए प्रेरित किया। समर कैंप में समस्त समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

**मुजफ्फरनगर।** मन्सूरपुर स्थित **एमडीएस विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज** में आयोजित हो रहे समर कैंप का समापन बडे ही उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ योगाचार्य सुरेन्द्र पाल, राजसिंह पुण्डीर,प्रबन्धक सन्दीप एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार,अनिल शास्त्री एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के कर कमलों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन करके किया। बच्चों को समर कैंप में संस्काशाला, स्केटिंग, कराटे, योग, राईटिंग स्किल, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, नॉन फायर कुकिंग, मनी मैनेजमेंट, कुकिंग, कैरम, लूडो, म्यूजिकल चेयर, स्केटिंग, चौस, पॉटरी और क्ले वर्क,जुम्बा डांस, पूल पार्टी, आर्ट और क्राफ्ट, म्यूजिक आदि जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प में योगाचार्य सुरेन्द्र आचार्य एवं राज. सिंह ने बच्चों को योग, आसन, प्राणायाम एवं संस्कारशाला, नीरज सैनी ने मार्शल आर्टस, विशाल कुमार ने डांस, अर्जुन कुमार ने सिंगिग एवं अंकित खेरवाल ने स्पोर्टस, ज्योति पाल,स्वाति,पूजा त्यागी एवं पूजा शर्मा ने पेन्टिंग एवं बिजेन्द्र सिंह ने पॉटरी और क्ले वर्क, अंकिता बत्रा, साइना निशा,लता रानी एवं सपना धीमान ने नॉन फायर कुकिंग, प्रीति ने चौस का प्रशिक्षण दिया। सभी टीचर्स ने भी विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई। इस अवसर पर योगाचार्य सुरेन्द्र आचार्य, राजसिंह ने बच्चों को योग, आसन, प्राणायाम, यम-नियम एवं संस्कारों के बारे में बताते हुए खान-पान के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा कि जो चीज हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है वह हमें नही खानी है। बाहर के खाने से बचना है। घर का खाना ही खाना है। गर्मियों में पानी खूब पीना है। ध्यान रहे शिक्षा तभी अच्छी होगी जब स्वास्थ्य अच्छा होगा। कहा जाता है कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। मौसस के फल व सब्जी ही खायें बेमौसम के फल एवं सब्जी ना खायें। राजसिंह पुंडीर ने कहा कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने जो सीखा उसका आगे भी वह बेहत. रीन प्रदर्शन करते रहेंगे।

प्रबन्धक सन्दीप ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन ही मनुष्य के जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी है। जो इस समय का सदुपयोग करते है वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर जाते हैं। ऐसे में हम सब का नैतिक दायित्व बनता है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन व संस्कार युक्त बनाया जाए। इसके लिए घर एवं विद्यालय का वातावरण स्नेह,प्यार एवं संस्कार से युक्त होना चाहिये। उन्होनें कहा कि समर कैम्प से बच्चों में विभिन्न कौशलों का विकास होता है जो उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। हर विद्यार्थी को इस तरह की गति. विधियों में भाग लेना चाहिए। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समय को नियोजित करके ही अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। बच्चों ने कैम्प में काफी कुछ सीखा। यह उनके विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रदर्शन ने इस समर कैंप की सार्थकता को सिद्ध कर दिया। समय के सही उपयोग और सर्वांगीण विकास के लिए हर विद्यार्थी को इस तरह की गति. विधियों में भाग लेना चाहिए। विद्यालय हमेशा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रयासरत रहता है। कार्यक्रम सफल बनाने में ममता मलिक, रेनू चौधरी, अर्पित चौधरी,आदित्य बालियान,अंकित खेरवाल सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भागवन्ती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'आर्ट वाला' संस्था के तत्वाधान में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम अत्यंत सराहनीय रहे। जूनियर वर्ग में कक्षा 8 के छात्र दीपन भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को प्रभावित किया। कक्षा 7 की छात्रा छवि द्वितीय तथा कक्षा 6 की छात्रा आरूषी शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा 8 की नेहा, रिद्धिका पाल, आरवी जैन एवं मिष्ठी शामिल रहीं। सीनियर वर्ग में कक्षा 11 की प्रतिभाशाली छात्रा भव्या गर्ग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान एवं 'टॉपर' का गौरव प्राप्त किया। कक्षा 11 की वैष्णवी राठी द्वितीय स्थान पर तथा कक्षा 10 की नायशा तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अतिरिक्त सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाली छात्राओं में कक्षा 10 की नैना, अवनी, छवि, वैष्णवी मित्तल, पूजा तथा कक्षा 12 की गौरी चौहान शामिल रहीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सभी छात्राओं को 'आर्ट वाला' संस्था की ओर से ट्रॉफी एवं नकद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'आर्ट वाला' के प्रतिनिधि मान लोकेश जी का विद्यालय के आचार्य मान योगेश जी द्वारा पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'आर्ट वाला' की ओर से विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वंदना शर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कला विभाग प्रमुख मती रेशु सैनी जी एवं मती शालिनी ठाकुर जी को भी उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन एवं कला क्षेत्र में योगदान हेतु प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## उत्तराखंड से फरार युवती हुई बरामद

**छपार।** एक युवक ने उत्तराखंड के गढ़वाल जनपद की एक युवती से शादी की जो तीन दिन बाद ही सोने चांदी के जेवर सहित फरार हो गई। युवक के परिजनों ने युवती को उसकी मां सहित पकड़कर पुलिस को सोंप दिया है। गांव रामपुर निवासी मांगेराम ने एक बिचौलिए के कहने पर अपने पुत्र रिषभ की शादी गढ़वाल की एक युवती से 10 मई को एक होटल में की। पीड़ित का कहना है कि उसने लगभग पांच लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के गहने दिये थे और वह 13 मई को घर से बिना बताए फरार हो गई। उन्होंने उसको काफी तलाश किया ओर शुक्रवार को उक्त युवती को उसकी मां सहित हरिद्वार से पकड़ लिया और छपार थाने के सुपुर्द कर दी। पीड़ित ने युवती उसकी मां और बिचौलिए के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी युवती से पूछताछ कर रही है।

**आवश्यकता है**

एस.डी. गर्ल्स डिग्री कॉलेज
बुढ़ाना मुजफ्फरनगर को
स्नातकोत्तर स्तर पर निम्न असिस्टेंट प्रोफेसर की
एम.ए.( राजनीतिक विज्ञान )
एम.एस.सी ( वनस्पति विज्ञान )
एम.एस.सी. ( जंतु विज्ञान )
प्रत्येक 02 पद।
योग्यता व वेतन- यू.जी-सी. व विश्व० के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की सत्यापित छायाप्रतियों के साथ 07 कार्यदिवसों में आवेदन करें।
डा. दिनेश चंद्र शर्मा ( प्राचार्य ),
एस.डी. गर्ल्स डिग्री कॉलेज
बुढ़ाना मुजफ्फरनगर।
7505101020 ,8445146120
Sachinkaushik255@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र फैसल निवासी ग्राम जौला तहसील व थाना बुढाना जिला मुजफ्फरनगर मेरे कहने में नही है। घरेलू कार्य में भी कोई मदद नही करता है। मैंने अपने पुत्र फैसल को अपने व अपने परिवार से तथा अपनी चल अचल सम्पत्ति से, अपने घर, घेर, कृषि भूमि, नकद रुपये व पशु आदि सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैं अपने पुत्र फैसल के किसी अच्छे बुरे कार्य के लिए तथा रुपये पैसों के लेन देन व किसी तरह के व्यवहार के लिये जिम्मेदार नहीं हूं। अगर आज के बाद कोई व्यक्ति मेरे पुत्र फैसल से किसी तरह का लेन देन व व्यवहार रखेगा तो वह अपने अच्छे बुरे कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**प्रार्थी:- बाबू पुत्र श्री सग्गीर,**
**निवासी ग्राम जौला थाना व**
**तहसील बुढाना**
**जिला मु०नगर।**

**समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब**
**( आर्डर 5 कायदा । व 5 )**

**न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार मंसूरपुर** महोदय, जिला मुजफ्फरनगर वाद सं.... सन....
**श्रीमती मुन्नी पत्नी सीताराम** निवासी ग्राम भलवा तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। **...वादी** (क्रेता)

**बनाम**

1. छोटन पुत्र बुद्ध निवासी ग्राम भलवा तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।.....**विक्रेता** 2. श्रीमती अलका पत्नी दिनेश कुमार निवासी ग्राम सिवाया जमाउल्लापुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।.. **आपत्तिकर्ता** 3. भूमि प्रबन्धक समिति ग्राम भलवा द्वारा ग्राम प्रधान भलवा, तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।..... **कानूनी पक्षकार**

अन्तर्गत धारा 34 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम भलवा परगना व तहसील खतौली, जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस (दाखिल खारिज बैनामा) की बाबत के दायर की मैं लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 28.05.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 22.05.2026 जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार मंसूरपुर**
**( खतौली )**

**समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 ) न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय खतौली ( मु.नगर )** वाद स. -T202509550603728 सन् 2025

1. हंसराज पुत्र समय सिंह निवासी ग्राम पमनावली परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मु.नगर।...... **प्रार्थी/वादी**
**बनाम** 1. इलम सिंह पुत्र समय सिंह 2.सोनू पुत्र ओमप्रकाश 3.गुलबीर पुत्र ओमप्रकाश 4.टीटू कुमार पुत्र ओमप्रकाश 5. श्रीमती प्रकाशी पत्नी ओमप्रकाश 6. धीरसिंह पुत्र समय सिंह 7. भूपसिंह पुत्र समय सिंह समस्त निवासी ग्राम पमनावली परगना जौली जानसठ तहसील खतौली जिला मु.नगर। 8. ग्राम सभा / ग्राम पंचायत पमनावली द्वारा प्रधान ग्राम पमनावली परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर **प्रतिवादीगण**

अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 ग्राम पमनावली तहसील खतौली जिला मु.नगर

हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की मे लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के 28/05/2026 माह ई. के बावक्त 10:00 बजे दिन मे असालतम या मारफत वकील के जो मुकदमे हालात मे करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमुर तहसम मुत्ताल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर ओर जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमाला गवाही के जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद मे इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा बस्वक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारिख 15 माह 05 सन् 2026 ई. जारी किया गया।

**उपजिलाधिकारी तहसील**
**खतौली ( मु.नगर )**

# तपती धूप ने छीनी परिंदों की उड़ान, गर्मी से बेहाल होकर आसमान से गिर रहीं चीलें

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान का असर अब इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों पर भी साफ दिखाई देने लगा है। आसमान में ऊंची उड़ान भरने वाली चीलें भी हीट वेव और पानी की कमी से कमजोर होकर नीचे गिर रही हैं। खतौली क्षेत्र में सामने आई ऐसी घटनाओं ने पशु प्रेमियों और वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

खतौली चौपला स्थित एक ऊंची स्ट्रीट लाइट पर लंबे समय से कई चीलों ने घोंसले बना रखे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से तेज गर्मी के कारण चीलें बेहद कमजोर नजर आ रही थीं। इसी दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में चीलों के अचानक नीचे गिरने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही बरकत होटल के संचालक एवं एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर के संस्थापक पुनीत अरोरा मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से घायल चीलों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर प्राथमिक उपचार कराया।

पुनीत अरोरा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण पक्षी उड़ान के दौरान संतुलन खो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती गर्मी वन्य जीवों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है और समय रहते लोगों को संवेदनशील होने की जरूरत है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के अधिकारी दीपक चौहान भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल पक्षियों की स्थिति का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि गर्मियों में पक्षियों के लिए पानी की उपलब्धता बेहद जरूरी है। पानी की कमी और तेज धूप के कारण कई बार पक्षी बेहोश होकर जमीन पर गिर जाते हैं। पशु कल्याण संस्था के सदस्यों ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं कोई पक्षी घायल या गर्मी से परेशान दिखाई दे तो तुरंत उसकी मदद करें और वन विभाग या पशु कल्याण संस्था को सूचना दें। पुनीत अरोरा ने कहा कि हर व्यक्ति अपने घर, दुकान, छत और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर पानी से भरे बर्तन रखकर बेजुबान जीवों की जिंदगी बचाने में योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी संवेदनशीलता हजारों पक्षियों के लिए राहत बन सकती है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में समाज को आगे आकर पशु-पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

## भाजपा नेता के निधन पर जताया शोक

**चरथावल।** चरथावल क्षेत्र के पत्रकार शक्ति देव त्यागी के छोटे भाई एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय त्यागी का गुरुवार 21 मई 2026 को रोहिणी, दिल्ली स्थित उनके निजी आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। त्यागी भूमिहार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने शक्ति देव त्यागी के चरथावल स्थित आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान चेयरमेन मास्टर इस्लाम, किसान नेता अभिषेक बंशल, सादिक त्यागी, विशाल त्यागी, भूषण त्यागी, सभापति किसान सेवा सहकारी समिति, प्रवीण त्यागी किसान नेता, रमेश चंद त्यागी सहित अन्य गणमान्य लोगो ने शोक जताया हे

## ट्रेक्टर ट्राली व खनन मशीन को किया सीज

**चरथावल।** क्षेत्र मे पिछले काफ़ी समय से अवैध मिटी खनन की शिकायते मिल रही थी वही अवैध खनन की वीडियो भी सोशल मीडिया पर अनेको बार प्रसारित हो चुकी थी लेकिन खनन माफिया बाज नहीं आ रहे हे जिसके बाद चरथावल पुलिस को हिंडन चौकी क्षेत्र के गांव महाबलीपुर मे अवैध खनन की सुचना मिली जिसके बाद पुलिस ने महाबलीपुर मे छापेमारी की जिसके बाद वहा एक मिट्टी की ट्राली और खनन मशीन मोके पर मिली जिसके बाद हिंडन चौकी प्रभारी नंदकिशोर शर्मा द्वारा तुरंत मिटी की ट्रेकते ट्राली व खनन कर रही मशीन को थाने लाकर सीज कर दिया गया।

# मदीनपुर में पीडब्ल्यूडी की सड़क बनी मौत का गड्ढ़ा

## पानी भरे गहरे गड्ढों से हादसों का खतरा बना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मदीनपुर खिजरपुर में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। इस गांव की मुख्य सड़क पर जगह जगह बने गहरे गड्डे और उनमें भरे बारिश के पानी ने आने जाने वाले राहगीरों की आवाजाही बहुत ही मुश्किल कर दी है। हालात यह हैं कि रोजाना कोई ना कोई दोपहिया वाहन सवार इन गहरे गड्डों में गिरकर चोटिल हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस जर्जर सड़क पर कई बार हादसे हो चुके हैं फिर भी लोक निर्माण विभाग कुंभकर्णी नींद सो रहा है। सड़क पर बने 02 से 03 फीट गहरे गड्डो में पानी भरा रहने से बिल्कुल भी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता है और रात के समय में तो स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का निकलना भी दूभर सा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और तहसील प्रशासन से लिखित और मौखिक शिकायत की भी की जा चुकी है। हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है पर समाधान कुछ नही। अब ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। इन गड्डो के कारण इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालक ब्रेक लगाकर धीरे धीरे निकलने को मजबूर हैं। कभी कभी जाम की स्थिति भी बन जाती है। किसानों को अपने खेतों तक ट्रैक्टर ट्रॉली ले जाना भी मुश्किल हो गया है। जिससे किसानों और दुकानदारों का काम भी प्रभावित हो रहा है। सबसे अजीब बात यह भी है कि इस मार्ग से डीएम, एसएसपी और मंत्री तक गुजरते हैं लेकिन किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं जाता। अब ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि इस सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो वे बुढ़ाना तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक आकाश का हत्यारोपी गिरफ्तार

**मोरना।** क्षेत्र के गाँव सिताबपुरी के जंगल मे सिंचाई के पाइप को हटाने के दौरान हुई मारपीट में हुई युवक आकाश की हत्या में नामजद एक आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र गांव सिताबपुरी निवासी महिला अंतरेश ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि बुधवार दोपहर वह अपने 20 वर्षीय बेटे आकाश के साथ खेत में सिंचाई करने गई थी। आरोप है कि जब वह बराबर वाले खेत में गई तो इसी बीच उसके गांव के ही दो भाई नेत्रपाल व कविशर खेत पर पहुंचे और पानी के पाइप को हटाने को कहा तो आकाश ने कुछ देर ठहरने को कहा तो दोनों ने उसके बेटे के साथ मारपीट कर हत्या कर दी।तथा शव को गंगा में फेंक दिया। आसपास काम कर रहे किसानों ने युवक को बाहर निकाला। पुलिस ने युवक को सीएचसी भिजवाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने बताया कि आकाश की हत्या में एक आरोपी कविसर को पुलिस ने मोरना में शुक्रताल गेट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### अतीक का हमशक्ल दिखाना पड़ा भारी

**बुढ़ाना।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालना एक यू-टड्बर को महंगा पड़ गया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी यू-टड्बर को भाजपा मंडल अध्यक्ष की तुलना माफिया अतीक अहमद से करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आरोपी यू-टड्बर ने अपने यूटड्ब चैनल पर भाजपा के बुढ़ाना मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर को माफिया अतीक अहमद का हमशक्ल बताते हुए विगत दिवस एक पोस्ट अपलोड की थी। पोस्ट में लिखा था कि अतीक अहमद की शक्ल वाले व्यक्ति ने राजकुमार भाटी को लिया आड़े हाथों। यह पोस्ट वायरल होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष फैल गया था। पोस्ट से भाजपा नेता के मान सम्मान को ठेस पहुंचने पर मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर के समर्थकों ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह पोस्ट पार्टी की छवि धूमिल करने और नेता की मानहानि करने के इरादे से डाली गई थी। तहरीर मिलते ही बुढ़ाना पुलिस हरकत में आई और आरोपी यू-टड्बर को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट और मानहानि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी यू-टड्बर इससे पहले भी अपनी कई विवादित पोस्ट के चलते कई बार सुर्खियों में रह चुका है। हर बार कुछ नेताओं की सिफारिश पर वह बचता रहा है। इस बार पुलिस ने सख्ती दिखाकर गिरफ्तारी की है।

### जानलेवा हमले के दो और आरोपी हुए अरेस्ट

**बुढ़ाना।** एक माह पूर्व बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में अब तक कुल छह आरोपी पकड़े जा चुके हैं। यह घटना बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। अटाली गांव निवासी अमित पुत्र मांगेराम बुढ़ाना से काम करके अपने गांव लौट रहा था तो रास्ते में कुछ लोगों ने उसे घेरकर मारपीट की थी। इस हमले में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में पहले ही चार आरोपी जेल जा चुके है। फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में जुटी बुढ़ाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान हिटलर पुत्र लियाकत और अजय कश्यप के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य फरार आरोपियों की भी तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### भीषण गर्मी में बिजली कटौती से बुढ़ाना बेहाल

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती ने बुढ़ाना कस्बे और आसपास के क्षेत्र में आम जनता का जीना दूभर कर रखा है। ओवर लोड का बहाना बनाकर कई कई घंटों तक बिजली की आपूर्ति बाधित की जा रही है। जिससे लोगों में विद्युत विभाग के प्रति भारी रोष बना हुआ है। इस बारे मे जिला बार संघ मुजफ्फरनगर के अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने बिजली विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि काफी सालों से बिजली व्यवस्था सुधार के नाम पर लगातार शटडाउन लेकर बिजली काटी जाती रही है लेकिन हालात आज भी जस के तस बने हुए हैं। मरम्मत और मेंटेनेंस के नाम पर जनता को सिर्फ परेशान ही किया जा रहा है। लगातार कटौती से आम लोगों के साथ साथ व्यापारी, किसान और छात्र भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों का काम ठप है किसानों की सिंचाई नहीं हो पा रही है और छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है। रात के समय कटौती से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत झेलनी पड़ रही है। सपा नेता प्रमोद त्यागी ने आरोप लगाते हुए कहा कि यूपी सरकार और बिजली विभाग जनता को राहत देने में पूरी तरह से विफल साबित हो रहे हैं। जनता बिल समय पर जमा कर रही है फिर भी 24 घंटे में से 10 घंटे बिजली गायब रहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार न हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### भक्तों ने ठाकुर बांके बिहारी के किए दर्शन

**शाहपुर।** कस्बे के शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी नवदीप मित्तल तथा धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि रखने वाले अंकित मित्तल और ठाकुर बांके बिहारी जी के अनन्य भक्त दर्शित मित्तल धार्मिक नगरी वृंदावन पहुंचे। जहां उन्होंने भक्ति और आस्था में डूबकर प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान श्री बांके बिहारी जी मनमोहक मूर्ति देखकर मन आनंदित हो उठा। मंदिर का दिव्य वातावरण, भक्तों की श्रद्धा और भजनों की मधुर ध्वनि ने शांति प्रदान की। शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा ने बताया कि मंदिर में भगवान की मूर्ति को लगातार खुले में नहीं रखा जाता। उन्हें हर कुछ मिनटों में पर्दा डालकर छिपाया जाता है, ताकि भक्त भगवान की नजरों में न बंध जाएं और भगवान खुद भक्तों के पीछे न चले जाएं। साल में केवल एक बार श्अक्षय तृतीयाश के दिन ही भक्तों को भगवान बांके बिहारी जी के चरण-कमलों के दर्शन होते हैं। इस मंदिर में पूजा के दौरान कोई शंख या घंटी नहीं बजाई जाती।

## गंगा स्नान मेले के पूर्व उप जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में प्रतिवर्ष जिला पंचायत की ओर से आयोजित किए जाने वाले ज्येष्ठ दशहरा गंगा स्नान मिले का शुभारंभ शनिवार को किया जाएगा शुक्रवार को उपजिलाधिकारी जानसठ ने तीर्थ नगरी में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उच्च अधिकारी जानसठ रश्मि लांबा में शुकतीर्थ में गंगा घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायज़ा।सुरक्षा,स्वच्छता, सुंदरता को लेकर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उपजिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बताया कि गंगा स्नान मेले में सभी व्यवस्थाओं को दृढ़ बनाने का कार्य अंतिम चरण में हैं।श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधा प्रशासन की ओर से मिले यह सुनिश्चित किया गया है।गंगा घाट व अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं की पूर्ण सुरक्षा के कृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों को लगाया गया है। इस दौरान जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी योगेश कुमार, नायब तहसीलदार बृजेश कुमार,अक्षय शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नशीली दवाओं के कारोबार में भाजपा कनेक्शन से आया राजनीतिक भूचाल

## खतौली के दो आरोपी भाजपा से जुड़े निकले, पुलिस जांच में कई और नाम आने की चर्चा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जिले में नशीली और नकली दवाओं के बड़े नेटवर्क का खुलासा होने के बाद अब मामला राजनीतिक रंग पकड़ता जा रहा है। खालापार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो मुख्य आरोपितों के भाजपा से जुड़े होने की जानकारी सामने आने के बाद जिले की सियासत गरमा गई है। विपक्षी दल जहां भाजपा पर निशाना साध रहे हैं, वहीं पुलिस पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी हुई है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपितों में खतौली निवासी अवनी शर्मा और दयालपुरम निवासी विनोद कुमार शामिल हैं। बताया जा रहा है कि अवनी शर्मा इस अवैध कारोबार का प्रमुख संचालक था। वह पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा से जुड़ा रहा है और कई राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है।

सूत्रों के अनुसार उसकी कई भाजपा नेताओं से नजदीकियां भी चर्चा में रही हैं। वहीं दूसरे आरोपित विनोद कुमार का भी भाजपा संगठन से संबंध बताया जा रहा है। वह मंडल स्तर पर जिम्मेदारी संभाल चुका है और वर्तमान में बूथ अध्यक्ष के पद पर कार्यरत था। उसकी पत्नी भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी के रूप में वार्ड सभासद का चुनाव लड़ चुकी है। पुलिस कार्रवाई के बाद अब जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस आरोपितों के मोबाइल फोन, बैंक खातों और कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाल रही है। जांच एजेंसियों को आशंका है कि इस नेटवर्क से जुड़े कई अन्य प्रभावशाली लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने फिलहाल किसी बड़े राजनीतिक चेहरे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। चर्चाएं यह भी हैं कि इस अवैध कारोबार को संरक्षण देने वाले कुछ राजनीतिक और प्रभावशाली लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। मामले पर भाजपा संगठन फिलहाल खुलकर प्रतिक्रिया देने से बच रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले भी खतौली क्षेत्र में भाजपा से जुड़े एक जनप्रतिनिधि का नाम नकली पनीर प्रकरण में सामने आ चुका है। लगातार ऐसे मामलों के उजागर होने से स्थानीय स्तर पर भाजपा की छवि पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस प्रशासन का कहना है कि नशीली दवाओं के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पूरे नेटवर्क की जांच जारी है और आने वाले दिनों में कई बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# श्रद्धालुओं के लिए लगाई गई शीतल जल प्याऊ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मेले के दौरान श्रद्धालुओं को ठंडा व स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन द्वारा दो प्याऊ की स्थापना की गई है। जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान तथा अधिकारियों द्वारा किया गया।

जल जीवन मिशन द्वारा शुकतीर्थ में अम्बेडकर चौक व श्मशान घाट के पास ठंडे व स्वच्छ पयजल उपलब्ध कराने को आधुनिक दो प्याऊ लगाई गई है। जिनका शुभारंभ शुक्रवार को अधिशासी अभियंता संजय कुमार, प्रधान राजपाल सैनी, प्रोजेक्ट मैनेजर मांगेराम द्वारा किया गया।मांगेराम सिंह ने की गंगा स्नान मेले में आने वाले श्रद्धालुओं




को स्वच्छ व ठंडा पानी उपलब्ध कराने को लेकर जल जीवन मिशन द्वारा दो प्याऊ लगाई गई है जिनमें सरकारी टंकी से आने वाले स्वस्थ जल को दोबारा फिल्टर कर तथा ठंडा कर उपलब्ध कराया जाएगा।

जिससे श्रद्धालुओं को तेज गर्मी में बेहद स्वच्छ व ठंडे पानी की सुविधा मिलेगी।

# यूरिया संकट को लेकर किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** क्षेत्र के ग्राम भूम्मा स्थित सहकारी समिति पर पिछले कई दिनों से यूरिया खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों का कहना है कि इस समय गन्ने समेत अन्य फसलों के लिए यूरिया बेहद आवश्यक है, लेकिन समय पर खाद नहीं मिलने से फसलें प्रभावित होने लगी हैं।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक भाटी ने बताया कि ग्राम भूम्मा में कई दिनों से यूरिया नहीं पहुंच रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ने की फसल में इस समय यूरिया डालना अत्यंत लाभकारी होता है। इसके अलावा ज्वार, बाजरा और मक्का जैसी फसलों में भी यूरिया की आवश्यकता अधिक मात्रा में पड़ती है। समय पर खाद उपलब्ध न होने से किसानों की फसलें खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि समिति पर कई-कई दिनों तक यूरिया नहीं आता और जब आता है तो किसानों की लंबी लाइन लग जाती है। कुछ किसानों को खाद मिल जाती है, जबकि कई किसान घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर हो जाते हैं। इस संबंध में किसान अंकुर भाटी, आवेश कुमार, अमरजीत, विकास, रविंद्र, फिरोज, लोकेंद्र, हरपाल, महबूब, उदयवीर और जयपाल समेत अनेक किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि समय रहते पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष विवेक भाटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों को जल्द यूरिया उपलब्ध नहीं कराया गया तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता किसानों के साथ मिलकर सहकारी समिति भूम्मा के सामने धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।



# अधूरा ख़्वाब में गूंजेगी क्षेत्रीय सिंगरों की आवाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** अंतरराष्ट्रीय मंच पर 35 फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर चुकी बॉलीवुड फिल्म अधूरा ख़्वाब अब वेस्टर्न यूपी के क्षेत्रीय गायकों के सपनों को पूरा करेगी। साइड हीरो एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में लोकल टैलेंट को गाने का बड़ा मौका दिया जा रहा है। फिल्म के निर्माता फ़ैजुद्दीन सिद्दीक़ी व सबा सिद्दीक़ी ने बताया कि अधूरा ख़्वाब की शूटिंग मुजफ्फरनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुम्बई व देहरादून में हुई है। फिल्म की पृष्ठभूमि पश्चिम उत्तर प्रदेश पर आधारित है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह फिल्म 35 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अधिकतर विनर रही है। निर्माताओं ने फिल्म में 2 गाने और 1 क़व्वाली को जगह दी है। खास बात ये है कि इन दोनों गानों और क़व्वाली के लिए क्षेत्रीय गायकों को ही मौका देने का फैसला किया गया है। कई गायकों की आवाज़ सुनने के बाद बेस्ट तीन नये सिंगरों को चुना जाएगा। चयनित गायकों को मुंबई का टिकट देकर वहीं गाना और आवाज़ रिकॉर्ड की जाएगी। फिल्म के सहायक निर्माता शिव चौधुरी हैं।

मुख्य कलाकारों में अली मर्चेंट और सोनिया शर्मा हैं। इस फिल्म में कई क्षेत्रीय कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म इसी वर्ष अगस्त में बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। जून माह में गाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि इस फिल्म के निर्माता एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी के मंझले भाई हैं और बुढ़ाना के मौहल्ला काजीवाडा के निवासी हैं।



# साकेत कालोनी, बसंत विहार में जल निकासी समस्या की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर में बरसात से पूर्व ही अनेक स्थानों पर नालों के निर्माण का कार्य तेजी के साथ चल रहा है और अनेक स्थानों पर यह कार्य पूरा भी करा लिया गया है। इसी कडी में नगरपालिका परिषद् मुजफ्फरनगर के वार्ड 6 की सभासद रितु त्यागी ने अपने क्षेत्र साकेत कालोनी और बसंत विहार में जल भराव की समस्या को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के समक्ष रखा है तथा इस समस्या के त्वरित निदान की मांग की है। रितु त्यागी ने पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप को लिखे पत्र में अवगत कराया है कि वार्ड नं.-6 में बरसात के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आसपास की गलियों में पानी भरा रहता है। जनमानस की इस गम्भीर समस्या को ध्यान में रखते हुए इस समस्या से मुक्ति



दिलाने का प्रयास करें। इस समस्य से मुक्ति के लिये नाले का निर्माण किया जा आवश्यक है, इसलिए जल्द से जल्द नाला निर्माण का कार्य करा लिया जाये, ताकि यहां की जनता आपके प्रयासों को हमेशा याद रखे।

# माखन चोरी से गोवर्धन पूजा तक गूंजा कृष्ण प्रेम, भक्तिरस में डूबा परिसर

## पांचवे दिन भागवत कथा में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बड़ा बाजार स्थित ठाकुरद्वारा परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। कथा व्यास नमन कृष्ण महाराज ने माखन चोरी, कालिया नाग दमन, मटकी फोड़ और गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाते हुए श्रद्धालुओं को प्रेम, समर्पण और अहंकार त्याग का संदेश दिया। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही और पूरा वातावरण कृष्ण भक्ति के जयकारों से गूंजता रहा। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला केवल बाल सुलभ चंचलता नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के मधुर प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि माखन मन की निर्मलता का प्रतीक है और जब मनुष्य अपने भीतर के अहंकार को त्याग देता है, तभी उसे प्रभु ख्रपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि गोकुल की गोपियां शिकायत के बहाने श्रीकृष्ण के दर्शन का सुख प्राप्त करती थीं। कालिया नाग दमन प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने यमुना को विषमुक्त कर ब्रजवासियों को भय से मुक्ति दिलाई। यह लीला मनुष्य के भीतर बसे भय, क्रोध और अहंकार को समाप्त करने की प्रेरणा देती है। वहीं मटकी फोड़ लीला को उन्होंने मनुष्य के अभिमान को तोड़कर ईश्वर से जुड़ने का संदेश बताया। गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार का नाश कर प्रकृति संरक्षण और गौसेवा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति दिखावे से नहीं, बल्कि निष्कपट प्रेम और बिश्वास से प्राप्त होती है। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गोवर्धन महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया और भजनों पर झूमते हुए भक्ति का आनंद लिया। इस दौरान ठाकुरद्वारा परिसर 'राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण' के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य आयोजक डॉ. दिनेश चंद्र के साथ डॉ. जयश्री द्विवेदी, डॉ. तनु शर्मा, डॉ. शिवम शर्मा, डॉ. एन.के. त्यागी, रजनीश, बबलू, बिल्लू, प्रवीण प्रधान, पूनम तायल, कुलदीप त्यागी और निशांक सहित कई श्रद्धालुओं का सहयोग रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# युवती की मौत से सोंता में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** संदिग्ध परिस्थितियों मे युवती की मौत से सोंता रसूलपुर गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों ने गांव के दो युवकों पर गंभीर आरोप लगाए। पुलिस ने दोनो आरोपियों में हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

क्षेत्र के सोंता रसूलपुर गांव में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी। युवती का शव घर में मिलने के बाद परिजनों ने इसे आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए गांव के ही दो युवकों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है जबकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी है। थानाभवन क्षेत्र के गांव सोंता रसूलपुर निवासी नजमा पत्नी शमशाद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ खेत में धान लगाने गई हुई थी। जब वह



वापस घर लौटी तो उसकी पुत्री रेशमा उम्र लगभग 16 वर्ष मृत अवस्था में मिली। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने इस घटना को अंजाम दिया है और रेशमा की गला दबाकर हत्या करने के बाद उसके गले में चुन्नी डालकर मामले को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया। आरोप है कि गांव का एक युवक हाथ में तमंचा लिए हुए था जो धक्का देकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूत्रों के अनुसार पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपी एक युवक को हिरासत में लिया है। युवती की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।थाना भवन पुलिस निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परि. जनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह द्वारा बताया गया कि युवक को युवती ने घर पर बुलाया था। जिसमें मां के आ जाने पर युवती ने मां का पक्ष लेने की बात कहने पर हुए विवाद में युवक ने उसकी हत्या को अंजाम दिया गया है।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में पर्यावरण संरक्षण, नदी स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण एवं वृक्षारोपण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया कि नदी किनारे स्थित ग्राम पंचायतों की संख्या के अनुसार रोस्टर तैयार कर नियमित रूप से जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। जल निगम को सीवेज ट्रीटमेंट



प्लांट (एसटीपी) निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। प्रदूषण नियंत्रण विभाग को एन ए बी एल प्रमाणित जल परीक्षण प्रयोगशालाओं की सूची उपलब्ध कराने तथा जल गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए। खनन एवं परिवहन विभाग को बिना नंबर प्लेट तथा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। पर्यावरण संरक्षण से संबंधित नियमों की जानकारी के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सभी विभागों को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जैव चिकित्सा कचरे के पृथक्करण को नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जैव विविधता रजिस्टर तैयार करने के लिए पंचायती राज, वन, कृषि, उद्यान विभाग सहित विभिन्न विभागों की संयुक्त समिति गठित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध प्रतिदिन चालान एवं जुर्माने की कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा परिवहन विभाग को मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ जगदेव सिंह, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन, लोक निर्माण, प्रदूषण, उद्योग, सिंचाई, बेसिक शिक्षा, उद्यान विभाग सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन बेटियों की मां से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला अंसारियान छोटा इमामबाड़ा निवासी एक महिला ने अपने पति, जेठ, ननद और पड़ोसन पर मारपीट तथा घर से निक. ालने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मोहल्ला अंसारियान छोटा इमामबाड़ा निवासी हीना पत्नी नसीम ने कैराना कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसकी ननद नखीसा उनके साथ ही रहती है। आरोप है कि गुरुवार शाम उसके जेठ वसीम, पड़ोसन सलमा, ननद नखीसा तथा पति नसीम ने उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई हैं। पीड़िता का कहना है कि उसकी तीन छोटी बेटियां हैं और आरोपित अक्सर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। आरोप है कि उसे घर छोड़कर चले जाने के लिए दबाव बनाया जाता है तथा मना करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी जाती है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि उसका पति कोई काम नहीं करता और परिवार के भरण-पोषण में सहयोग नहीं करता।

पीड़िता ने पुलिस से आरो. पितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फॉगिंग मशीन में छिड़काव के दौरान लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत की फॉगिंग गाड़ी में लगी मशीन में अचानक आग लगने से मोहल्ला मुजावरान में अफरा-तफरी मच गई। घनी आबादी के बीच हुई इस घटना से लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी की बाल्टियां लाकर आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

नगर पंचायत थानाभवन की मैक्स गाड़ी में लगी फॉगिंग मशीन नगर में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाई का छिड़काव कर रही थी।



मशीन से लगातार धुएं के रूप में दवाई छोड़ी जा रही थी। इसी दौरान जब गाड़ी मोहल्ला मुजाव. रान पहुंची तो अचानक मशीन से आग की लपटें उठने लगीं। बताया जा रहा है कि अत्यधिक गर्मी या तकनीकी खराबी के कारण मशीन में आग लगी। आग लगते ही नगर पंचायत कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। वहीं धुआं और लपटें देखकर आसपास के लोग भी घरों से बाहर निकल आए। मोहल्लेवासी पानी से भरी बाल्टियां लेकर मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आग बुझाने में सफल रहे। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा घनी आबादी के बीच बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद नगर पंचायत कर्मचारी शिवराज और सौरभ ने मोहल्लेवासियों का आभार जताया तथा क्षतिग्रस्त मशीन को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचाया।

# महिला कल्याण विभाग ने स्वालंबन कैंप लगाकर योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिला कल्याण विभाग की ओर से गुरुवार को विकास खंड कांधला के ग्राम पंचायत लिसाढ़ में स्वालंबन कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रोबेशन अधिकारी मोहम्मद मुशफेकीन ने की। कैंप में महिलाओं और ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया। महिला कल्याण विभाग एवं हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन टीम के जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पुनर्विवाह दंपति पुरस्कार, दहेज पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता समेत कई योजनाओं की विस्तार से जानक. ारी दी। साथ ही 205 लाभार्थियों का सत्यापन भी किया गया। कैंप में दहेज प्रतिषेध कानून, बाल विवाह, बाल श्रम और महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों के बारे में भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया। महिला एवं बच्चों के लिए संचा. लित हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181 और 1098 की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सहायता ली जा सकती है। इस दौरान ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि कुछ शिकायतें संबंधित विभागों को भेजी गईं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान अजीत सिंह, शिक्षा विभाग से संजय तोमर, रोहित मलिक मौजूद रहे।

# टॉप बोरर के बढ़ते प्रकोप से गन्ना किसान चिंतित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव फतेहपुर चौतरा में गन्ना किसानों को फसल में बढ़ रहे टॉप बोरर और अन्य कीटों के प्रकोप के प्रति जागरूक किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को समय रहते बचाव उपाय अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि लगातार बढ़ रही गर्मी गन्ने की फसल के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। पिछले वर्ष कीटों के प्रकोप के कारण गन्ना उत्पादन में लगभग 15 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई थी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया गया कि मई-जून का समय गन्ने की फसल में टॉप बोरर नियंत्रण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस अवधि में टॉप बोरर की दूसरी पीढ़ी तेजी से फैलती है, जो गन्ने के तनों को अंदर से नुकसान पहुंचाकर पौधों की बढ़वार को प्रभावित करती है। गन्ना विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप पिला. निया ने किसानों से खेतों की नियमित निगरानी करने और शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत उपचार करने की अपील की। उन्होंने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण टॉप बोरर के साथ-साथ जड़ बेधक, काला चिकटा, थ्रिप्स और टिड्ढों जैसे कीट भी सक्रिय हो गए हैं, जो फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता पर असर डाल सकते हैं। उन्होंने किसानों को संतु. लित उर्वरक प्रयोग, खेतों में नमी बनाए रखने और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार दवाओं के छिड़काव की सलाह दी। ऊन चीनी मिल प्रबंधन की ओर से किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ अनुदान पर बचाव सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस मौके पर संतोख सिंह सिद्धू, सुग्रीव मिश्रा, एफएमसी कंपनी से अजय धारीवाल, अनुज बालियान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 43 डिग्री तक पहुंचा पारा, जनजीवन हुआ प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और लू ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। आसमान से बरसती आग और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

दिन के समय हालात ऐसे रहे कि सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक गर्मी का सबसे अधिक प्रभाव देखने को मिला,



जिससे बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही बेहद कम रही। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। तेज धूप और लू से बचाव के लिए लोग सिर पर गमछा, टोपी और छतरी का सहारा लेते दिखे, जबकि महिलाएं और बच्चे चेहरे को कपड़ों से ढककर बाहर निकले।

ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे और युवा नहरों, पोखरों, टड्यूबवेलों और तालाबों में डुबकी लगाकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करते नजर आए। हालांकि प्रशासन और चिकित्सकों ने खुले जल स्रोतों में नहाने को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है। शहर के मुख्य बाजारों बडा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, नेहरू मार्केट और कबाड़ी बाजार में भी दिन के समय भीड़ कम रही। दुकानदारों का कहना है कि लोग अब शाम के समय ही खरीदारी के लिए निकल रहे हैं। वहीं ठंडे पेय पदार्थों, गन्ने का रस, शिकंजी, आइसक्रीम और नारियल पानी की मांग में तेजी आई है। चिकित्सकों के अनुसार लगातार बढ़ती गर्मी से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल में गर्मी से संबंधित मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय बाहर निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और हल्का भोजन करने की सलाह दी है।

# राधाकृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नारायण कुटुंब ट्रस्ट के तत्वावधान में शुक्रवार को राधाकृष्ण मंदिर में मद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो हनुमान धाम तक पहुंची। कलश यात्रा का मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना एवं हवन यज्ञाचार्य पं. हिमांशु मुंडेपी द्वारा संपन्न कराया गया। हवन के यजमान निखिल गोयल, प्रभात मित्तल एवं शिवम बिडला रहे। कथा का शुभारंभ पं. प्रेमकिशोर कोठारी ने किया। कथा व्यास आचार्य चंचल शर्मा ने प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान सत्य स्वरूप, चेतन स्वरूप एवं परम आनंद के स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि संपूर्ण सृष्टि उसी परम चेतना का विस्तार है और जब मनुष्य भगवान की शरण में जाता है तो उसके जीवन के दुख, भय एवं मोह समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि मद्भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीव को ईश्वर से जोड़ने का दिव्य माध्यम है। इस अवसर पर शशि शर्मा, रोबिन गर्ग, अमित गुप्ता, मुकेश गोयल, घनश्याम सारस्वत, तुषार धीमान, राजीव बंसल आदि मौजूद रहे।

# बेटे की आंख की रोशनी जाने का आरोप

**☐ पीड़िता ने एसपी से लगाई आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला ख्वाजबक्श निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर पड़ोस के तीन लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि एक व्यक्ति द्वारा डंडा मारने से उसके सात वर्षीय बेटे की आंख की रोशनी चली गई, लेकिन उपचार का खर्च देने के बजाय आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और अभद्रता की। पीड़िता ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

मोहल्ला ख्वाजबक्श निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि एक जनवरी 2026 को उसका सात वर्षीय पुत्र घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले का एक युवक हाथ में डंडा लेकर आया और बच्चे की पिटाई कर दी। डंडा उसकी आंख में लगने से गंभीर चोट आई और आंख से खून बहने लगा। परिजन बच्चे को उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में लेकर गए। बाद में करनाल के एक अस्पताल में उसकी आंख का ऑपरेशन कर लेंस डाला गया, लेकिन अब तक आंख की रोशनी वापस नहीं आई है। महिला का आरोप है कि बच्चे के इलाज पर करीब दो लाख रुपये खर्च हो चुके हैं।

आरोपी पक्ष ने इलाज का खर्च उठाने का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में इससे मुकर गया। पीड़िता के अनुसार, तीन मई को जब उसने उपचार में हुए खर्च की मांग की तो आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि कुछ देर बाद आरोपी अपने दो साथियों के साथ उसके घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट की। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से चले गए। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उधर, पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस लाइन में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**शामली।** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, महिला आरक्षियों और उनके परिवारजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों और मेडिकल टीम ने लोगों की आंखों की विस्तृत जांच की। जांच के दौरान ख्रष्टिदोष, आंखों में जलन, कमजोरी तथा अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने और आंखों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही लंबे समय तक मोबाइल और स्क्रीन के उपयोग से बचने की सलाह भी दी गई। पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित शिविर का उद्देश्य पुलिस परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शि. विर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# भीषण गर्मी के चलते जूनियर हाईस्कूल तक के स्कूलों में 15 जून तक अवकाश

**शामली।** जनपद में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और लू को देखते हुए प्रशासन ने प्राइमरी , जूनियर हाईस्कूल व आंगनवाड़ी केंद्रों पर अवकाश घोषित कर दिया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 22 मई से 15 जून तक, यानी प्राथमिक विद्यालय खुलने तक, जिले के सभी संचालित आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों को तेज गर्मी और लू से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। हालांकि अवकाश अवधि के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाएं अपने-अपने केंद्रों पर उपस्थित रहकर नियमित शासकीय कार्यो का संचालन करती रहेंगी। इस दौरान लाभार्थियों को अनुपूरक पोषाहार वितरण, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियां, वीएचएसएनडी सत्र, आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच एवं संदर्भन किया जाएंगे।

# हाउस टैक्स कम कराने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पहुंचे जिलाधिकारी आलोक यादव को स्वकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने गृहकर (हाउस टैक्स) में वृद्धि को लेकर ज्ञापन सौंपा। समिति ने बढ़े हुए कर को कम कराने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि गृहकर दाताओं पर अत्यधिक बढ़ा हुआ कर लगाया गया है, जिससे आम नागरिकों में रोष व्याप्त है। करदाताओं के विरोध के चलते दिनांक 13 अप्रैल एवं 5 मई 2026 को नगर पंचायत बोर्ड द्वारा संशोधन प्रस्ताव पारित किया गया था, लेकिन अब तक उस पर आगे की कार्रवाई नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्वकर संघर्ष समिति ने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि बढ़े हुए गृहकर को पुनः संशोधित कर राहत प्रदान की जाए।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया पानी पिलाओ पक्षी बचाओ अभियान

**थानाभवन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा थाना भवन कस्बे मे पानी पिलाओ, पक्षी बचाओ अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा कस्बे में पानी पिलाओ, पक्षी बचाओ अभियान के तहत प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने बढ़ती गर्मी के बीच पक्षियों के संरक्षण और सेवा का संदेश देते हुए विभिन्न स्थानों पर जल पात्र रखे तथा प्रतिदिन उनमें पानी भरने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर सीओ थानाभवन अमरदीप मौर्य एवं प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत को पक्षियों के लिए पानी के पात्र भेंट किए गए। वहीं क्राइम इंस्पेक्टर गुरुदेव तथा एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों से जल पात्र स्थापित कर पक्षी सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में राहुल शास्त्री जिला संयोजक राष्ट्रीय कला मंच, वैभव एरेन प्रांत सोशल मीडिया संयोजक, तनीषा आहूजा सह संयोजिका राष्ट्रीय कला मंच एवं सुधीर कुमार प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना मानवता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने घरों की छतों और आसपास जल पात्र रखकर पक्षियों की सेवा करें, ताकि गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।

# चौसाना में बकरीद पर प्रशासन की सख्ती, पर्दे में हो कुर्बानी:एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी विनय प्रताप भदौरिया एवं पुलिस अधिकारियों की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि खुले में कुर्बानी करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि जानवरों के अवशेष और रक्त को न तो खुले में और न ही नालियों में बहाया जाए, बल्कि उन्हें निर्धारित व्यवस्था के अनुसार जमीन में सुरक्षित रूप से दफन किया जाए। इसके लिए पंचायत स्तर पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि बकरीद पर किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू नहीं



की जाएगी तथा कुर्बानी पूरी तरह पर्दे में ही की जाएगी। साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।

साथ ही पुलिस और प्रशास. निक टीमों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने को कहा गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती कर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी की गई है। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण, गणमान्य लोग, प्रधान एवं धार्मिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# वंदन योजना निर्माण कार्यों को जल्द करें पूरा:डीएम

**□ डीएम ने जलालाबाद, थानाभवन नगर पंचायत व ब्लॉक का किया निरीक्षण।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी आलोक यादव ने गुरुवार को अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न कार्यालयों एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत जलालाबाद, विकास खंड थानाभवन तथा नगर पंचायत थानाभवन कार्यालय का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नगर पंचायत जलालाबाद के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को दिए जाने वाले वेतन, पीएफ सहित अन्य सुविधाओं तथा भवन कर, जलमूल्य एवं अन्य देयों की वसूली की स्थिति का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने विकास कार्यों से संबंधित पत्रावलियों को देखा, जो संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने पुराने कार्यालय भवन को नियमानुसार ध्वस्त कर नए भवन के निर्माण हेतु निर्देश दिए। साथ ही प्राचीन शिव मंदिर में संचालित वंदन योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विकास खंड थानाभवन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने पशु चिकित्सालय भवन का निरीक्षण करते हुए मरम्मत एवं फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एनआरएलएम कार्यालय में स्वयं सहायता समूहों के कार्यों की जानकारी लेते हुए महिलाओं को अधिक उत्पादन एवं विपणन के लिए प्रेरित किया तथा तेलंगाना मॉडल पर कार्य करने की बात कही। सीडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्रों की सेवाओं, वजन दिवस, सेम एवं मेम बच्चों के सुधार संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विकास खंड परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इसके उपरांत नगर पंचायत थानाभवन कार्यालय के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सुविधाओं, पीएफ, वेतन, भवन कर एवं जलमूल्य वसूली की स्थिति की जांच की। उन्होंने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आईजीआरएस तथा जनगणना संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए पुराने डाटा को ऑनलाइन अपडेट करने और अतिरिक्त ऑपरेटर लगाए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा, अधिशासी अधिकारी, लेखा लिपिक एवं अन्य कर्मचारी एवं सभासद उपस्थित रहे।



## अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कोतवाली क्षेत्र के बलवा चौराहे पर देर रात सड़क पार कर रहे एक अधेड़ व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक आसपास ही सड़क किनारे रहकर भीख मांगकर जीवन यापन करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वृद्धावस्था पेंशन योजना की आवेदन प्रक्रिया में बदलाव

**शामली।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रितु रस्तोगी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत ऐसे लाभार्थी जिन्हें अब तक पेंशन प्राप्त नहीं हुई है अथवा नए आवेदनकर्ता हैं, उनके लिए आवेदन प्रक्रिया में शासनादेश के अनुसार नई व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि शासनादेश (समाज कल्याण अनुभाग-2, दिनांक 19.05.2026) के अनुसार शहरी क्षेत्र के आवेदकों को राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या पैन कार्ड की प्रति के साथ निर्धारित प्रारूप पर स्व-घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा। इसमें यह स्पष्ट करना होगा कि आवेदक के पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है तथा परिवार/कुटुंब रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदन पत्र को लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से सत्यापित कर ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

यह कार्य किसी भी जन सेवा केंद्र के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी आवेदक को लिंक मोबाइल नंबर की जानकारी नहीं है या मोबाइल नंबर खो गया है, तो वह किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विकास भवन, ग्राम गोहरनी स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

## बिजली कटौती को लेकर किसानों ने उपखंड कार्यालय पर धरना देकर किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खेड़ामुगल क्षेत्र में भीषण गर्मी में हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती को लेकर किसान यूनियन मजदूर संगठन से जुड़े किसानों ने उपखंड कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

संगठन के जिला अध्यक्ष नवाब सिंह के नेतृत्व में किसान खेड़ामुगल उपकेंद्र पर पहुंचे और विद्युत कटौती की समस्या को लेकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने निगम के जेई सूर्यभान प्रजापति को भी अपने बीच बैठा लिया। किसानों ने अपनी मांग रखते हुए बताया डंघेडा विद्युत केंद्र से सप्लाई बार-बार बंद हो रही है। ग्रामीण फसल की सिंचाई तक नहीं कर पा रहे हैं। जेई सूर्यभान ने किसानों को शीघ्र समस्या का समाधान किए जाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में मांगेराम, वेदपाल, अनूप सिंह, अमित खारी, नवाब सिंह, विश्वास आर्य, प्रदीप कुमार, सोनू कुमार, सोनू सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### बिजली कटौती के विरोध में 23 मई को सिटी बिजलीघर पर होगा धरना

**शामली।** जिलेभर में लगातार हो रही बिजली कटौती से आमजन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। शहर निवासी अमित कुमार ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि घंटों तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट के विरोध में आगामी 23 मई को सुबह 11 बजे सिटी बिजलीघर पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से पहुंचकर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

### दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से मारपीट

**शामली।** पीड़िता रीना ने बताया कि लगभग डेढ़ माह पूर्व गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव खेड़की निवासी सोनू उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले आया था, जिसके बाद दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी तथा गांव में पंचायत के दौरान एक-दूसरे को माला पहनाई थी। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति सोनू और ससुरालजन दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि गुरुवार को भी उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचाव के लिए किया जागरूक

शामली/थानाभवन। शुक्रवार को आदर्श मंडी पुलिस द्वारा सत्यनारायण इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वही थानाभवन पुलिस द्वारा भी छात्रओं को जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से बचाव के उपायों की जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, पासवर्ड, बैंक खाता विवरण या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचने और सोशल मीडिया का सुरक्षित व जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते सहायता मिल सके।

### कश्यप और गुर्जर समाज को मोहरा बनाने की साजिश होगी नाकाम: आरिफ हव्वारी

**शामली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री मौ. आरिफ हव्वारी ने मोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर राजनीतिक बयान जारी किया है। उन्होंने सपा सांसद इकरा हसन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले को लेकर की जा रही राजनीति गलत और षडयंत्रकारी है। आरिफ हव्वारी ने कहा कि सहारनपुर में जो राजनीतिक गतिविधियां सामने आई हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि कुछ लोग 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कश्यप समाज को मोहरा बनाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज को भड़काकर आपसी सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कश्यप और गुर्जर समाज को आपस में लड़ाने की किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश की जनता जागरूक है और वह विकास के मुद्दों पर निर्णय करेगी। उन्होंने दावा किया कि 2027 में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी।

### सफाई कर्मचारियों का धरना जारी

**शामली।** नगर पालिका परिसर में स्वायत शासन कर्मचारी महासंघ और उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की।

धरने के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि नगर पालिका का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने आउटसोर्सिंग के माध्यम से 100 नए सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग उठाई। साथ ही डोर-टू-डोर सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों को शासनादेश के अनुसार बढ़ा हुआ वेतन देने की मांग की गई। कर्मचारियों ने संविदा सफाई कर्मचारियों को सातवें वेतन आयोग का लाभ देने और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने की मांग भी रखी।

## शांति केयर में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में शुक्रवार को बदलते मौसम और बढ़ती बीमारियों को देखते हुए निशुल्क कैल्शियम, ब्लड एवं एक्सरे जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जहां करीब 329 मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया।

शिविर का शुभारंभ हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं प्रमुख समाजसेवी कुशांक चौहान ने फीता काटकर किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ. अक्षय कुमार और डॉ. रीतु मलिक ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी। कुशांक चौहान ने बताया कि सामान्यतः 1500 रुपये तक में होने वाली कैल्शियम जांच इस शिविर में निशुल्क की गई। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और बढ़ती गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक व डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ रहा है, इसलिए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, अधिक पानी पिएं तथा हल्का एवं पौष्टिक भोजन करें। साथ ही मरीजों को मौसम जनित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक भी किया गया। इस मौके पर विशाल कुमार, अजय कुमार, सुरेंद्र चौहान, इफरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नवीन सब्जी मंडी में व्यापारी की दुकान में लगी आग

**शामली।** कांधला कस्बे के कैराना रोड स्थित नवीन सब्जी मंडी में शुक्रवार सुबह एक व्यापारी की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगते ही मंडी क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय व्यापारियों और लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।

व्यापारी विकास गोयल की दुकान से सुबह अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके कुछ ही देर बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देख मंडी में मौजूद व्यापारियों और लोगों में हड़कंप मच गया। सभी ने पानी व अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा सामान, फर्नीचर और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। व्यापारियों ने घटना को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की है। सूचना पर अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए, जिससे मंडी में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पीड़ित व्यापारी विकास गोयल ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

**देवबन्द।** कक्षा बारह की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में छात्रा फेल हो गई थी। तहसील क्षेत्र के गांव बचीटी निवासी 17 वर्षीय सबा तल्हेड़ी बुजुर्ग क्षेत्र के ही एक कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा थी। गुरुवार रात में वह अपने कमरे में सोने गई थी। रात करीब दो बजे स्वजन किसी काम से कमरे में पहुंचे तो सबा को मृत पाया। स्वजन का कहना है कि कपड़ों पर इस्त्री करते समय करंट लगने से छात्रा मौत हुई। शुक्रवार की दोपहर बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मृतका को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। वहीं, छात्रा की मौत को लेकर क्षेत्र में विभिन्न चर्चाएं हो रही हैं। कुछ लोगों का कहना है कि हाल ही में आए 12वीं कक्षा के रिजल्ट में सबा फेल हो गई थी। इसी के चलते छात्रा ने आत्महत्या की है।

## एसडीओ व दो लोग रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने ऊर्जा निगम के एसडीओ ग्रामीण द्वितीय समेत दो लोगों को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा। दोनों पर आटा चक्की के बिजली कनेक्शन के नाम पर रुपये मांगने का आरोप है। ग्रामीण की शिकायत पर टीम ने यह छापामार कार्रवाई की।

गांव थितकी निवासी मोहम्मद अहरार ने जनपद की एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। बताया था कि उसे आटा चक्की के लिए छह किलोवाट बिजली कनेक्शन और सर्वे सही कराने के बदले एसडीओ विद्युत द्वितीय दिनेश कुमार मौर्य ने उनसे 50 हजार रुपये मांगे है। इनमें से उसके द्वारा पहली फिलहाल 20 हजार रुपये शुक्रवार को देने का वादा किया गया है। शिकायत मिलने के बाद टीम ने मामले की जांच शुरू की। जांच में आरोप सही मिलने पर टीम ने उन्हें





पकडने के लिए जाल बिछाया। शुक्रवार को टीम ने केमिकल लगे नोट देकर शिकायतकर्ता को लालवाला रोड स्थित विद्युत अधिकारी के कार्यालय पर भेजा। जैसे ही आरोपितों ने रुपये लिए तो टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर एसडीओ और संविदाकर्मी पैट्रोल मैन (कम्प्यूटर आपरेटर) मोहम्मद शाकिर को गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन निरीक्षक मुकेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह पूरी कार्रवाई की गई। आरोपितों को गिरफ्तार करने के बाद टीम थाना नागल ले गई। टीम ने कार्रवाई के दौरान शिकायतकर्ता के बयान, प्री-ट्रैप जांच रिपोर्ट, आडियो रिकार्डिंग और अन्य साक्ष्य भी जुटाए। मुकेंद्र कुमार के मुताबिक दोनों आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई कराई जा रही है। गौरतलब है कि देवबन्द नगर एवं देहात क्षेत्र में विद्युत निगम से जुडे कर्मचारी हो या फिर अधिकारी कभी कनेक्शन के नाम पर कभी तार बदलवाने के नाम पर कभी ट्रांस्फार्मर बदलने तो कभी बढ़े हुए बिलो को कम करने के नाम पर अवैध रूप से उगाही कर रहे है। यह अलग बात है कि विद्युत निगम में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का नगर में यह पहला पकड़ा गया हो। भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के चलते ही नगर में एवं देहात क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं मिल पा रही है इसकी मुख्य वजह तारो में थोड़ी थोड़ी दूर लगने वाले जोड़ और ट्रांस्फार्मरों सप्लाई देने वाली लगी केबल कमजोर होना है। जबकि शासन स्तर से बिजली घरो को पर्याप्त मात्रा में सभी सामग्री उपलब्ध कराई हुई है लेकिन निगम अधिकारी पुराने सामान में जोड़तोड़ कर जुगाड़ से बिजली आपूर्ति कर रहे है जिससे आए दिन ट्रांस्फार्मर में आग लगना और तारों का टूट कर गिर जाना आम बात हो गई है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन कर कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। अपनी मेहनत का इनाम पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

हाईवे स्थित स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में कक्षा 12 के वाणिज्य संकाय में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप करने वाले अनस सिद्दीकी के अलावा उच्च अंक प्राप्त करने वाले मोहम्मद माज, मोहम्मद सुहैल, नमरा उस्मानी, जैनब सिद्दीकी, सुफियान अहमद, अयान अखलाक और अयान मसूद विद्यालय प्रबंधन और अतिथियों द्वारा ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर विद्यालय चेयरमैन साद फैजान सिद्दीकी ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के अटूट सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने सभी बच्चों को जीवन में हमेशा अनुशासित रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। को-चेयरमैन अहमद फैजान सिद्दीकी, प्रधानाचार्या शिप्रा सहगल ने भी विचार रखे और मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

मेंटोरिंग एंड मॉनिटरिंग हेड मलिक मुअज्जम, को-प्रिंसिपल सलेम राज, हेडमास्टर मुशीर उज्जमान, हेडमिस्ट्रेस मोनिसा खालिद गुल समेत स्कूल का समस्त स्टाफ और अभिभावक शामिल रहे।

## सफाई कर्मचारियों ने ईओ को दिया ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ (रजि.) देवबंद इकाई के पदाधिकारियों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। ज्ञापन में कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों का भुगतान शीघ्र कराने तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि शासनादेश के तहत एक जनवरी 2026 से लागू दो प्रतिशत भत्ते का लाभ अब तक कर्मचारियों को नहीं मिल सका है। इसके अलावा लंबे समय से आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की भर्ती की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक भर्ती नहीं की गई। उन्होंने कहा कि नगर की आबादी लगातार बढ़ रही है, जिससे मौजूदा सफाई कर्मचारियों पर कार्यभार अधिक बढ़ गया है। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर पालिका बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर कम से कम 50 नए कर्मचारियों की भर्ती की जाए, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर हो सके। संघ पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की कमी के कारण कई क्षेत्रों में नियमित सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस दौरान अध्यक्ष सुनील इंदरवाल, महामंत्री अविनाश प्रधान वाल्मीकि समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0577441 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं गुम हो गया है काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला है।

**कु0 रजिया पुत्री नसीम**
निवासी: ग्राम व पोस्ट खजूरवाला तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर।
मो0 8077001819.

**Dev Bhoomi School of Professional Studies**
Estd. 2010
Affiliated with Maa Shakumbhari University- Saharanpur (U.P.)
Campus: 7 Km. Milestone Dabki Road, Vill, Berijama, Dabki Road, Ahtemal Via Civil Hospital, Saharanpur M.: 7351907907, 9719673379

Offers under graduate programmes **B.B.A., B.Com. B.C.A.** to teach the mentioned subjects/courses qualified and experienced persons are requested to send their resumes with relevant documents within 07 days from the date of publication of this advertisement.

**REQUIRED**

| Sr. No. | Position | Qualification & Pay Scale |
|---|---|---|
| 1 | Professor | As per University/ AICTE Scale & Norms |
| 2 | Associate Professor | |
| 3 | Assistant Professor | |

Note: Please indicate the name of position applied in subject at
job@dbgisre.edu.in

**सिविल जज (सी0डि0) फास्ट ट्रैक कोर्ट मुजफ्फरनगर।**
समन वास्ते करार वाद उमर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 कोर्ट मुजफ्फरनगर।**
मूल वाद संख्या 170 सन् 2019
अमित कुमार पुत्र श्री इन्दसैन निवासी ग्राम टण्डेढा तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। .........**वादी**
**बनाम**
रमेश पुत्र श्री खजान सिंह निवासी ग्राम अलमासपुर तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर। .......**विपक्षी**

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वाद में आप विपक्षी के विरूद्ध वाद अनुबन्ध के विशिष्ट अनुपालन हेतु योजित किया है। आपको इस न्यायालय ने उक्त वाद का आपत्ति प्रस्तुत करने के लिये उपस्थिति होने के लिये दिनांक 27.05.2026 को दिन के प्रातः 10 बजे नियुक्त करके यह समन प्रस्तुत किया जाता है। आप नियत दिनांक को स्वंय या अपने अधिकृत पैरोकार/ अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है, जिसे सम्यक्! अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय मे आपकी उपस्थिति के लिये उक्त तिथि नियत की गयी है, वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये नियत है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप पर वर्णित तिथि को इस न्यायालय मे उक्त वाद के निस्तारण के समय उपस्थित नही होगे, तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 19 माह 05 सन् 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

आज्ञा से
सिविल जज सीनियर डिवीजन एफ0टी0सी0 कोर्ट मुजफ्फरनगर।

# डीएम का स्पोर्ट्स कॉलेज में निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने शुक्रवार को निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज की ड्राइंग, टॉयलेट, फिनिशिंग एवं अन्य निर्माण कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने स्पोर्ट्स कॉलेज की लोकेशन एवं उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे जनपद के लिए गौरव का विषय बताया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के मुख्य अभियंता पुष्पेंद्र कुमार को निर्देशित किया कि प्रतिदिन की कार्ययोजना तैयार कर निर्माण कार्यों की निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा भवन के सभी अधूरे कार्यों को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने हॉकी एवं एथलेटिक्स ग्राउंड के लिए एस्ट्रो टर्फ लगाए जाने की प्रक्रिया को तकनीकी मानकों के अनुसार पूरा करने के निर्देश देते हुए हॉकी ग्राउंड हेतु टेक्निकल कमेटी गठित करने और विशेषज्ञों की नियुक्ति करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्पोर्ट्स कॉलेज को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने के लिए विशेषज्ञ एजेंसियों से भी परामर्श लिया जाए। कार्यदायी संस्था की ओर से जुलाई माह तक निर्माण कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उप जिलाधिकारी बेहट मानवेंद्र, क्रीड़ा अधिकारी राहुल चौपड़ा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# रचनात्मक गतिविधियां जरूरी: मौ. कामिल



**गागलहेड़ी।** ब्रेन डिस्कवरी ग्लोबल स्कुल मे ग्रीष्मावकाश से पूर्व अंतिम कार्य दिवस बड़े उत्साह उमंग और आनंद के साथ मनाया गया।

विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। किंडरगार्टन कक्षाओं में यलो डे , लेमन डे , सेन्स जोन डे तथा स्प्लेंश पुल पार्टी जैसी आकर्षक गतिविधियों ने बच्चों का दिन बेहद खास बना दिया। वहीं जूनियर एवं सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पुस्तक गतिविधि क्रिएटिव टास्क, समूह प्रस्तुतियाँ और मनोरंजक एक्टिविटीज के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन प्रो. मोहम्मद कामिल सर ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं, बल्कि ऐसी रचनात्मक एवं आनंदमयी गतिविधियों से भी होता है। प्रिंसिपल राफिया कामिल वाइस प्रिंसिपल जेबा गौर तथा मैनेजर मोनीश ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा, जिनके प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूरे विद्यालय में खुशी, अनुशासन और उत्साह का सुंदर वातावरण देखने को मिला।

# चेयरमैन पति की थाना प्रभारी से शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** चेयरमैन पति अफजाल खान नें अपनी टीम के साथ नवनियुक्त थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध से शिष्टाचार भेंट की।

नगर के चौयरमेन पति अफजाल खघन ने थाना प्रभारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नगर में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने, अपराध नियंत्रण एवं जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर चर्चा की। थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर बौद्ध ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन को सुरक्षित माहौल देने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य करेगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील भी की। मुलाकात के दौरान पूर्व सभासद अमजद खान, सलमान मलिक, दानिश मलिक,नसीम सिद्दीकी, नईम प्रधान, सादिक सैफी, राशिद खान बरसा मौजूद रहे।

## बाइक सवार की मौत

**गंगोह।** गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा गंगोह नकुड़ रोड पर सागर भट्टा के समीप हुआ, जहां एक अज्ञात पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। गुरुवार देर रात मोहड़ा गेट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ था। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार ग्राम सलारपुरा निवासी अंकुश सहगल पुत्र बलकार सहगल (28 वर्ष) गंगोह से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह सागर भट्टा के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# शादी करने व धर्मांतरण का दबाव बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** पीड़ित महिला ने अपने पति रिटायर्ड फौजी पर धर्म छिपाकर व झूठ बोलकर उससे शादी रचाने, वैश्यावृत्ति एवं धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने तथा जान से मारने की नीयत से मारपीट करते हुए उसके दोनो हाथ तोड़ने का गम्भीर आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर संज्ञान लेकर आरोपी पति सहित 04 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता आसमा पुत्री अनवर निवासी ग्राम फिरोजाबाद ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि वह मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखती है। आरोप है कि उसके पति ओमपाल पुत्र अतर सिंह निवासी लोनी गाजियाबाद ने खुद को मुस्लिम बताकर झूठ बोलकर धोखा देते हुए करीब 16 वर्ष पूर्व उससे विवाह किया था। विवाह के बाद पीड़िता को पता चला था कि पति ओमपाल हिन्दु धर्म से है जो कि पूर्व से शादीशुदा भी है और पहली पत्नी से उसके तीन बच्चे भी है। उसने अपनी पहली पत्नी कुसुम को भी जान से मार दिया था जिस कारण वह जेल में भी रहा है। पीड़िता का आरोप यह भी है कि आरोपी विक्की चौधरी उर्फ अनिल पुत्र शीशपाल निवासी मेरठ, सुरेन्द्र पुत्र नामालूम निवासी कासमपुर फाटक दुर्गा मन्दिर वाली गली मेरठ तथा सुदेश पत्नी सुरेन्द्र निवासी मेरठ उसके पति ओमपाल का सहयोग करते हैं। उस पर वैश्यावृति करने का दबाव बनाते हैं। जिस पर उसने मना कर दिया था। विगत माह 15 अप्रैल 2026 को पीड़िता थाना लोनी गाजियाबाद क्षेत्र स्थित अपने पति ओमपाल के घर पर मौजूद थी कि पति ने उसके साथ गाली गलौच व डंडे से मारपीट करते हुए चुन्नी से गला घोटकर उसे जान से मारने की कोशिश की थी। जिसमे पीड़िता के दोनो हाथ टूट गए और वह बेहोश हो गई थी। उसके पड़ोसी उसे जीटीबी अस्पताल ले गए थे। गाजियाबाद पुलिस को भी उक्त मामले की सूचना दी गई थी। पति ने उसका मोबाईल फोन भी तोड दिया था। पड़ोसियों ने पीड़िता के मायके में फोन करके सूचना दी थी। तब मायके वाले उसे गाजियाबाद से सहारनपुर ले आये थे।

उसी समय से पीड़िता का ईलाज चल रहा है। उसका पति व अन्य आरोपी उस पर हिन्दु धर्म अपनाने का दबाव बना रहे है। उसके बच्चो को जबरदस्ती हिन्दु धर्म अपनाने को मजबूर किया हुआ है। पीड़िता का कहना है कि लोनी गाजियाबाद में पुलिस कार्यवाही करने में वह समर्थ नही है। इसलिए यहां पर कानूनी कार्यवाही चाहती है। पीड़िता ने आरोपियो से अपनी व अपने बच्चो की जान को खतरा बताते हुए सुरक्षा तथा आरोपियो के खिलाफ सख्त कानूनी किये जाने की गुहार लगाई है।

# भीषण गर्मी व तेज हीटवेव के चलते बाजारों में पसरा सन्नाटा

**चिलकाना।** भीषण गर्मी और तेज हीटवेव के चलते दोपहर के समय नगर के बाजार में सन्नाटा पसर गया। चिलचिलाती धूप और चोक कर देने वाली गर्मी से बचने के लिए लोग दोपहर के समय घरों में ही दुबके रहे। जिसका सीधा असर दुकानदारों और व्यापारियों के कारोबार पर पड़ा।

भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप के कारण ग्यारह बजे से शाम चार बजे तक बाजारों में खरीदारों की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दिन के समय सड़कों और बाजारों के लगभग खाली रहने से छोटे दुक. ानदारों और खुदरा व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर की चिलचिलाती धूप से बचने के लिए लोग शाम ढलने के बाद ही खरीदारी के लिए निकले।

इतना ही नहीं इस भीषण गर्मी के कारण बसों में भी यात्रियों का आवागमन कम नजर आया। वहीं ऊपर से बिजली की आँख मिचौली घरों में दुबके लोगों को सताती रही। इस भीषण गर्मी व हीटवेव से बचने के लिए सीएचसी सुल्तानपुर के चिकित्सक वासिक ने स्वास्थ्य सम्बन्धी सुझाव देते हुए बताया कि दोपहर के समय बिना किसी काम के घर से बिल्कुल बाहर न निकलें। यदि अतिआवश्यक काम हो तो गीला सूती कपड़े से सर ढक कर रखें।

# प्रधान से अभद्रता पर कप्तान से कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्राम प्रधान के साथ अभद्र व्यवहार करने व जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न होने के मामले को लेकर कप्तान से कार्रवाई की गुहार लगाई गई।

आज ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष संजय वालिया के नेतृत्व में ग्राम प्रधान एवं पीड़ित परिवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और बताया कि थाना सरसावा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छापुर के प्रधान अंकुर कुमार पुत्र राज. कुमार के गांव के ही पूजा रानी पत्नी स्वर्गीय प्रवेश कुमार जो गांव में पिछले कई वर्षों से निवास भी नहीं करती है। उक्त महिला गांव का निवास प्रमाण पत्र लेने के लिए उनके पास आई थी, लेकिन मौके पर ग्राम प्रधान नहीं मिले और जब फोन पर वार्ता हुई तो ग्राम प्रधान अंकुर को अभद्र व्यवहार जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। संजय वालिया ने बताया कि ग्राम प्रधान अंकुर थाना सरसावा पहुंचे और श्रीमती पूजा के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि पुलिस ने हल्की धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया और ग्राम प्रधान के साथ भेदभाव करते हुए पूजा को राहत प्रदान की जिसको लेकर ग्राम प्रधानों में गुस्सा बना हुआ है और ग्राम प्रधानों के मान सम्मान को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर सख्त कानून कारवाई की जाए अन्यथा ग्राम प्रधान सड़क पर उतर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान अंकुर कुमार, जीशान, राजेश कश्यप के अलावा चंपा, अंजू, उषा, मंजू, राजेश, संगीता, ममता,बबली, राजेश्वरी, बबीता, शिक्षा, बाला आदि लोग मौजूद रहे।

# चोरी की बाइक समेत दो दबोचे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस टीम के साथ गागलहेड़ी-मुजफ्फरनगर स्टेट हाईवे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान खजूरवाला अंडरपास के निकट सर्विस रोड पर दो युवक बिना नंबर की बाइक के साथ संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रो. ककर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम आर्यन कश्यप और आर्यन धीमान निवासी जॉली ग्रांट, थाना डोईवाला जनपद देहरादून बताया। थाना लाये जाने पर जब उनसे पूछताछ की गयी तो उन्होने ने स्वीकार किया कि एक बाइक गांव भरतपुर निवासी व्यक्ति के खेत से चोरी की गई थी। जबकि दूसरी मोटरसाइकिल टपराना क्षेत्र के जंगल से चोरी की थी। आरोपी चोरी की बाइकों को बेचने की फिराक में थे, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियो को संबंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर न्यायालय मे पेश कर दिया है।

# खेतों से गुजर रही हाईटेंशन तारें बनी खतरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** क्षेत्र में खेतों के ऊपर से गुजर रही जर्जर और नीचे झूलती हाईटेंशन बिजली लाइनें किसानों और ग्रामीणों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं। हाल ही में करंट की चपेट में आने से एक नीलगाय की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा और बढ़ गया है।

थाना सरसावा क्षेत्र के ग्राम झरौली निवासी किसान चौधरी प्रदीप सिंह ने बताया कि ग्राम शाहजहांपुर की आबादी से सटे उनके खेत के ऊपर से हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। तारों की हालत इतनी खराब है कि बिजली लाइन खेत से महज करीब 6 फीट ऊपर लटक रही है, जिससे खेतों में काम करना जान जोखिम में डालने जैसा हो गया है। खेत में काम करते वक्त एक बार करंट भी लग चुका।

किसान का कहना है कि इस संबंध में 2024 से 2026 अब तक कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों, एक्सईएन, जेई और एसडीओ को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक लाइन को ऊपर उठाने या बदलने की कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले गन्ने की जुताई के दौरान खेत में काम कर रहे भाई करेशन सिंह को करंट लग गया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार यही हालात ग्राम बहलोलपुर समेत क्षेत्र के कई गांवों में बने हुए हैं। ग्रामीण बसेश्वर और अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारी किसानों की समस्याओं को सुनने तक के लिए तैयार नहीं हैं। खेतों में झूलती लाइनें लगातार हादसों को न्योता दे रही हैं, लेकिन विभाग लापरवाह बना हुआ है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों के ऊपर से गुजर रही जर्जर और नीचे लटकती बिजली लाइनों को जल्द दुरुस्त कराया जाए ताकि किसी बड़े हादसे से पहले लोगों की जान बचाई जा सके। इस संबंध में जेई आनंद प्रकाश का कहना है कि जल्द ही लटकती बिजली की लाइने ठीक कराई जायेगी।

# बाइक और मोबाइल लूटे

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र में रास्ता पूछने के बहाने बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसकी बाइक और मोबाइल लूट लिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। शुक्रवार दिनदहाड़े लूट की वारदात ने लोगों में दहशत फैला दी। अंबाला-देहरादून मार्ग पर हरियाबांस गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने रास्ता पूछने के बहाने एक युवक को रोक लिया और हथियार के बल पर उसकी बाइक तथा मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार फतेहपुर निवासी ओमपाल अपनी बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। वह अंबाला-देहरादून मार्ग पर हरियाबांस गांव के पास पहुंचा ही था कि पीछे से बाइक पर आए दो युवकों ने उसे रुकने का इशारा किया। ओमपाल ने जैसे ही बाइक रोककर उन्हें रास्ता बताना शुरू किया, दोनों बदमाशों ने हथियार दिखाकर उसे आतंकित कर दिया। इसके बाद उसकी बाइक और मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए।


**सूचना**

मैने अपनी पुत्री साची जैन को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**दिप्ती जैन पत्नी संजीव कुमार निवासी हाल पता श्यामपुरी कालोनी, परमानी मन्दिर, धोबी घाट, थाना देहात कोतवाली, जिला सहारनपुर।**



लोगो **कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

**सार्वजनिक सूचना**

श्रीमती नोरती देवी पुत्री श्री महीप्रसाद एवं श्रीमती मनीषा पत्नी श्री योगराज भारती निवासी-न्यू नन्द विहार कॉलोनी, देहरादून रोड, परगना तहसील व जिला-सहारनपुर, उ.प्र. द्वारा एम.पी.एल. नं.-3/1356 (ओल्ड), 3/4514 (न्यू) न्यू भगत सिंह कॉलोनी, निकट डी.एम. कोठी बाजोरिया मार्ग, परगना तहसील व जिला-सहारनपुर, उ.प्र. के नेट भूखण्ड क्षेत्रफल 121.35 वर्गमी. पर 'व्यवसायिक (शोरूम)' के प्रयोजन का शमन मानचित्र संख्या एसडीए / एएनआई /2025/0003325 स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.2 के अनुसार 'आवासीय' भू-उपयोग के अन्तर्गत 'व्यवसायिक (शोरूम)' की क्रिया अनुमन्य श्रेणी के अन्तर्गत है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जो. निंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया / उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों / सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (sda12@rediffmail.com) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा। **सचिव- विकास प्राधिकरण, सहारनपुर**


# ब्राइट होम के मेधावी सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में मेधावियों को सम्मानित किया गया इस दौरान प्रिंसिपल मौहम्मद अहमद खान ने छात्रों बेहतर भविष्य की कामनाएं दी।

ब्राइट होम पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल एवं इंटर 2026 के टॉपर्स का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जुनैद खान, एवं प्रधानाचार्य मोहम्मद अहमद खान ने बच्चों की मेहनत की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल मोहम्मद अहमद खां ने बताया कि इंटर टॉपर अक्षत कुमार ने 96. 60% अंक हासिल करते हुए साइंस स्ट्रीम में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। डारेक्टर जुनैद खान नें बताया असमा बतूल, जीनत, मुनीर, सम्यक जैन,अंशु, अर्नव, रक्षित, गर्वित नामदेव, उरवा खान, चित्राक्ष नें अच्छे अंक प्राप्त किये जिन्हें कार्यक्रम में आय मुख्य अतिथियों ने मेधावीयो को ट्राफी देकर सम्मानित किया।

# अंधाधुंध विद्युत कटौती ने रूलाया

**गागलहेड़ी।** एक और कुदरत की मार दूसरी तरफ बिजली का संकट से जनता परेशान क्षेत्र में अंधाधुंध विद्युत कटौती एवं कम वोल्टेज आने के कारण उपभोक्ताओं को भीषणगर्मी की मार झेलनी पड़ रही है।

विद्युत विभाग भी थर्ड डिग्री फेल बता कर अपना पल्ला झाड़ रही हैं कस्बा निवासी योगेंद्र शर्मा, राव नावेद, राजीव धीमान, आयुष गुप्ता, राजकुमार चेयरमैन भारापुर, नसीम प्रधान, संजय त्यागी, राकेश चौधरी आदि उपभोक्ताओं का कहना है कि गर्मी का मौसम आते ही बिजली की कीमत धीरे-धीरे होने लगती है और भीषण गर्मी पडने से विद्युत विभाग द्वारा बिजली की कटौती शुरू कर दी जाती है वर्तमान में देहात क्षेत्र में 8 से 10 घंटे कैटोती सहित बिजली दी जा रही है जबकि शासन के द्वारा गया क्षेत्र में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है जब विद्युत के अधिकारियों से कटौती संबंध में बात की जाती है तो वह बड़ी लाइन फेल का हवाला देते हुए अपना पहला झाड़ देते हैं ऐसे में सरकार को चाहिए कि बढ़ती गर्मी में बिजली की व्यवस्था ठीक करनी चाहिए। उधर विद्युत वितरण उपखंड अधिकारी कैलाशपुर अंकित त्यागी का कहना है कि गर्मी अधिक बढ़ने से बिजली की खपत की अधिक बढ़ जाती है और गर्मी में लगातार विद्युत आपूर्ति सुचारु होने के कारण लाइन गर्म होकर खराब हो जाती है जिस कारण बार-बार शटडाउन देकर लाइन को ठीक कराया जाता है क्षेत्र वासियों की समस्याओं को शीघ्र दूर कर दिया जाएगा।

# रिजल्ट में गड़बड़ी से परिवार हैरान

**गंगोह।** सीबीएसई बोर्ड के इंटर के रिजल्ट में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आया है। मोहल्ला कानून गोयान निवासी युवक की ऑनलाइन मार्कशीट में केमेस्ट्री विषय के लिखित अंक चार दिन के भीतर 18 से घटाकर 13 कर दिए गए, जिससे परिवार हैरान और परेशान है।

**■ ऑनलाईन मार्कशीट के अंकों में से कर दी कटौती**

मोहल्ला कानून गोयान निवासी अंकित अग्रवाल ने बताया कि उनके पुत्र अबीर अग्रवाल ने हाईस्कूल में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में उसे 65 प्रतिशत अंक मिले। अबीर गंगोह के नामदेव पब्लिक स्कूल का छात्र है। परिजनों के अनुसार 13 मई को जारी सीबीएसई बोर्ड के रिजल्ट में केमेस्ट्री विषय में अबीर को कंपार्टमेंट दिखाया गया था, जिसमें लिखित परीक्षा के 18 अंक दर्शाए गए थे। आरोप है कि चार दिन बाद जब छात्र ने दोबारा अपनी ऑनलाइन मार्कशीट डाउनलोड की तो उसमें केमेस्ट्री के लिखित अंक 18 से घटाकर 13 कर दिए गए। अंक कम होने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग हैरान रह गए और उन्होंने पूरे मामले में बड़ी गड़बड़ी तथा फ्रॉड की आशंका जताई। उधर बेटे के अप्रत्याशित रिजल्ट को देखकर पिता की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। वहीं इस घटना का असर छात्र की मानसिक स्थिति पर भी पड़ा है। परिजनों का कहना है कि अबीर पढ़ाई में बेहद मेधावी छात्र है और उसके इतने कम अंक आना समझ से परे है। मार्कशीट में अंको के बदलाव से गडबडी की आशंका और बलवती हो गई है। परिवार ने सीबीएसई बोर्ड से मामले की निष्पक्ष जांच कर छात्र को न्याय दिलाने की मांग की है। पीड़ित पिता अंकित अग्रवाल ने मामले की शिकायत विद्यालय प्रशासन से की है। नामदेव पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पंकज राजपूत ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए सीबीएसई बोर्ड के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# SRH ने RCB को 256 रन का टारगेट दिया

**ईशान, अभिषेक और क्लासन के अर्धशतक, रसिख सलाम को 2 विकेट**



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 256 रन का टारगेट दिया है।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 255 रन बनाए। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में 56 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, जबकि ईशान किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाकर पारी को संभाला। हेनरिक क्लासन ने भी 24 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। आखिर में नितीश कुमार रेड्डी ने 12 गेंदों में नाबाद 29 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। बेंगलुरु के गेंदबाज पूरी तरह संघर्ष करते नजर आए, जहां रसिख सलाम ने 2 विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पंड्या को 1-1 सफलता मिली। आखिरी ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 रन जोड़े और टीम का स्कोर 4 विकेट पर 255 रन तक पहुंचा। रसिख सलाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर ईशान किशन को आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। नितीश रेड्डी ने भी अंत में तेज 29 रन जोड़े। बेंगलुरु को 17वें ओवर में विकेट मिला, जब क्रुणाल पंड्या ने हेनरिक क्लासन को आउट कर दिया। क्रुणाल ने लो-आर्म एक्शन से धीमी गेंद डाली, जिस पर क्लासन बड़ा शाट खेलने गए। हालांकि गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग आन पर खड़े वेंकटेश अ"यर ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 24 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। हालांकि इसके बाद आए नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर छक्का जड़कर खाता खोला।

फिर अगली ही गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 209 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और हेनरिक क्लासन ने सिर्फ 51 गेंदों में 100 रन की साझेदारी पूरी कर ली। रसिख सलाम डार के ओवर में 20 रन बने। ओवर की पहली ही गेंद पर ईशान किशन ने बैक आफ द हैंड स्लोअर बाल को डीप मिडविकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार दो चौके जड़ते हुए गेंदबाज पर दबाव बढ़ा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरिक क्लासन ने 2 रन लेकर इस सीजन की अपनी छठी फिफ्टी पूरी की। ईशान 35 गेंदों में 65 रन और क्लासन 23 गेंदों में 51 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2026 में अपना एक और अर्धशतक पूरा किया। 14.2 ओवर में भुवनेश्वर कुमार की फुलटॉस गेंद पर उन्होंने डीप मिडविकेट की ओर एक रन लेकर अपनी फिफ्टी पूरी की। ईशान का यह रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लगातार चौथा अर्धशतक भी रहा। 13वें ओवर में जोश हेजलवुड के इस ओवर में कुल 27 रन आए, जिसमें हेनरिक क्लासन ने तीन छक्के और एक चौका जड़ा। हेजलवुड की यार्कर और स्लोअर गेंदें दोनों ही असरदार नहीं रहीं, जबकि दो वाइड ने बेंगलुरु की मुश्किलें और बढ़ा दीं। क्लासन ने महज 14 गेंदों में 28 रन बना लिए, वहीं ईशान किशन भी 38 रन पर टिके रहे।

# गेंदबाजी में सुधार के लिए मैने अपने वीडियो देखे: मोहम्मद सिराज



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुजरात टाइटंस के तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंदबाजी में सुधार के लिए मैंने अपने वीडियो देखे और नई गेंद से अभ्यास किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंद मेरे हाथ से काफी अच्छी तरह से निकल रही है। वर्ल्ड कप के ज्यादातर मैचों से मैं बाहर ही रहा था और मुझे खेलने का मौका नहीं मिला था। इसी वजह से गेम के लिए जिस लय की जरूरत होती है, वो मेरे पास नहीं थी। मैं पहले कुछ मैचों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा था। लेकिन इसके बाद मैंने अपने वीडियोज देखे और उसके बाद से गेंद अच्छी तरह से पड़ने लगी। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान मैंने अपनी लाइन और लेंथ सुधारने के लिए नई गेंद का प्रयोग किया। इसके बाद यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की। लाल मिट्टी वाली पिच पर मैं हमेशा संजू सैमसन से ड्राइव करवाने की को. शिश करुंगा। पावरप्ले में गेंदबाजी करते हुए मेरा काम होता है कि बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर रखूं।

## खेल विशेष

### आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी का करेगा विस्तार

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पिछले साल शुरु हुई महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी विस्तार करने का फैसला किया है। आईसीसी की गुरुवार को हुई ऑनलाइन मुख्य कार्यकारी की बैठक में यह फैसला लिया गया। नवम्बर 2025 में हुए पहले एडिशन में आठ एसोसिएट टीमें शामिल थीं, लेकिन दूसरे संस्करण में 10 टीमें होंगी, जिसमें पांच टेस्ट खेलने वाले देश शामिल हैं। यह टूर्नामेंट इस साल नवम्बर में आयोजित होगा। 10 टीमों की चैंपियनशिप में श्रीलंका, बंगलादेश, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के साथ नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड, थाईलैंड, यूएई और पापुआ न्यू गिनी भी शामिल होंगे। जैसा कि इस वेबसाइट ने पहले बताया था।

### नैनीताल में शुरू हुआ 21वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट, 179 गोल्फर ले रहे हिस्सा

**नैनीताल, वार्ता।** उत्तराखंड लोक भवन की ओर से आयोजित 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुक्रवार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अप्रा) गुरमीत सिंह ने टी-ऑफ कर शुभारम्भ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतिठित टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों के कुल 179 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ा प्रतियोगिता को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गवर्नर्स कप केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि उत्तराखण्ड की खेल क्षमताओं और पर्यटन संभावनाओं को राट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रभावशाली मंच है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी का राट्र और प्रदेश के विकास के प्रति योगदान सदैव प्रेरणादाई रहेगा। टूर्नामेंट में 110 सामान्य श्रेणी, 27 जूनियर खिलाड़ी, 9 महिला खिलाड़ी, 29 वेटरन तथा 4 सुपर वेटरन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को 18-सदर्स्इय भारतीय महिला अंडर-18 टीम की घोाणा की, जो आगामी महिला अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। जापान द्वारा आयोजित यह प्रतिठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून, 2026 तक चलेगा। भारतीय टीम भोपाल में राट्रीय शिविर में कई हफ्तों की तैयारी के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही है, जहां रानी के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ ने टीम के तालमेल बनाने, मैच फटिनेस सुधारने और रणनीतिक क्रियान्वयन को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। यह टूर्नामेंट स्वीटी कुजूर की कप्तानी वाली युवा भारतीय टीम के लिए एक अवसर के रूप में काम करेगा।

## सानिया और सोमदेव फ्रेंच ओपन का गहन विश्लोण करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, फ्रेंच ओपन 2026 की पूरी कवरेज देने के लिए पूरी तरह तैयार है। 24 मई, 2026 से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में, पूरे भारत के टेनिस प्रेमियों को क्ले-कोर्ट पर होने वाले मुकाबलों का रोमांच देखने को मिलेगा। यह ग्रैंड स्लैम नेटवर्क के स्पोर्ट्स चैनलों पर लाइव दिखाया जाएगा और सोनी लिव पर इसकी लाइवस्ट्रीमिग होगी। यह कवरेज अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भााओं में उपलब्ध होगी। फ्रेंच ओपन, प्रोफेशनल टेनिस की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक माना जाता है। पेरिस की लाल क्ले (मिट्टी) पर ही टेनिस के कुछ सबसे यादगार मुकाबले खेले गए हैं। चोट के कारण कार्लोस अल्काराज के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, इस ग्रैंड स्लैम में जैनिक सिनर, इगा स्वीयाटेक, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ जैसे खिलाड़ी मुख्य आर्काण होंगे।

# पंजाब किंग्स के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया**

**लखनऊ, वार्ता।** पंजाब किंग्स को शनिवार को पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 'करो या मरो' वाली स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे आईपीएल 2026 प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया है, जो कभी खिताब जीतने वाला लग रहा था। 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ 265 रनों का पीछा करने के बाद पंजाब का सीजन एक नाटकीय मोड़ पर आ गया है। एक समय तो वे टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक लग रहे थे,

उन्होंने अपने पहले सात मैचों में से छह जीते थे और खिताब के असली दावेदार लग रहे थे। हालांकि, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली इस टीम को तब से लगातार



छह हार का सामना करना पड़ा है, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं और उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें बहुत पतली हो गई हैं। पंजाब को अब अपने आखिरी लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा और साथ ही रविवार के मैचों के नतीजों का भी अपने पक्ष में आने का इंतजार करना होगा। उन्हें उम्मीद करनी होगी कि मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स, क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से हार जाएं। अगर राजस्थान मुंबई को हरा देता है, तो पंजाब आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा, वहीं अगर केकेआर दिल्ली को हरा देता है, तो नेट रन रेट (एनआरआर) का समीकरण बीच में आ सकता है।

फिलहाल, एनआरआर के मामले में पंजाब कोलकाता से थोड़ा आगे है। लेकिन समीकरणों की चिंता करने से पहले, पंजाब को अपनी समस्याओं को ठीक करने की जरूरत है। हाल के खराब प्रदर्शन ने टीम के सभी विभागों की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उनका आक्रामक टॉप ऑर्डर-जिसमें प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली शामिल हैं-हाल के मैचों में बुरी तरह से संघा कर रहा है, जबकि सीजन की शुरुआत में टीम की सफलता में इसी टॉप ऑर्डर का अहम योगदान था। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है, और पिछले मैच में वे बिना कोई रन बनाए (डक पर) आउट हो गए थे। प्रभसिमरन भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बना पाए हैं, जबकि कॉनली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। कप्तान अय्यर-जो सीजन की शुरुआत में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे-की फॉर्म में भी हार के इस सिलसिले के दौरान गिरावट आई है, पिछली छह हार वाले मैचों में वे सिर्फ एक बार ही पचास का आंकड़ा पार कर पाए हैं। पंजाब का मिडिल ऑर्डर-जिसने दिल्ली के खिलाफ उस मशहूर जीत में अहम भूमिका निभाई थी-भी अपनी लय खो चुका है, जबकि उनका गेंदबाजी आक्रमण अहम मौकों पर रनों को रोकने में संघा करता नजर आया है। खराब फील्डिग और छूटे हुए कैचों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस बीच, लखनऊ सुपर जायंट्स अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ दो मैच जीतने के बाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पिछले मैच में उन्हें राजस्थान रॉयल्स के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जहां युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपनी शानदार पारी से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था। फिर भी, एलएसजी को एकाना स्टेडियम में अपने हालिया घरेलू प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलेगा, जहां उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने पिछले दो मैच जीते थे।

# अशिमता चालिहा की हार के साथ भारत की चुनौती समाप्त

**कुआलालंपुर, वार्ता।** कुआलालंपुर में चल रहे मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को महिला सिंगल्स के क्वार्टर-फाइनल में अशिमता चालिहा की हार के साथ समाप्त हो गई।

चालिहा को डेनमार्क की पूर्व यूरोपीय गेम्स चैंपियन लाइन कजर्सफेल्ट ने हराया। बैडमिंटन रैंकिग में 71वें स्थान पर मौजूद चालिहा ने पहला गेम जीता, लेकिन आखिरकार 61 मिनट चले इस मैच में वह 23वें स्थान पर मौजूद अपनी प्रतिद्वंद्वी से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत में मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहले गेम के ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। हालांकि, लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया, लेकिन अशिमता चालिहा ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा और अपने तीसरे गेम-पॉइंट के मौके पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। लेकिन, दूसरे गेम में मैच का रुख बदल गया। अशिमता ने एक बार फिर शानदार शुरुआत करते हुए 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए गेम के ब्रेक तक स्कोर का अंतर घटाकर सिर्फ एक अंक का कर दिया। डेनमार्क की इस शटलर ने स्कोर 13-13 से बराबर किया और लगातार चार अंक हासिल करते हुए 18-15 की बढ़त बना ली, जिसके बाद उन्होंने यह गेम भी जीत लिया। शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहने के बाद, निर्णायक गेम पूरी तरह से एकतरफा हो गया। जब स्कोर 4-4 से बराबर था, तब लाइन कजर्सफेल्ट ने लगातार चार अंक हासिल करते हुए 8-4 की बढ़त बना ली। अशिमता ने कुछ देर के लिए स्कोर का अंतर घटाकर 8-6 किया, लेकिन लाइन ने लगातार पांच अंक हासिल करते हुए अपनी बढ़त को 13-6 तक पहुंचा दिया और आसानी से यह मैच जीत लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह दूसरी भिड़ंत थी। लाइन केयर्सफेल्ट ने थाईलैंड मास्टर्स 2023 में भी अशिमता को तीन गेम में हराया था। इससे पहले, राउंड ऑफ 16 में, अशिमता चालिहा ने मलेशिया की गोह जिन वेई को सीधे गेम में हराया था।

# 84 रन बनाकर सुदर्शन ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) का दबदबा ऑरेंज कैप की सूची में पूरी तरह दिखाई दे रहा है और विकेट लेने वालों की तालिका में भी काफी हद तक जीटी के गेंदबाज छाए हुए हैं। अहमदाबाद में जीटी की चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 89 रन की बड़ी जीत के बाद आईपीएल 2026 की ऑरेंज और पर्पल कैप लीडरबोर्ड की स्थिति कुछ ऐसी है।

ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड इस मैच में शुभमन गिल सबसे पहले शीर्ा पर पहुंचे, जब उन्होंने 37 गेंदों में 64 रन की पारी खेली और इससे उनके इस सीजन में 616 रन हो गए। इस मैच के शुरू होने से पहले गिल के 552 रन थे, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन के नाम 554 रन थे। जैसे



ही गिल ने अपनी 125 रन की ओपनिग साझेदारी में साई सुदर्शन से ज्यादा रन बनाए, ऑरेंज कैप उनके पास चली गई। लेकिन पारी खत्म होते-होते गिल फिर दूसरे स्थान पर पहुंच गए और साई सुदर्शन 53 गेंदों में 84 रन बनाकर 638 रन के साथ शीर्ा स्थान पर आ गए। इस तरह जीटी के दो बल्लेबाज, शीर्ा दो स्थानों पर हैं और तीसरे नम्बर पर हैं राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के वैभव सूर्यवंशी, जिनके नाम 579 रन हैं। उनके बाद 563 रन के साथ चौथे नम्बर पर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मिचेल मार्श का नाम आता है,

जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के हेनरिक क्लासेन 555 रन के साथ शीर्ा-5 को पूरा करते हैं। शुक्रवार रात एसआरएच और आरसीबी के मुकाबले के बाद यह तस्वीर फिर बदल सकती है।

क्लासेन के पास अपने रनों की संख्या को और बढ़ाने का मौका होगा, वहीं आरसीबी के विराट कोहली (542 रन) भी आगे बढ़ सकते हैं। एसआरएच के अभिोक शर्मा 507 रन के साथ आठवें और इशान किशन 490 रन के साथ नौवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड आरसीबी के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार काफी आगे निकलते दिख रहे थे, लेकिन जीटी के कगिसो रबाडा ने सीएसके के खिलाफ 3 विकेट लेकर कुल 24 विकेटों के साथ भुवनेश्वर की बराबरी कर ली।

# गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना



**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 66वें मैच के दौरान उनकी टीम ने धीमा ओवर-रेट बनाए रखा। चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था पहला अपराध मैच 18 में हुआ था,

जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े अपराधों से संबंधित है - इसलिए गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। प्लेइंग एक्सआई के बाकी सदस्यों पर, जिसमें इम्पैक्ट प्लेयर भी शामिल है, या तो 6 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाएगा, इन दोनों में से जो भी राशि कम होगी, वही लागू होगी।

## बदलाव के दौर में टीम के प्रदर्शन पर मुझे गर्व है: गायकवाड़

**अहमदाबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रितुराज गायकवाड़ ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की शुरुआत खिलाड़ियों के चोटों और तीन हार के साथ करने के टीम ने आखिरी लीग मैच तक प्लेऑफ की उम्मीद को बनाए रखा। उन्होंने कहा कि बदलाव के इस दौर में मुझे टीम के प्रदर्शन पर गर्व है। चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल सीजन का अंत 14 मैचों में छह जीत और आठ हार के साथ किया। गुरुवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद गायकवाड़ ने कहा कि वह इस टीम पर गर्व महसूस करते हैं क्योंकि यह एक बदलाव के दौर से गुजर रही टीम है। सीजन के आखिरी हिस्से में लगी चोटें, खासकर तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन और रामकृण घो की गैरमौजूदगी टीम को उस समय पीछे ले गई, जब उन्होंने अच्छी लय पकड़ ली थी। उन्होंने कहा कि हमारी शुरुआत बेहद मुश्किल रही थी क्योंकि हमें लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था। उसके बाद जब हमें मोमेंटम मिला, तब खिलाड़ियों को सही जगह पर खिलाना, सही कॉम्बिनेशन बनाना, यह सब कुछ काम करने लगा। फिर लगातार कुछ चोटें लगीं, जिससे हमें फिर नुकसान हुआ। विशोकर जेमी और एक अन्य ऑलराउंडर रामकृण घो की कमी ने हमारी प्लेइंग 11 को अस्थिर कर दिया। आखिरी तीन मैचों में हम या तो एक बल्लेबाज कम खेल रहे थे या हमारे पास एक गेंदबाज कम था। बहुत लोग इस बात को नहीं मानते कि हम एक युवा टीम हैं और बदलाव के दौर में हैं। विशोकर इतनी कठिन प्रतियोगिता में, हमारे पास इतने अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं। लेकिन यह भी सच है कि हमारी टीम में आठ से दस खिलाड़ी ऐसे हैं, जिन्होंने 20 से भी कम मैच खेले हैं। ऐसे में इस साल उन्हें जो अनुभव मिला, वह बेहद अहम है। हमें यह समझ आया कि हमारी कमी कहां है, लेकिन फिर भी छह जीत हासिल करना और कुछ शानदार जीत दर्ज करना, इस यूनिट पर गर्व करने वाली बात है।

# बड़े खिलाड़ी लौटे, पाक ने ऑस्ट्रेलिया वनडे के लिए मजबूत टीम चुनी

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदर्स्इय टीम की शुक्रवार को घोाणा की।

शाहीन अफरीदी टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें कई बड़े नाम वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। बाबर आजम, शादाब खान, नसीम शाह, हारिस रऊफ और साथ ही सुफियान मुकीम, जो बांग्लादेश के खिलाफ वनडे में नहीं खेले थे, इस लिस्ट का हिस्सा हैं। हालांकि, मोहम्मद रिजवान, जिनका पीएसएल में प्रदर्शन खराब रहा था, उन्हें टीम से बाहर रखा गया है। टीम में तीन ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक वनडे फॉर्मेट में डेब्यू नहीं किया है: अहमद दानियाल, अराफात मिन्हास और रोहेल नजीरद्ध इन सभी ने पहले ही टी 20 मैच खेले हैं। पीसीबी के बयान के अनुसार, उस्मान खान को बीमारी के कारण चयन के लिए नहीं चुना गया, जबकि मोहम्मद गाजी घोरी और नजीर दो मुख्य विकेटकीपर होंगे। पाकिस्तान की टीम शुक्रवार को इस्लामाबाद में एक ट्रेनिग कैंप के लिए इकट्ठा होगी। फखर जमान और सईम अयूब को भी पिछली चोटों के कारण चयन के लिए नहीं चुना गया और वे पीसीबी मेडिकल पैनल की देखरेख में अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलिया 23 मई को पाकिस्तान पहुंचेगा।

# सांसद इकरा समेत 32 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षककार्यालय के बाहर मुख्य सड़क को जाम करने, सरक.ारी कार्य में बाधा डालने और धारा 144 का उल्लंघन कर भारी हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने सांसद इकरा हसन समेत 32 लोगों के खिलाफ बेहद गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मामला बुधवार का है। सिविल लाइन चौकी प्रभारी की तहरीर के मुताबिक, सांसद इकरा हसन अपने समर्थकों के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंची थीं। आरोप है कि इस दौरान समर्थकों ने कार्यालय के बाहर मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया और जमकर नारेबा.जी की। इससे कई घंटे तक यातायात बाधित रहा और आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।सदर बाजार थाने में दर्ज एफआईआर में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध कर यातायात ठप करने तथा निषेधाज्ञा का उल्लंघन कर हंगामा करने के आरोप लगाये गये है। पुलिस ने सांसद इकरा हसन समेत 7 लोगों को नामजद किया है। इसके अलावा 25 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है।

## गरीबों की आवाज उठाना गुनाह नहीं: फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** वरिष्ठ समाजवादी पार्टी नेता और नकुड विधानसभा से जुड़े 'फरहाद आलम गाडा' ने सांसद इकरा हसन के साथ हुए घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि न्याय मांगने गई सांसद इकरा हसन और पीड़ितों के साथ जो बर्ताव हुआ, वह लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ है।

फरहाद आलम गाडा ने कहा कि सांसद इकरा हसन पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए सहारनपुर डीआईजी कार्यालय पहुंची थीं। लेकिन दुख की बात ये रही कि पीड़ितों की मदद करने के बजाय उन्हीं को जेल भेज दिया गया। हांलाकि धरने पर बैठने के बाद अगले दिन उन्हें रिहा कर दिया गया।

उन्होंने सवाल उठाया कि क्या अब गरीब और पीड़ितों की आवाज उठाना भी गुनाह है? गाडा ने कहा कि आज देश और प्रदेश में जिस तरह अत्याचार और तानाशाही बढ़ रही है, उसके खिलाफ हर इंसाफ पसंद व्यक्ति को एकजुट होना होगा। हम सांसद इकरा हसन के साहस, संघर्ष और जनता के लिए लड़ने की भावना को सलाम करते हैं।

फरहाद आलम गाडा ने ऐलान किया कि मैं तन, मन, धन से सांसद इकरा हसन का समर्थन करता हूं और न्याय की इस लड़ाई में हर कदम उनके साथ खड़ा हूं।

## अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता न चलने पर शव को मोर्चरी में भिजवा दिया।

शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र के गांव चकवाली मिर्जापुर मार्ग एक लगभग पचास वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का पानी में भीगा हुआ शव मिला तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की कोई पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में भिजवा दिया है।

# डीएम से मिले बेहट विधायक उमर

### क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों के पुनर्निर्माण की मांग को सौंपा पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के बेहट विधायक उमर अली ने जिलाधिकारी से मिलकर बेहट विधानसभा की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

विधायक उमर अली खान ने जिलाधिकारी से बेहट शाकुंभरी मार्ग पर ग्राम अब्दुल्लापुर का क्षतिग्रस्त संपर्क मार्ग का पुनः निर्माण, ग्राम मिर्जापुर से हबीबपुर तपोवन संपर्क मार्ग का पुनः निर्माण तथा गंदेवड चिलकाना मार्ग पर ग्राम बरताकायस्थ से गंदेवड तक सड़क नव निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की। जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त किया। विधायक उमर अली खान ने कहा कि बेहट विधानसभा क्षेत्र में कई गांवों को संपर्क मार्ग खस्ताहाल होने के कारण काफी दिक्कतें उठानी पड रही है। आज उसके लिये ही जिलाधिकारी से मुलाकात की और संपर्क मार्गो के निर्माण के लिये पत्र सौंपा। इस दौरान राकेश प्रधान अब्दुल्लापुर, मूदा प्रधान, ताहिर प्रधान व चौधरी मुकर्रम आदि मौजूद रहे।

## अलग अलग जगह चोरी की वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** थाना क्षेत्र मे पिछले तीन दिनों मे दो चोरी की घटना को चोरो ने अंजाम दिया है।

मांगेराम निवासी भल्सवा इशापुर ने थाने मे तहरीर देते हुए बताया की वह भाई को बलियाखेड़ी स्टेशन पर ट्रेन मे बिठाने के लिए गया था। जैसे ही वह बाहर आया तो देखा उसकी बाइक वहा नहीं थी। काफी तलाशने पर नहीं मिली। पुलिस ने मामले की जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही दूसरी और मांगेराम निवासी खजुरी ने थाने मे प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की उसके खेत से चोरो ने पोपलर के पेड़ काट लिए है। पुलिस ने जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शावकों के साथ दिखी मादा तेंदुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कम्माली-कमालपुर के जंगल में तेंदुए का कुनबा दिखाई देने से किसानों और ग्रामीणों में भारी भय और दहशत का माहौल बन गया।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के किसान धर्मपाल और रामपाल के खेतों के पास एक नर और एक मादा तेंदुआ अपने दो छोटे शावकों के साथ घूमते हुए साफ नजर आए, जिन्हें अचानक इतने करीब देखकर खेतों में काम कर रहे किसानों के होश उड़ गए और वे आनन-फानन में अपना काम छोड़कर जान बचाते हुए वापस अपने घरों की ओर दौड़ पड़े।



ग्रामीणों का कहना है कि शावकों के साथ होने के कारण वन्य जीव स्वभाव से कहीं ज्यादा आक्रामक और हिंसक हो सकते हैं, जिससे क्षेत्र में किसी बड़े हमले या अनहा.ेनी की आशंका लगातार बनी हुई है और इसी डर की वजह से कई किसानों ने खेतों पर अकेले जाने से पूरी तरह तौबा कर ली है। इस गंभीर मामले की त्वरित सूचना वन विभाग के उच्चाधिकारियों को दे दी गई है, जिसके तहत ग्रामीणों ने मोहंड क्षेत्र के रेंजर लव कुमार को पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए मांग की है कि वन्य जीव परिवार को सुरक्षित तरीके से पकड़कर रेस्क्यू किया जाए और जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती, तब तक इलाके में वन विभाग की गश्त बढ़ाई जाए ताकि ग्रामीणों को इस खौफ से राहत मिल सके।

# 29 को मनेगी चौधरी साहब की पुण्यतिथि: चौ.नीरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि 29 मई को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 39 वी पुण्यतिथि शाकुंभरी विहार में सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाई जाएगी।



दिल्ली रोड आवास विकास में वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी के आवास पर बैठक करते हुए चौधरी नीरपाल ने कहा कि 29 मई भारत देश के महानायक, किसानों-गरीबों की आवाज, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह को स्मरण करने का दिन है। ग्रामीण भारत, किसान, मजदूर और सामाजिक न्याय की राजनीति को नई दिशा देने वाले श्रद्धेय चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन संघर्ष, सादगी और राष्ट्रसेवा का प्रेरणादायी उदाहरण रहा है। उनका विचार आज भी देश के करोड़ों किसानों और युवाओं को मार्ग दिखा रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, शेषमणि, मो इस्लाम, मो जावेद, मो शमशाद,गोल्डी आदि उपस्थित रहे।

# एसआई मिथलेश ने लगाई चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** आज थाना फतेहपुर की एंटी रोमियो प्रभारी उप-निरीक्षक मिथलेश राठौर ने महिला कांस्टेबल प्रीति के साथ मिलकर क्षेत्र के ग्राम भैंसराव, ग्राम बड़कला तथा आर्य नगर कॉलोनी में विशेष चौपालों का आयोजन किया।

चौपालों के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया तथा सुरक्षा के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई। मिथलेश राठौर ने उपस्थित बालिकाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे किसी भी विपरीत



परिस्थिति या मनचलों द्वारा परेशान किए जाने पर चुप न रहें, बल्कि बिना किसी डर के तत्काल पुलिस को सूचित करें, क्योंकि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा कल्पों और कानूनी अधिकारों पर चर्चा करते हुए समाज में सजगता और विश्वास का माहौल पैदा किया, जिसकी ग्रामीणों और महिलाओं द्वारा सराहना की जा रही है।

# ट्रांसपोर्ट्स ने सौंपा समस्याओं का ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन शंकर सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार पी पी सिंह ने परिवहन व्यवसाय से जुड़ी वी एल टी डी डिवाइस के विषय में आ रही समस्याओं को रखा। महासचिव ललित पोपली ने अधिकारियों को अवगत कराया कि कई दिनों से परिवहन व्यवसाय से जुड़ा ये नया नियम आने के बाद परिवहन व्यवसाय गाड़ियां खड़ी करने को मजबूर हो गया है। कहीं-कहीं



दिन से गाड़ियां खड़ी हो गई है। क्योंकि सरकार द्वारा अधिकृत वेंडर के पास वी एल टी डी डिवाइस उपलब्ध नहीं है। संगठन मंत्री रजनीश चंदा व संयोजक मुकेश दत्ता ने कहा कि जनपद प्रथम जनपद है और उत्तराखंड से कनेक्ट है, उत्तराखंड के अंदर अट्स सेंटर संचालित है जो सहारनपुर परिवहन कार्यालय के द्वारा फिटनेस नहीं कराए जाते या नहीं हो पा रहे हैं वह उत्तराखंड के अट्स सेंटर में अपने फिटनेस कर लेते हैं। सचिव रॉबिन मोंगा ने कहा परिवहन व्यवसाय पहले ही आर्थिक मंदी, बढ़ते डीजल और ड्राइवर की कमियों से जूझ रहा है। इस पर इस तरह की समस्याएं व्यवसाय को बहुत नुकसान पहुंचती हैं। सहारनपुर गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सरकार से यह मांग की कि परिवहन व्यवसाय इन नियमों को सरल बनाएं और इन कमियों को दूर करें।

प्रतिनिधि मंडल में सरदार जोगिंदर सिंह, पंकज हरजाई, हेमंत पोपली, सतविंदर सिंह दुआ, सतीश पोपली, हेमंत पोपली राजेंद्र संयम कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर में आग

**गंगोह।** ककराली सरोवर रामबाग रोड स्थित एक बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से आसपास के हड़कंप मच गया। आग लगने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर की लीड पिघलने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग लगते ही ट्रांसफार्मर से धुआं और चिंगारियां निकलने लगीं, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत विभाग को सूचना दी और एहतियात के तौर पर बिजली सप्लाई बंद करा दी।

## युवाओं को मिलेगा मौका: दानिश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरो।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव एवं युवा कांग्रेस नेता दानिश खान उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय से मिलकर जिले की राजनीति को लेकर मिले।

पत्रकार वार्ता मे दानिश खान ने कहा उत्तर प्रदेश कांग्रेस मे जल्द ही कांग्रेस की वापसी होगी और जनता ने मान लिया है भारतीय जनता पार्टी के बाद सिर्फ एक ही पार्टी उत्तर प्रदेश मे ऐसी है जो भारतीय जनता पार्टी को हरा सकती है वो है कांग्रेस दानिश खान ने कहा जल्द ही पार्टी मे नये बदलाव होंगे नये युवाओ को मौका मिलेगा।

# चौराहों पर भीषण धूप से लोगों को बचाएगी ग्रीन नेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर भीषण गरमी से लोगों को राहत के लिए नगर निगम ने एक और नयी व प्रभावी पहल की है।

शहर के अनेक प्रमुख चौराहों पर ग्रीन नेट लगायी गयी है, जिससे चिलचिलाती तेज धूप से लोगों को बचाया जा सके। इसके अलावा इन चौराहों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम भी लगाया जा रहा है। जिससे तापमान में न केवल कमी आयेगी बल्कि पानी की हल्की फुहार लोगों को सुखद और शीतलता का अहसास भी करायेगी। लोगों को शीतल जल



उपलब्ध कराने के लिए शहर में 15 नये स्थानों पर कूलर भी लगवाए गए हैं। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम लोगों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने के लिए लगातार ठोस काम कर रहा है। भीषण गरमी को देखते हुए निगम ने एक ऐसी प्रभावी पहल की है जिससे लोगों को निश्चय ही राहत मिलेगी।महापौर ने बताया कि उक्त चौराहों पर ग्रीन नेट के साथ ही मिस्ट स्प्रे सिस्टम भी लगवाये जा रहे हैं। मिस्ट स्प्रे से पानी की हल्की फुहार गरमी में लोगों को राहत देने का काम करेगी। इसके अलावा शहर में 15 स्थानों पर और नये कूलर लगवाये गये है ताकि लोगों को भीषण गरमी में शीतल जल उपलब्ध हो सके। जबकि 38 कूलरों के माध्यम से पहले ही लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा है। महाप्र.बंधक जल पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि कलक्ट्रेट, दीवानी कचहरी, हसनपुर चौराहा, घंटाघर व हॉस्पिटल चौराहे पर ग्रीन नेट व मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगवाये जा रहे हैं। अनेक चौराहों पर लगा दिए गए है बाकि चौराहों पर ग्रीन नेट लगाने का कार्य दो दिन में पूरा कर दिया जायेगा।

## भीषण गर्मी में शीतल जल पिलाया



**सहारनपुर।**भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच दिल्ली रोड पर राहग.ीरों को मीठा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत पहुंचाने का नेक कार्य किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि इस तरह की सामाजिक और इंसानियत भरी पहल से लोगों को गर्मी में काफी राहत मिलती है। वरिष्ठ बसपा नेता इंजीनियर सलीम यामीन ने कहा कि इस उमश भरी गर्मी में लोगों को ज्यादा से ज्यादा पानी वितरित किया जाना चाहिए। इस मौके पर अब्दुल माजीद, अनस मलिक, नदीम मलिक, रईस मलिक चेयरमैन, इंजीनियर तस्लीम मलिक एवं विजय भैया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बच्चों संग एसएसपी से मिली पीड़िता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पीडित महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर सरकारी अस्पताल में तैनात कर्मचारी पर गंभीर आरोप लगाये है।

थाना मंडी की इंद्रा चौक निवासी श्रीमती गुलजहां पत्नी धमेंद्र पाल सिंह ने पुलिस लाईन पहुंचकर एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया और बताया कि वह वर्ष 2009 में पोलियो कार्यक्रम में नौकरी करती थी उस समय पोलियो अभियान का सुपरवाइजर धमेंद्र पाल सिंह पुत्र गजेंद्र सिंह पाल निवासी ओल्ड हॉस्पिटल था। नौकरी के दौरान धमेंद्र सिंह से उसकी दोस्ती हो गई और वह बतौर पत्नी उसे अपने साथ रखने लगा। धमेंद्र से उसे दो बच्चे भी हुए, लेकिन धमेंद्र सिंह ने उससे



संपर्क करना बंद कर दिया। 21 मई को वह अपने बच्चों के साथ सीएमओ आफिस गई जहां धमेंद्र ने उसके साथ मारपीट की। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई तो धमेंद्र वहां से भाग निकला। महिला ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## बच्चों ने की खूब मौज मस्ती

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में इस बार गर्मियों की छुट्टियों से पहले नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए विशेष पूल पार्टी उत्साह और उल्लास से भरपूर रही। बच्चों ने पानी में जमकर धमाल मचाया।

विद्यालय में विशेष रूप से तैयार पूल एरिया में नायलॉन कॉस्ट्यूम पहनकर पानी में उतरे बच्चों का आनन्द देखने लायक था। एक-दूसरे पर पानी की बौछार मारते बच्चों की चंचल मुस्कान ने पार्टी को यादगार बना दिया। प्रधानाचार्या शालू चौधरी ने कहा कि ऐसी रचनात्मक गति.विधियाँ से बच्चों का सर्वागीण व सामाजिक विकास के साथ आत्मबल बढता है। नीरज, पूजा, रूबी, जानवी, सदफ, सुनीता, शिवानी, ट्विंकल मौजूद रहे।

# ग्लोकल में स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** भीषण गर्मी से राहत दिलाने और नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक खुशनुमा माहौल तैयार करने के शुक्रवार को मिर्जापुर स्थित ग्लोकल स्कूल के प्रांगण में नर्सरी, एल.के.जी. और यू.के.जी. के छात्रों के लिए एक भव्य स्प्लैश पूल पार्टी का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिसर को वाटर पूल और रंग-बिरंगे गुब्बारों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पार्टी की शुरुआत उत्साहित करने वाले संगीत और डीजे की धुनों के साथ हुई, जिस पर बच्चे जमकर थिरके। वाटरप्रूफ रंगों और पानी की फुहारों के बीच बच्चों ने खूब मस्ती की। इस दौरान शिक्षकों की



विशेष देखरेख में कई तरह के मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उपदेश कुमार ने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों के शारीरिक विकास और उनकी मानसिक प्रसन्नता के लिए बेहद आवश्यक हैं। छोटे बच्चों के लिए खेल-खेल में सीखने का यह एक बेहतरीन माध्यम है।

पार्टी के दौरान बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया और प्रशिक्षित शिक्षकों व कर्मचारियों को तैनात किया गया था। जल-क्रीड़ा के बाद बच्चों को पौष्टिक जलपान और ताजे फल भी दिए गए। इस अनूठे आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

कार्यक्रम में रजनीश कुमार, अतिया रहमानी, अलका रोहिला और उमरा सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# सम्पादकीय

## चर्चाओं में अभिजीत

एक्स पर बैन के बावजूद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके चुप होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पेज बनाने के सात दिन बाद वह पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए हैं। इस पॉजिशन में उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। इस पिटीशन में लोगों से विशेषकर युवाओं से साइन करने के लिए कह रहे हैं। ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सकें। ऐसा कम ही होता है कि कोई व्यक्ति कुछ ही दिनों में जीरो से हीरो बनने की तरफ अपना सफर तय करे। जिस तरह अभिजीत दीपके के इस आइडिया पर फॉलोवर्स जुड़े हैं वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। इतने फॉलोवर्स तो भाजपा व कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित पार्टियों के पास भी नहीं हैं। फॉलोवर्स का यह आंकड़ा मात्र छह दिन में ही दो करोड़ के पास पहुंच गया है और यह सिलसिला बराबर जारी है। यहीं इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। अभिजीत दीपके के माता-पिता अपने पुत्र की लोकप्रियता से सहमे भी दिखाई दे रहे हैं और अपने बयान में अपने पुत्र को यह नसीहत देते दिखाई दे रहे हैं कि उनको राजनीति से दूर ही रहना चाहिए। उनके माता-पिता को डर है कि कहीं उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ जाए। अभिजीत दीपके के पिता भगवान ने एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे। उसकी प्रसिद्धि से हमारी रातों की नींद उड़ी हुई है। भगवान ने साफ कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है, अपने इंटरव्यू में वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि चाहे उनके पुत्र के कितने भी फॉलोवर्स क्यों न हों। अभिजीत ने खुद भी भारत लौटने पर गिरफ्तार होने का डर जाहिर किया है। उनकी माता के भी ऐसे ही विचार हैं वह नहीं चाहती कि उनका पुत्र राजनीति में आए और किसी पचड़े में पड़े। माता के अनुसार उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और वह चाहती हैं कि उनका पुत्र कोई नौकरी कर ले। अब सवाल यह है कि अभिजीत के माता-पिता के डर को किस रूप में लिया जाए। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में डरने की वजह क्या हो सकती है। लोकतांत्रिक देश का मतलब ही यह होता है कि जहां लोग खुलकर अपनी राय रख सकें, चाहे कोई इससे सहमत हो या असहमत। अभिव्यक्ति पहली प्राथमिकता होती है, लेकिन उसके माता-पिता का डर बता रहा है कि भले ही चाहे हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन खुलकर अपनी आवाज को उठाना अभी भी इतना आसान नहीं है। विशेषकर सरकार को लेकर। इस तरह का वातावरण नहीं होना चाहिए और इस पर सरकार को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उसके क्रियाकलापों से देश के भीतर किस तरह का संदेश जा रहा है।

## काला सोना या देश का हरा भविष्य?





**प्रो. आर.के. जैन**

ऊर्जा और विकास की जटिल धारा में बहता सिंगरौली आज फिर सुर्खियों के शिखर पर है। यह वही क्षेत्र है जहां कोयले की परतों के नीचे आर्थिक आकांक्षाएं और पर्यावरणीय प्रश्न साथ-साथ सांस लेते हैं। 21 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अजय दुबे की याचिका विलंब के आधार पर खारिज की, जिसमें अडानी समूह की महान एनर्जन लिमिटेड (धीरौली कोल ब्लॉक) की वन/पर्यावरण मंजूरी को चुनौती दी गई थी। यह आदेश केवल न्यायिक प्रक्रिया की औपचारिकता नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार और नीति-स्थिरता को नई दिशा देने वाला संकेत भी है। कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध यह इलाका अब एक बार फिर राष्ट्रीय ऊर्जा विमर्श के केंद्र में मजबूती से उभर आया है, जहां भविष्य की राह अब अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगी है।

कानूनी अनिश्चितता की परत हटते ही परियोजना के लिए स्थिरता का नया आधार तैयार हो गया है, जो बड़े निवेश और खनन गतिविधियों को गति देता है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय व्यवस्था का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि देरी से दाखिल याचिकाएं विकास की प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकतीं। इसी संदर्भ में सिंगरौली की यह परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा ढांचे में एक मजबूत कड़ी बनती दिखाई दे रही है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच यह निर्णय वर्तमान मांगों को संभालते हुए भविष्य की दिशा भी निर्धारित करता है। यह फैसला न्याय और विकास के बीच संतुलन का सशक्त उदाहरण है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। धीरौली कोल ब्लॉक की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (6.5 एमटीपीए) निर्धारित है, जिसमें मुख्य रूप से ओपन-कास्ट खनन शामिल है। इस कोयला उत्पादन से अडानी पावर की बिजली उत्पादन श्रंखला मजबूत होने की उम्मीद है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए यह परियोजना बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने, उत्पादन लागत को नियंत्रित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है। आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

इस परियोजना से मध्य प्रदेश में आर्थिक संभावनाओं का विस्तार होने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों में बेरोजगारी दर कम करने में मदद मिलेगी। छोटे-मध्यम उद्योगों, ट्रांसपोर्ट, होटल, दुकानों और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार को रॉयल्टी, टैक्स और अन्य मदों से पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलेगी। विकास की दौड़ जितनी तेज हो रही है, पर्यावरणीय चेतावनी उतनी ही स्पष्ट और गंभीर स्वर में सामने खड़ी है। सिंगरौली की धरती पहले से ही कोयला खनन के दबाव तले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती रही है। वन भूमि का घटता दायरा, वृक्षों की कटाई और जैव विविधता पर बढ़ता संकट अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आधुनिक तकनीकों जैसे धूल नियंत्रण प्रणाली, जल पुनर्चक्रण और उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो पर्यावरणीय क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही अनिवार्य वनरोपण, मिट्टी संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। किसी भी बड़े विकास की असली कसौटी उसकी सामाजिक स्वीकार्यता और स्थानीय भागीदारी होती है। यह परियोजना भी केवल आर्थिक या तकनीकी सफलता पर नहीं, बल्कि समुदायों के समावेशन पर निर्भर करेगी। प्रभावित क्षेत्रों के हजारों परिवारों के लिए पुनर्वास और उचित मुआवजा जरूरी है। वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनकी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। कौशल विकास के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें प्राथमिकता देना भी आवश्यक है।

जब समुदाय विकास का हिस्सा बनेगा, तभी यह परियोजना वास्तव में टिकाऊ और स्वीकार्य होगी। न्यायिक निर्णयों की दिशा में यह फैसला एक स्पष्ट संदेश छोड़ता है कि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी विकास की गति को रोक नहीं सकती। याचिका को विलंब के आधार पर खारिज करना इस बात का संकेत है कि बड़े प्रोजेक्ट लंबे कानूनी ठहराव में नहीं फंसाए जा सकते। यह निर्णय आने वाली परियोजनाओं के लिए एक मजबूत मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। साथ ही यह भी अपेक्षित है कि विकास कार्य पर्यावरणीय मानकों और सामाजिक दायित्वों का सख्ती से पालन करें। कानून का वास्तविक उद्देश्य अनुमति के साथ-साथ संतुलन स्थापित करना भी है। सतत विकास आज विकास की दिशा तय करने वाला सबसे निर्णायक सिद्धांत बन चुका है।

## श्रीमुख से...

### मेहनतकशों का जीवन अति कष्टदायी बना



सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए, बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बन गया है, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों को लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है, सरकार बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे, साथ ही, नए बिजलीघर के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**

**Dainikshahtimes@gmail.com**

## खरीफ सीजन से पहले उर्वरक संकट बढ़ा



खरीफ सीजन के नजदीक आते ही देशभर में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। कई राज्यों के किसान धान, मक्का, कपास और गन्ने जैसी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की समय पर आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। भारत में कृषि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है, इसलिए उर्वरकों की कमी सीधे फसल उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करती है। भारत दुनिया में उर्वरकों का सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में से एक है। देश में यूरिया का उत्पादन बड़े स्तर पर होता है, लेकिन मांग को पूरा करने के लिए अब भी काफी मात्रा में आयात करना पड़ता है। वहीं पोटाश की बात करें तो भारत लगभग 90 प्रतिशत पोटाश विदेशों से आयात करता है। यह अधिक आयात निर्भरता भारतीय कृषि को वैश्विक कीमतों, आपूर्ति संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर बना देती है। पिछले कुछ वर्षों में ईंधन और परिवहन लागत बढ़ने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। सरकार किसानों को 45 किलो यूरिया की बोरी लगभग ६270 की सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराती है, लेकिन कमी के समय कई किसानों को यही बोरी काले बाजार में ६400 से ६700 तक में खरीदनी पड़ती है।

इसका सबसे अधिक असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी कई बार उर्वरकों में आयात निर्भरता कम करने और नैनो यूरिया, जैविक खाद तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने की बात कर चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत उर्वरकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाए और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाए, तो यह कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। यदि हम अभी से सही कदम उठाते हैं, तो इसका लाभ केवल खरीफ ही नहीं बल्कि रबी सीजन की फसलों को भी मिलेगा। इससे किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध होंगे, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और भारतीय कृषि अधिक आत्मनिर्भर बन सकेगी।

**-साक्षी रोहिल्ला,**
**अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर**

## क्या है भारत में विद्या व विद्यार्थियों का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारा देश से की जा रही श्मन की बातश के 131वें एपिसोड में गत 22 फरवरी 2026 को छात्रों से श्परीक्षा पे चर्चाश की थी। अपने इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए गए श्उपदेशोंश में कहा कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। शिक्षा जीवन को संवारने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा केवल आत्म-मूल्यांकन का जरिया है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को किसी बड़े बोझ या हौवे के रूप में देखने के बजाय इसे एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की थी। पढ़ाई, आराम, शारीरिक खेलकूद और अपने शौक के बीच एक सही संतुलन बनाने को जरूरी बताया था। मोदी ने छात्रों को सलाह दी थी कि कुछ छात्र रात में पढ़ना पसंद करते हैं तो कुछ सुबह जल्दी, अपनी इसी मूल शैली पर विश्वास रखें। उन्होंने छात्रों को यह सलाह भी दी कि वे अपने मन की चिंताओं को अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलकर साझा करें, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। अभिभावकों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा था कि माता-पिता को बच्चों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध विशिष्ट करियर चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। हर बच्चा अपने आप में अनूठा होता है। इसी तरह उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी कि उन्हें छात्रों की सीखने की गति को समझना चाहिए और उनके लिए ऐसे लक्ष्य तय करने चाहिए जो पहुंच में हों लेकिन जिन्हें प्राप्त करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़े। प्रधानमंत्री के उपरोक्त कथन में यह बात पूरी तरह विरोधाभासी है कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। क्योंकि आज के दौर में एडमिशन, वरीयता सूची,श्रेणी निर्धारण आदि हर जगह अंक प्रतिशत की ही होड़ लगी हुई है। परन्तु पीएम ने इन्हीं छात्रों को कभी यह नहीं बताया कि यदि आपकी जी तोड़ मेहनतों के बाद परीक्षा के पर्चे लीक हो जाएं व परीक्षा ही स्थगित कर दी जाए तो आखिर छात्रों को ऐसे सदमे से कैसे उबरना चाहिए।

**-निर्मल रानी**

## गन्ना अधिनियम 2026 पर टिप्पणी एवं सुझाव



**सुबोध कुमार राजपुर**

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना अधिनियम 2026 का उद्देश्य चीनी उद्योग, एथेनॉल उत्पादन तथा किसानों के भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाना है। यह अधिनियम पुराने कानूनों में सुधार कर नई तकनीक और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्था बनाने का प्रयास है हालांकि इस अधिनियम में शुगर रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण का प्रावधान किसानों के हित में पूर्ण रूप से उचित नहीं माना जा सकता।

वर्तमान समय में गन्ना केवल चीनी उत्पादन का स्रोत नहीं रह गया है बल्कि इससे एथेनॉल, बिजली उत्पादन, पेपर उद्योग के लिए अवशेष, बायो फ्यूल तथा अन्य कई बायो प्रोडक्ट भी तैयार किए जाते हैं।

यदि किसी गन्ने में शुगर रिकवरी कम होती है तो उसमें अवशेष एवं अन्य पदार्थ अधिक मात्रा में प्राप्त होते हैं। जिनका औद्योगिक उपयोग और आर्थिक मूल्य भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए केवल शुगर रिकवरी के आधार पर किसानों को मूल्य देना उचित नहीं है। यदि रिकवरी आधारित कानून लागू करना आवश्यक हो तो गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों और उनके आर्थिक मूल्य को भी गणना में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त गन्ने में चीनी की रिकवरी बढ़ाने में पोटाश एवं मैग्नीशियम की सीधी और महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह भी समझना आवश्यक है कि लगभग 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन लेने पर फसल मिट्टी से लगभग 250 किलोग्राम पोटाश ग्रहण करती है।

यदि इस 250 किलोग्राम पोटाश की कीमत बाजार में उपलब्ध मोप के आधार पर गणना की जाए तो इसकी लागत लगभग 8750 रुपये या उससे अधिक बैठती है अर्थात किसानों की भूमि में मौजूद पोषक तत्वों का उपयोग चीनी मिल मालिकों एवं उद्योगों द्वारा वर्षों से किया जाता रहा है लेकिन किसानों को उसका वास्तविक मूल्य कभी नहीं दिया गया। जब मिट्टी में पुन: पोषक तत्व डालने और उर्वरकों पर खर्च करने की बारी आती है तब रिकवरी आधारित भुगतान की बात की जाती है।



यह व्यवस्था किसानों के साथ न्यायसंगत नही कही जा सकती। बायो प्रोडक्ट उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। नई तकनीकों और उपयोगों के कारण गन्ने का औद्योगिक महत्व हर वर्ष बढ़ रहा है। इसलिए यह कानून स्थाई रूप से न बनाकर प्रत्एक 10 वर्ष बाद पुन: समीक्षा और संशोधन के साथ लागू किया जाना चाहिए। रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण किसानों के शोषण का कारण बन सकता है। वर्तमान व्यवस्था में कई मामलों में यह निर्णय उद्योगों और बाजार की आवश्यकता के अनुसार चलता है। यदि रिकवरी वास्तव में उद्योग के लिए हानिकारक होती तो देश में चीनी मिलों की संख्या लगातार ना बढ़ती और नई मिलें स्थापित करने की योजनाएं न बनती। अत: गन्ना अधिनियम 2026 बनाते समय किसानों के हितों की रक्षा, गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों का आर्थिक मूल्यांकन, मिट्टी की उर्वरता की वास्तविक लागत तथा उद्योग और किसानों के बीच संतुलित व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले हथियारों पर लगाई रोक

■ ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण के चलते वाशिंगटन का अहम फैसला

**वाशिंगटन।** ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले 14 अरब डॉलर के हथियारों के सौदे पर फिलहाल रोक लगा दी है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के अनुसार, अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने सीनेट की सुनवाई के दौरान इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि ईरान युद्ध के लिए अमेरिका के पास पर्याप्त गोला-बारूद सुरक्षित रहे। काओ ने स्पष्ट किया कि जैसे ही प्रशासन को सही लगेगा, विदेशी सैन्य बिक्री की इस प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। कार्यवाहक सचिव ने हालांकि, यह भी माना कि इस संबंध में उन्होंने अभी तक ताइवान के अधिकारियों से कोई बातचीत नहीं की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ ही दिनों पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। इस बैठक के बाद ट्रम्प ने ताइवान को हथियारों की बिक्री पर कोई ठोस प्रतिबद्धता नहीं दिखाई थी। महीनों से राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे इस भारी-भरकम सुरक्षा पैकेज में लॉकहीड मार्टिन के पीएसी-3 एयर डिफेंस मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली आधुनिक मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं। दूसरी ओर, इस बड़े फैसले से ताइवान पूरी तरह अनजान नजर आ रहा है।

## भारत-साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया

### दोनों देशों में सहमति बनी है, साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा: प्रधानमंत्री

■ दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है: पीएम
■ भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि साइप्रस भारत और समूचे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण 'निवेश द्वार' के रूप में उभर रहा है और इसे देखते हुए हमने अपने संबंधों को साम. रिक साझेदारी में बदलकर संबंधों को सहयोग से सह-निर्माण तक,और साझेदारी से साझा समृद्धि तक ले जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में सहमति बनी है कि साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की जरूरत पर भी बल दिया है। साथ ही भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं। दोनों पक्षों ने हिन्द प्रशांत महासागर और भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए भी साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। मोदी ने भारत की तीन दिन की यात्रा पर आए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, साइप्रस से भारत में निवेश बढ़कर लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ने और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से तमाम नई संभावनाएं बनी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका लाभ उठाते हुए कि हम अगले पांच वर्षों में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। और इस संकल्प को साकार करने के लिए, आज हम अपने विश्वसनीय संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और साइप्रस के बीच यह साझेदारी दोनों देशों के वित्तीय और सेवाओं को जोड़कर, वाणिज्य के लिए पूंजी लाएगी। यह साइप्रस के अवसंरचना, ऊर्जा, और कृषि क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसर प्रदान करेगी। इससे भारत के तेजी से बढ़ रहे नौवहन और समुद्री क्षेत्रों में नया निवेश भी आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम साइप्रस के साथ मिलकर, गिफ्ट सिटी को एक ग्लोबल फाइनैन्शल और सर्विसे हब बनाने के विघ्न को गति देंगे। और दोनों देशों के इनोवेशन और स्टार्ट-अप एकोसिस्टम के बीच कनेक्ट बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच मिलिटरी एक्सचेंज और ट्रैनिंग सहयोग बढ़े है। आज हमने साइबर सिक्युरिटी, मैरीटाइम सिक्युरिटी और काउन्टर- टेररिम सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया।

## शेख हसीना कानूनी प्रक्रिया से वापस लौटें: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहती है। यह टिप्पणी हसीना की हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने मृत्युदंड का सामना करने के बावजूद बहुत जल्द घर लौटने की उम्मीद जताई थी। हसीना अगस्त 2024 से भारत में रह रही हैं, जब छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद उनकी अवामी लीग सरकार को गिरा दिया गया था। अहमद ने पत्रकारों से कहा, हम उन्हें कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें हसीना की वापसी में कोई कानूनी बाधा नहीं दिखती, यदि वह ऐसा करना चाहें। हसीना को नवम्बर 2025 में एक न्यायाधिकरण द्वारा अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था, जिसकी उनके समर्थकों ने आलोचना की थी। गृह मंत्री अहमद की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना मामलों के सलाहकार जाहेदुर रहमान के बयान के एक दिन बाद आई है। जाहेदुर रहमान ने कहा था कि यदि हसीना बांग्लादेश लौटती हैं तो उनके खिलाफ कोई अतिरिक्त-न्यायिक उपाय नहीं किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री को न्यायपालिका के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान

### ओमान के साथ पेमेंट सिस्टम पर बातचीत जारी, होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है: पीजीएसए



■ दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है
■ ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है

**तेहरान।** ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथारिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमे. रिकी और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की।

दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस माडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की को. शिश कर सकता है। अमेरिका की धमकियों के बीच ईरान ने दावा किया कि उसके पास कई आधुनिक और अनटेस्टेड हथियार मौजूद हैं। ईरानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि अगली बार हमला हुआ, तो जवाब बिना किसी संयम के दिया जाएगा। ईरान युद्ध और सप्लाई संकट की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड 105 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव और अमेरिकी तेल भंडार में गिरावट से बाजार में चिंता बढ़ी है। ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने जर्मन राष्ट्रपति फैंक-वाल्टर स्टाइनमायर को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। बघाई ने कहा कि फरवरी के अंत में ईरान पर हुआ अमेरिका-इजरायल हमला और उसके बाद का युद्ध संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुला उल्लंघन है। उनके मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश को मनमाने तरीके से दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर बल प्रयोग का अधिकार नहीं देता। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर में 'आवश्यक युद्ध' जैसी किसी अवधारणा को मान्यता नहीं दी गई है और अमेरिका अपने 'मनमाने और आक्रामक फैसलों' के आधार पर किसी अन्य देश पर हमला करने का अधिकार नहीं ले सकता। ईरानी प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमले को केवल 'अनावश्यक युद्ध' कहकर कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन और 'संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई' बताया। बघाई ने कहा कि जो देश कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं, उन्हें इस हमले की स्पष्ट निंदा करनी चाहिए और जवाबदेही तय करने की मांग करनी चाहिए। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में 35 जहाज, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर पोत शामिल हैं, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। आईआरजीसी ने कहा कि यह आवाजाही उसकी अनुमति और समन्वय से हुई।

## होर्मुज में शुल्क लगाने की व्यवस्था को स्वीकार न करे विश्व समुदाय: अमेरिका

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष रोकने के लिए ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों के रुख नारा. जगी जताई। रुबियो ने स्वीडन में नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, वार्ता में मामूली प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों के रुख को लेकर निराश हैं। हेलसिंगबर्ग में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान रुबियो ने कुछ मामूली प्रगति हुई है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। थोड़ी हलचल जरूर हुई है और यह अच्छी बात है। अमेरिका की मुख्य रणनीतिक मांगों पर रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन का रुख अब भी साफ है। अमेरिका चाहता है कि तेहरान अपनी परमाणु महत्वकांक्षाएं रोके और बिना बाधा के समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहे।



वाराणसी। बकरीद (ईद-उल-अज़हा) के त्योहार से पहले पशु बाजार में बकरा खरीदने के बाद उसको गोद में उठाकर ले जाता एक बच्चा।

## हमजा बुरहान की हत्या का आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

■ दो संदिग्ध फरार पुलवामा हमले में शामिल था बुरहान, इस्लामाबाद में दफनाया गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया। भारत ने 2022 में उसे यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी माना जाता था। उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संबंध थे। सरकार के मुताबिक, अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डाक्टर पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। 23 साल का हमजा, आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा हुआ था। अल बद्र को सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। वह कानूनी तरीके से पाकिस्तान गया था। वहां जाकर वह अल बद्र में शामिल हो गया और बाद में संगठन का सक्रिय आतंकी और कमांडर बन गया।

## ईरान कर सकता है अचानक इजरायल पर हमला

■ अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत के बीच खौफ में नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल को अंदेशा है कि ईरान उस पर और खाड़ी देशों पर अचानक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर सकता है। यह डर ऐसे समय में जताया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है।

'जेरूसलम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया अधिका. रियों ने इस संभावित खतरे की जानकारी दी है। इस खतरे को देखते हुए इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज और वरिष्ठ सैन्य अधिका. रियों ने सुरक्षा हालात की समीक्षा की है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि ईरान कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह नाकाम होने से पहले ही हमला करने की कोशिश कर सकता है। अधिकारियों ने इस संभावित हमले की तुलना 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' के शुरुआती चरणों से की है। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कुछ मतभेदों की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद, दोनों देशों की सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इजरायली वायुसेना और आईडीएफ के अधिकारी अमेरिकी सैन्य अधिका. रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वे ईरान की संदिग्ध सैन्य गति. विधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल जमीर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि हमले की स्थिति में मिलकर जवाब दिया जा सके। पिछले एक महीने में अमेरिका से इजरायल आने वाले सैन्य सामान की सप्लाई में काफी तेजी आई है। दोनों देशों ने मिलकर मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम, तकनीक और साफ्टवेयर को और भी बेहतर बनाया है। श्वल्लाश की एक रिपोर्ट के अनुसार, खतरों की पहचान करने और उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समीक्षा की गई है।

## होंडुरास में छह पुलिसकर्मियों समेत 25 लोगों की हत्या

**टूजिलो नगर।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां हथियारबंद बदमाशों ने दो अलग-अलग जगहों पर अंधाधुंध गोलीबारी की है। इस भयानक हमले में कम से कम 25 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मरने वालों में पुलिस के छह जवान भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यह खूनी खेल गुरुवार को होंडुरास के तटीय इलाकों में खेला गया। अधिकारियों के मुताबिक, पहला हमला उत्तरी होंडुरास के टूजिलो नगर पालिका क्षेत्र के एक बागान में हुआ। यहां काम कर रहे कम से कम 19 मजदूरों को गोलियों से भून दिया गया। इसके बाद दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ इलाके में हुआ, जहां बदमाशों ने पुलिस टीम पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में एक वरिष्ठ अधिकारी समेत छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई। टूजिलो का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यहां दशकों से जमीन और खेती को लेकर खूनी संघर्ष चलता आ रहा है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108



RADHA KRISHNA SR. SEC. PUBLIC SCHOOL, AMROHA
Affiliated to CBSE Delhi | Affiliation No. : 2130347
HIGHLIGHTS OF CBSE RESULT CLASS X & XII (2025-26)
Our Achievers
CLASS X
Raghav Rajput 98%
Arpit Mathur 97%
Hasnain Ali 94%
Priyanshi Chaudhary 93%
Lakshaya Kaushik 92%
Ramansh Tyagi 91%
Ahil Ali 91%
Ishmita Singh 90%
Prashant Kumar 90%
CLASS XII
Kanika Saini 96% Commerce
Daksh Kumar 96% Science
Mayank Chaudhary 93% Science
Jatin rana 93% Science
Shraiyanshi Trivedi 92% Science
Siiya Gera 92% Commerce
Tushar Sirohi 92% Science
Anishant 92% Science
Kartik Chauhan 92% Science
Shivi Agarwal 91% Commerce
Amrita 91% Humanities
CLASS XII ACHIEVERS
Student's Scored 90+ in English
Shreyanshi (99), Dhairya Agarwal (96)
Dhairya Chaudhary (96), Jatin Rana (95)
Kanika Saini (95), Mayank Chaudhary (94)
Siya Gera (94), Zaib Noor (94), Aryan Kumar (92)
Emira Hashmi (92), Fareha (92), Kartik Chauhan (92)
Anushka Verma (92), Amrita (92), Sabiha (91), Tushar (91)
Anshika Yadav (90), Parth Saxena (90), Daksh Kumar (90)
Student's Scored 90+ in Maths
Anishant (92), Kartik Chauhan (91)
Student's Scored 90+ in Accountancy
Kanika Saini (96), Shivi Agarwal (95)
Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in B. Studies
Kanika Saini (96), Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in IP
Jatin Rana (99), Kanika Saini (94)
Vedant Gupta (94)
Aryan Kumar (91)
Student's Scored 90+ in Chemistry
Jatin Rana (97), Kartik Chauhan (95)
Mayank Choudhary (95),
Tushar Sirohi (95), Daksh Kumar (93)
Student's Scored 90+ in Biology
Daksh Kumar (99),
Address : Kailsa Road Amroha - 244221 (U.P.) Call : 09837097452, 09837127111
E-Mail : rkpschool@gmail.com https://www.facebook.com/RkpsSchoolAmroha www.rkpschool.com